★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष :37, ★ अंक: 86 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, शनिवार, 22 अगस्त 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com




जेएसएससी-सीजीएल और सीडीपीओ परीक्षा रद्द करने पर रोक

# बिहार में बाढ़ को रोकने के लिए जल प्रबंधन पर फोकस : सम्राट

## मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से की मुलाकात



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान नेपाल के पानी, बिहार के बजट और पर्यटन विकास सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में भारत-नेपाल जल एवं बांध परियोजनाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बिहार के डिप्टी सीएम विजय चौधरी और जनता दल यूनाइटेड के राज्यसभा सांसद संजय झा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार शाम पटना से दिल्ली पहुंचे थे। शुक्रवार सुबह उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय मंत्रियों निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर के साथ अहम बैठक की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास, राज्य की समृद्धि और जनहित से जुड़े विषयों को केंद्र के सामने मजबूती से रखा गया है। उन्होंने बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार समन्वय के साथ आगे बढ़ने की दिशा में काम कर रही हैं। बिहार सरकार नेपाल से आने वाली नदियों की बाढ़ को रोकने के लिए जल प्रबंधन और किसानों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने वाली परियोजनाओं पर फोकस कर रही है। केंद्र सरकार ने हाल ही में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई परियोजना के तहत कोसी-मेची इंट्रा स्टेट लिंक परियोजना के लिए केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बीते बुधवार को सुपौल जिले के छातापुर ब्लॉक स्थित चैनपुर गांव में निर्माणाधीन कोसी-मेची इंटर स्टेट नदी लिंक परियोजना का निरीक्षण किया था। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए तय समय सीमा में काम पूरा करने का निर्देश दिया था। सरकार के अनुसार, 6282.32 करोड़ रुपये की इस परियोजना का उद्देश्य सीमांचल के अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिलों की 214813 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराना है। इसके तहत अररिया में 69,642 हेक्टेयर, पूर्णिया में 69,970 हेक्टेयर, किशनगंज में 39,548 हेक्टेयर और कटिहार में 35,653 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की अतिरिक्त सुविधा मिलेगी। परियोजना के तहत कोसी नदी के अतिरिक्त पानी को लिंक नहर के जरिए मेची नदी में भेजा जाएगा। इसे मार्च 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य है। पूर्वी कोसी मुख्य नहर की पानी ले जाने की क्षमता 15,000 क्यूसेक से बढ़ाकर 20,000 क्यूसेक की जाएगी। परियोजना के तहत चार शाखा नहरें, छह वितरिकाएं और अन्य आवश्यक नहर प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा।

## पेंशनर के जीवनकाल में भी दिव्यांग संतान का नाम पीपीओ में जोड़ा जाएगा : पटना हाईकोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने पेंशन से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने जीवनकाल में ही अपने दिव्यांग आश्रित बच्चे का नाम पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) में शामिल करा सकते हैं। न्यायालय ने कहा कि नाम जोड़ना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, न कि समय से पहले पेंशन राशि का भुगतान।

मामला सारण जिले के सोनपुर निवासी सेवानिवृत्त चपरासी रामानंद राय से जुड़ा है। उन्होंने अपने 50 प्रतिशत लोकोमोटर दिव्यांगता से पीड़ित पुत्र दीपक कुमार पुष्पेन्द्र का नाम पीपीओ में दर्ज कराने के लिए याचिका दायर की थी। वित्त विभाग और महालेखाकार कार्यालय का तर्क था कि नियमों के अनुसार माता-पिता की मृत्यु के बाद ही दिव्यांग संतान का दावा मान्य होता है। जस्टिस पूर्णेन्दु सिंह की एकल पीठ ने इस प्रक्रियात्मक देरी और इनकार को असंवैधानिक तथा 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016' की भावना के विपरीत माना। अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद बढ़ती महंगाई और उपचार के खर्चों के कारण दिव्यांग आश्रितों को राज्य के सहयोग की आवश्यकता होती है। पिता की मृत्यु के बाद दिव्यांग संतान को कागजी प्रक्रियाओं के भरोसे छोड़ना उसके अधिकारों का हनन है।

## स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में चार लाख तक का एजुकेशन लोन, दो लाख तक ब्याज मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने वाली स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में अब 2 लाख रुपये से अधिक का एजुकेशन लोन भी मिलेगा। बिहार सरकार ने स्पष्ट किया है कि योजना की सीमा घटाई नहीं गई है, बल्कि लोन उपलब्ध कराने का तरीका बदला गया है। पहले बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम 4 लाख रुपये तक का लोन देता था। अब निगम से 2 लाख रुपये तक और 2 से 4 लाख रुपये तक का लोन अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि 2 लाख रुपये तक का एजुकेशन ऋण बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से मिलेगा। वहीं, 2 लाख से 4 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना, पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल और बैंकों से जोड़ा गया है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता मिल सके। सरकार के अनुसार, केंद्र सरकार की पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के माध्यम से 10 लाख रुपये तक का एजुकेशन लोन भी मिलता है। बिहार के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के अब पहले की तुलना में अधिक विकल्प उपलब्ध हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 886 करोड़ रुपये खर्च करने की स्वीकृति दी गई थी। वहीं, वित्तीय वर्ष 2026-27 में 950 करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी दी गई है। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष योजना पर 64 करोड़ रुपये अधिक खर्च किए जाएंगे। ताजा अधिसूचना के अनुसार, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम की ओर से उपलब्ध कराया जाने वाला 2 लाख रुपये तक का लोन पूरी तरह ब्याज मुक्त होगा। 2 लाख रुपये से अधिक का लोन बैंकों के माध्यम से मिलेगा, जिस पर ब्याज लगेगा। विद्यार्थी विद्यालक्ष्मी पोर्टल से आवेदन कर सूचीबद्ध बैंकों का चयन कर सकेंगे। समय पर कर्ज चुकाने पर सरकार की ओर से ब्याज में 30 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। योजना का लाभ बिहार के स्थानीय निवासी छात्र-छात्राओं को मिलेगा, जिन्होंने मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं या पॉलिटेक्निक के लिए 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की हो और उनकी उम्र 25 वर्ष से कम हो। इसके अलावा, विद्यार्थी का सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी उच्च शिक्षण संस्थान में दाखिला होना जरूरी है।

## अगले चार दिन बिहार के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में अगले चार-पांच दिनों के दौरान मॉनसून के सक्रिय होने के आसार हैं। दक्षिण से उत्तर बिहार तक कई जिलों में मूसलाधार बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने शनिवार को चंपारण और सीमांचल क्षेत्र में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। रविवार को कैमूर, रोहतास, सीवान समेत कई जिलों में भारी बारिश की आशंका है। पटना में भी दो दिन बाद झमाझम बारिश के आसार हैं। बीते 24 घंटे के दौरान राज्य में मॉनसून कमजोर रहा। छिटपुट जगहों को छोड़कर शुक्रवार को राज्य में कहीं भी बारिश नहीं हुई। पटना स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, अगले 24 घंटे में मॉनसून के फिर सक्रिय होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 22 अगस्त के लिए 10 जिलों में ऑरेंज और 18 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार को पटना, गयाजी, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, अररिया समेत अन्य जिलों में आंधी-बारिश की स्थिति रहने की संभावना है।

**चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी**

शनिवार को पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), पश्चिम चंपारण (बेतिया), अररिया और किशनगंज में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। गोपालगंज, छपरा, सीवान, आरा, बक्सर, कैमूर और रोहतास में आंधी-ठनका को लेकर ऑरेंज अलर्ट है। पटना, गयाजी, नालंदा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, दरभंगा और सीतामढ़ी समेत आसपास के जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में मौसम खराब रहने की आशंका है। **23 से 25 अगस्त तक भी भारी बारिश के आसार:** 23 अगस्त को कैमूर, रोहतास, बक्सर, गोपालगंज और सीवान में भारी बारिश हो सकती है। 24 अगस्त को समस्तीपुर, सुपौल, वैशाली, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय और नालंदा में मूसलाधार बारिश की संभावना है। इसके बाद 25 अगस्त को गोपालगंज और चंपारण में भारी बारिश की आशंका जताई गई है।

## सीबीआई जांच और री-एग्जाम की मांग पर सुप्रीम कोर्ट करेगी सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 में कथित अनियमितताओं की सीबीआई या स्वतंत्र जांच का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इससे जुड़ी जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुप्रीम कोर्ट 24 अगस्त, सोमवार को सुनवाई करेगा। सामाजिक कार्यकर्ता हरिश्रन देवगन ने अधिवक्ता सत्यम सिंह राजपूत के माध्यम से याचिका दायर की है। इसमें परीक्षा रद्द कर नई परीक्षा आयोजित कराने की मांग की गई है। याचिका में परीक्षा के संचालन और मूल्यांकन में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। याचिका में 19 अप्रैल, 2026 को हुई 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा से जुड़ी कथित अनियमितताओं की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से स्वतंत्र, निष्पक्ष, व्यापक और समयबद्ध जांच कराने की मांग की गई है। याचिका दो जुलाई को प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद पैदा हुए विवाद के मद्देनजर दायर की गई है। इसके अनुसार, एक सफल उम्मीदवार की



ओएमआर उत्तर पुस्तिका की कार्बन कॉपी वायरल होने के बाद मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल उठे थे। कथित अनियमितताओं को लेकर रांची में व्यापक विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। याचिकाकर्ता का दावा है कि प्रथम पेपर में 100 प्रश्नों में से केवल 48 प्रश्नों का उत्तर देने के बावजूद संबंधित उम्मीदवार को उत्तीर्ण घोषित किया गया। याचिका में झारखंड के बाहर के सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश या हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश अथवा न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वतंत्र समिति गठित करने की मांग की गई है। प्रस्तावित समिति में फोरेंसिक विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, परीक्षा सुरक्षा, ओएमआर मूल्यांकन, साइबर सुरक्षा और लोक प्रशासन के विशेषज्ञों को शामिल करने की मांग है। याचिकाकर्ता ने ओएमआर स्कैनिंग, कोडिंग, मूल्यांकन और परिणाम तैयार करने की प्रणालियों का स्वतंत्र ऑडिट कराने की भी मांग की है। याचिका में जेपीएससी, सरकारी अधिकारियों और प्रक्रिया में शामिल सभी एजेंसियों, ठेकेदारों, सेवा प्रदाताओं तथा परीक्षा केंद्र कर्मियों को सभी भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक परीक्षा दस्तावेज सुरक्षित रखने का निर्देश देने की मांग की गई है।

याचिका के अनुसार, इन अभिलेखों में मूल ओएमआर शीट, उम्मीदवारों की कार्बन प्रतियां, प्रश्न पत्र, उत्तर कुंजी, उपस्थिति पत्रक, बायोमेट्रिक रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, प्रेषण रजिस्टर, परीक्षा केंद्र रिपोर्ट, स्कैनिंग रिकॉर्ड, मूल्यांकन डेटा और परिणाम-उत्पादन डेटा सहित अन्य संबंधित दस्तावेज शामिल होने चाहिए।

## जेएसएससी-सीजीएल और सीडीपीओ परीक्षा रद्द करने के आदेश पर रोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से परीक्षाओं और नियुक्तियों को रद्द करने संबंधी अधिसूचना को चुनौती देने वाली चार अलग-अलग याचिकाओं पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने जेएसएससी-सीजीएल और सीडीपीओ परीक्षा का विज्ञापन रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगा दी।

अदालत ने जेएसएससी-सीजीएल समेत सीडीपीओ, एफआरओ और एफएसओ परीक्षाओं को रद्द करने के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अमृतांश वत्स और पीएएस पति ने अदालत में पक्ष रखा। याचिकाओं में राज्य सरकार द्वारा सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना पदाधिकारी) परीक्षा का विज्ञापन रद्द करने के फैसले को चुनौती दी गई है। साथ ही जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा और उससे संबंधित नियुक्तियों को रद्द करने के आदेश के खिलाफ भी याचिका दायर की गई है।


कुछ याचिकाकर्ताओं ने जेपीएससी की 11वीं से 13वीं सिविल सेवा परीक्षा तथा फूड सेफ्टी ऑफिसर की नियुक्तियों को रद्द करने के सरकार के फैसले को भी चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सीडीपीओ और जेएसएससी की 11वीं से 13वीं परीक्षा रद्द करने के मामले में राज्य सरकार और जेपीएससी से जवाब मांगा है।

**सीआइडी जांच के बाद लिया गया था परीक्षाएं रद्द करने का फैसला**

सीआइडी जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर राज्य सरकार ने 18 अगस्त की देर रात उन परीक्षाओं को रद्द करने का निर्णय लिया था, जिनमें टीढीपीएल एजेंसी की भूमिका सामने आई थी। यह एजेंसी प्रतियोगी परीक्षाओं के संचालन का काम करती है। इसके अलावा सरकार ने वर्ष 2014 के बाद आयोजित सभी नियुक्ति परीक्षाओं में संभावित अनियमितताओं की जांच कराने की घोषणा भी की थी।

**22 परीक्षाएं रद्द, छह स्थगित और 17 जांच के दायरे में**

इसके बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने परीक्षा रद्द करने, कुछ परीक्षाओं की प्रक्रिया स्थगित करने और अन्य परीक्षाओं को जांच के दायरे में लाने संबंधी अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार, 22 परीक्षाएं रद्द की गई हैं, जबकि छह परीक्षाओं की प्रक्रिया स्थगित की गई है। वहीं, 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में रखा गया है।




## झारखंड विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले में रांची के विधानसभा थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, 12 अगस्त को एक अज्ञात व्यक्ति ने विधानसभा के कुछ कर्मचारियों को फोन कर धमकी दी थी। फोन करने वाले ने कर्मचारियों से विधानसभा नहीं जाने को कहा था। पुलिस को 20 अगस्त को धमकी की जानकारी मिली। इसके बाद रांची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल विधानसभा परिसर की सुरक्षा जांच कराई। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) ने विधानसभा परिसर को बारीकी से खंगाला और संभावित स्थानों की जांच की।



हालांकि, जांच के दौरान कहीं से कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई।

धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए पुलिस तकनीकी जांच कर रही है। जिस मोबाइल नंबर से फोन आया था, उसे ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस कॉल डिटेल समेत अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। धमकी देने के पीछे की वजह का भी पता लगाया जा रहा है।

## बिहार में विश्वविद्यालय-कॉलेज शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए खुलेंगे दो नए केंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सूबे में विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए दो नए केंद्र खोलने की तैयारी है। बिहार सरकार ने इसके लिए केंद्र सरकार से मंजूरी मांगी है। केंद्र की ओर से नए केंद्र खोलने को लेकर बिहार को आश्वासन मिला है। मंजूरी मिलने के बाद दरभंगा और पूर्णिया में ये केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। फिलहाल बिहार में विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए दो ही केंद्र हैं। ये पटना और मुजफ्फरपुर में संचालित हैं। दोनों केंद्रों का संचालन मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के नाम से होता है। प्रशिक्षण केंद्रों की संख्या सीमित होने के कारण शिक्षकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विश्वविद्यालय और कॉलेज शिक्षकों को नियमित रूप से प्रशिक्षण देना भी संभव नहीं हो पाता है। इसके चलते प्रशिक्षण के लिए प्रतीक्षा सूची लंबी होती जाती है। केंद्र सरकार की ओर से नई जानकारी जारी होने और रिफ्रेशर कोर्स उपलब्ध होने के बाद भी शिक्षकों को समय पर प्रशिक्षण नहीं मिल पाता है। नए केंद्र खुलने से प्रशिक्षण की व्यवस्था का विस्तार हो सकेगा और शिक्षकों को प्रशिक्षण के लिए अधिक अवसर मिल सकेंगे। ऐसी स्थिति तब है जबकि सूबे के शिक्षक नियमित रूप से नई शिक्षण पद्धतियां, शोध-आधारित शिक्षण और डिजिल कौशल में अद्यतन होने की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। इस कमी ने प्रशिक्षण तक पहुंच को सीमित किया है और शिक्षक विकास में असमानता पैदा हो रही है। शिक्षकों को महीनों प्रतीक्षा करनी पड़ती है।

# विश्व उद्यमिता दिवस पर 6,000+ इनोवेटर्स ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** विश्व उद्यमिता दिवस 2026 के अवसर पर बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा स्टार्टअप बिहार के माध्यम से बिहार के सभी 38 जिलों में 47 स्टार्टअप सेल्स पर राज्यव्यापी स्केल-अप और मार्केट एक्सेस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 6,000 से अधिक वर्तमान एवं भावी इनोवेटर्स ने भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य स्टार्टअप्स को विचार एवं शुरुआती चरण से आगे बढ़ाकर उत्पाद के व्यावसायीकरण, बाजार तक पहुंच, व्यवसाय विस्तार और सतत विकास की दिशा में सहयोग प्रदान करना था। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में स्टार्टअप संस्थापक, उद्यमी, विद्यार्थी, उद्योग विशेषज्ञ, सरकारी अधिकारी, मेंटर एवं इन्क्यूबेशन इकोसिस्टम से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रमों में स्टार्टअप उत्पादों का लॉन्च एवं प्रदर्शन, सफल उद्यमियों की प्रेरक कहानियां, स्केल-अप और मार्केट एक्सेस पर विशेषज्ञ सत्र, नेटवर्किंग तथा सरकारी विभागों के साथ संवाद प्रमुख गतिविधियां रहीं। उद्यमियों को सरकारी सहयोग, विभागीय सुविधाओं, प्रक्रियाओं, नियामकीय अनुपालन एवं व्यवसाय विस्तार से जुड़े अवसरों की जानकारी दी गई। साथ ही संभावित ग्राहकों, साझेदारों और नए बाजारों से जुड़ने के अवसर उपलब्ध कराए गए। सफल उद्यमियों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने अपने उद्यमिता सफर, चुनौतियों, असफलताओं और उनसे मिली सीख साझा की, जिससे युवा एवं भावी उद्यमियों को व्यवसाय निर्माण और रोजगार सृजन के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम के तहत इन्नोवेशन वॉल की पहल भी की गई जिसमें प्रतिभागियों को बिहार आधारित स्टार्टअप्स द्वारा नवाचार के माध्यम से हल किए जा सकने वाले वास्तविक समस्याओं की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यह राज्यव्यापी पहल महानगरों से आगे जिला स्तर तक उद्यमिता सहयोग को पहुंचाने और बिहार के स्टार्टअप इकोसिस्टम को अधिक समावेशी एवं बाजारोन्मुख बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्केल-अप और मार्केट एक्सेस कार्यक्रम बिहार में एक सशक्त, समावेशी और बाजारोन्मुख स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण के प्रति उद्योग विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक ने स्काडा का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल ने रिवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम से संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से स्काडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने रिवेन्यू मैनेजमेंट सिस्टम की कार्यप्रणाली, तकनीकी पहलुओं तथा उससे संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से प्रणाली में आ रही समस्याओं और उनके समाधान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। सौरभ जोरवाल ने संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी टीम को आएएमएस से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रणाली की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रबंधन से जुड़ी डिजिटल प्रणालियों का सुचारू संचालन उपभोक्ता सेवाओं में सुधार और कंपनी के राजस्व संग्रह को मजबूत करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# मंत्री श्रवण कुमार ने 119 लाभुकों को दिया योजनाओं का लाभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्रामीण विकास तथा जनसंपर्क मंत्री एवं जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने शुक्रवार को नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड में 119 लाभुकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने पांच लाख रुपये से अधिक राशि के चेक लाभुकों को सौंपे। मंत्री ने शौचालय निर्माण के लिए जीविका दीदियों को आर्थिक सहयोग दिया। कुल 29 जीविका दीदियों को 10-10 हजार रुपये की सहयोग राशि का चेक प्रदान किया है। मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना के अंतर्गत दो लाभुकों को 20-20 हजार रुपये का चेक सौंपा। इसके अलावा 54 लाभुकों को बंदोबस्ती पर्चा का वितरण किया जिससे उन्हें भूमि संबंधी अधिकार मिल सकेंगे। अग्निकांड से फसल क्षति झेलने वाले किसानों को भी मंत्री ने सहायता राशि देकर राहत पहुंचाई है। कुल 34 लाभुकों को फसल क्षति के मुआवजे के रूप में 1,90,524 रुपये का चेक मंत्री ने वितरित किया।

# 'आवसम हर' कार्यक्रम से किशोरी स्वास्थ्य को मिलेगी मजबूती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** किशोर स्वास्थ्य को नयी दिशा और मजबूती देने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति और पीएसआई इंडिया के तत्वावधान में 'आवसम हर' कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। यह कार्यक्रम राज्य के 5 जिलों अररिया, गया, कटिहार, किशनगंज और पुर्णिया जिलों में संचालित किया जाएगा। शुक्रवार को पटना स्थित एक निजी होटल में कार्यक्रम संबंधित जानकारी के लिए राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन राज्य स्वास्थ्य समिति और पीएसआई इंडिया के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने स्वागत अभिभाषण में पीएसआई इंडिया के कार्यपालक निदेशक मुकेश शर्मा ने कहा कि देश में 21 प्रतिशत आबादी 10-19 वर्ष आयुवर्ग की है और उनकी स्वास्थ्य को बेहतर करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 'आवसम हर' कार्यक्रम से किशोरियों के स्वास्थ्य को बेहतर करने के प्रयास में नयी दिशा मिलेगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. विजेता सिन्हा ने कहा कि माहवारी स्वच्छता को केंद्र में रखकर कार्यक्रम संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, एनीमिया जिसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य के बिन्दुओं पर किशोरियों के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, गुणवत्ता आश्वासन सह नोडल सड़क सुरक्षा डॉ. अभिषेक सिन्हा ने कहा कि इसके लिए जरुरी है कि सभी स्कूलों की लाइन लिस्टिंग की जाए और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की इसमें मदद ली जाए इससे किशोरियों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। ऑरगेनन की रूचि ने कहा कि किशोरियों को उनके स्वास्थ्य के पहलुओं की सही एवं पूरी जानकारी उनके स्वस्थ जीवन की आधारशिला रखती है। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं किशोर/किशोरियों से संवाद बनाये रखना जरुरी है। सही जानकारी एवं शिक्षा किशोरियों को उनके स्वास्थ्य के बारे में सजग रखेगी। कार्यशाला में उक्त पांच जिलों के जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी एवं कर्मी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, किशोरी स्वास्थ्य डॉ. विजेता सिन्हा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, गुणवत्ता आश्वासन सह नोडल सड़क सुरक्षा डॉ. अभिषेक सिन्हा, निदेशक, पुब्लिक हेल्थ, बिहार विद्यापीठ डॉ. अजीत कुमार सिंह, पीएसआई इंडिया के कार्यपालक निदेशक मुकेश शर्मा, एम्स पटना के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. मुक्ता अग्रवाल, ऑरगेनन की रूचि, पीएसआई इंडिया के निदेशक प्रोग्राम हितेश साहनी सहित सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि और पीएसआई इंडिया के स्टेट लीड सौरव तिवारी सहित पीएसआई इंडिया की टीम मौजूद रही।

# बिहार कर्मचारी राज्य बीमा निगम सोसाइटी की कार्यकारिणी समिति की बैठक में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार इएसआइएस सोसाइटी के कार्यकारी निकाय की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के श्रम विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार द्वारा की गई। क्षेत्रीय निदेशक बिहार ने समिति के इएसआइएस के पदेन सदस्य के रूप में बैठक में हिस्सा लिया और इएसआइएस की ओर से अध्यक्ष को विभिन्न विषयों से अवगत कराया। सोसाइटी की तरफ से निदेशक चिकित्सा सेवा कुमारी शिशिर भारती तथा नियोक्ता प्रतिनिधि के रूप में शिल्पी कुमारी एवं अन्य मौजूद रहे। बिहार कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी की कार्यकारिणी समिति की बैठक के दौरान राज्य औषधालयों में डॉक्टरों की उपलब्धता, प्रतिपूर्ति एवं खरीद के शक्तियों के प्रत्यायोजन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव द्वारा लोगों को जागरूक करने, बीमितों की संख्या बढ़ाने को लेकर जोर दिया ताकि अधिक सुविधा बीमितों को प्रदान की जा सके।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने दीन दयाल उपाध्याय मंडल का किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान विभिन्न नवनिर्मित एवं उन्नत सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना एवं मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। दौरे के क्रम में पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय में नवीनीकृत अध्यापक कक्ष तथा उन्नत कंप्यूटर प्रयोगशाला में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। इसके बाद प्लांट डिपो कॉलोनी तथा स्टेशन कॉलोनी में नवनिर्मित ट्रांसिट हाउस के भवन एवं सुविधाओं का अवलोकन किया गया। विद्युत कर्षण विभाग के नवनिर्मित 'ऊपरी उपस्कर एवं विद्युत आपूर्ति डिपो' का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं उपकरणों का जायजा लिया गया। इसके अलावा मंडल कार्यालय के सामने 'दूरस्थ नियंत्रण केंद्र एवं कर्षण विद्युत नियंत्रण' के लिए नवनिर्मित भवन एवं सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। इसके बाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभागार में महाप्रबंधक की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। दौरे के अंत में महाप्रबंधकछत्रसाल सिंह ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-जीवनाथपुर के बीच तृतीय रेल लाइन कार्य का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक एवं अधिकारियों द्वारा दौरा किए गए विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण भी किया गया।

# विनोद कुमार तिवारी ने भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन, गया के पद पर किया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** विनोद कुमार तिवारी ने अध्यक्ष, भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन, गया के पद पर विधिवत योगदान किया। योगदान के पश्चात उन्होंने विभागीय कार्यों एवं दायित्वों के प्रभावी निर्वहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित मामलों में नियमानुसार एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए संबंधित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि प्रभावित रैयतों एवं संबंधित पक्षों की समस्याओं का नियमानुसार समाधान करते हुए विकासात्मक परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही सभी मामलों में निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर विशेष जोर रहेगा। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा विनोद कुमार तिवारी का स्वागत किया गया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# केवाइपी रिन्यूअल पर फिर टकराव : पुराने केंद्रों ने उठाए सवाल, तत्काल नवीकरण की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन और रिन्यूअल को लेकर बिहार में विवाद फिर तेज हो गया है। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की हालिया प्रेस विज्ञप्ति के बाद पुराने केवाईपी केंद्र संचालकों ने सरकार से तत्काल नवीकरण और प्रशिक्षण शुरू कराने की मांग की है। केवाईपी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि लगभग एक दशक से संचालित अनुभवी केंद्रों को कई महीनों से बंद रखना हजारों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय है। उनके अनुसार इन केंद्रों के पास प्रशिक्षित मानव संसाधन, कंप्यूटर लैब और आवश्यक आधारभूत संरचना पहले से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि केवल चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता देने की घोषणा पर्याप्त नहीं है। सरकार को पुराने एवं अनुभवी केंद्रों का तत्काल री-एक्रेडिटेशन कर नामांकन और प्रशिक्षण शुरू करना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर 20 अगस्त को केंद्र संचालकों ने नियोजन भवन, पटना में प्रदर्शन किया। बाद में प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर भी अपनी मांगें रखीं। प्रदर्शनकारियों ने पुराने केंद्रों के नवीकरण, लंबित नामांकन शुरू करने, लंबित भुगतान जारी करने और री-टेंडर प्रक्रिया पर पुनर्विचार की मांग की। डॉ. झा ने कहा कि केवाईपी केवल केंद्र संचालकों का नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं के कौशल और रोजगार का सवाल है। उन्होंने सरकार से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

# बिहार में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय कार्य : उच्च शिक्षा निदेशक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली में 20-21 अगस्त को इम्पलीमेंटेशन ऑफ इनईपी 2020-स्टारेंगथेनिंग स्टेट सिस्टम थ्रू एबीसी, एम ई एम ई, आरपीएल एंड इंसीलुसिओं विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्शी बैठक आयोजित की गई। इसमें विभिन्न राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के राज्य उच्च शिक्षा परिषदों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में बिहार राज्य उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. एनके अग्रवाल ने बिहार का प्रतिनिधित्व किया तथा राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण सुधारों एवं नवाचारों की जानकारी साझा की। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में बिहार की तरफ से किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी), मल्टीपल इंट्री एंड मल्टीपल एग्जिट (एमईएमई) और रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) जैसे एनईपी के महत्वपूर्ण प्रावधानों को उच्च शिक्षा व्यवस्था में प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने विशेष रूप से अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम की पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से विद्यार्थियों को डिग्री कार्यक्रम के साथ-साथ वास्तविक कार्यस्थल पर व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं कार्यानुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

# बीएसपीएचसीएल को पावर सेक्टर में उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए मिला कौशल उत्कृष्टता पुरस्कार

## 1,900 नवनियुक्त तकनीशियनों की इंडक्शन स्किलिंग पहल को मिली राष्ट्रीय पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड को पावर सेक्टर में इंडक्शन स्किलिंग में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित कौशल उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित वीओएलटी कार्यक्रम के तहत पीएसएससी की इंडस्ट्री कंसल्टेशन वर्कशॉप में प्रदान किया गया। बीएसपीएचसीएल की ओर से ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर-कम-कंसल्टेंट अशोक कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। पुरस्कार केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के चेयरपर्सन एवं पावर सेक्टर स्किल काउंसिल के प्रेसिडेंट घनश्याम प्रसाद द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पावर सेक्टर के वरीय अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे। यह पुरस्कार पावर सेक्टर के वरिष्ठ विशेषज्ञों एवं अधिकारियों की ज्यूरी द्वारा बीएसपीएचसीएल की सुव्यवस्थित इंडक्शन स्किलिंग पहल के लिए प्रदान किया गया। इस पहल के तहत कंपनी के 1,900 नवनियुक्त तकनीशियनों को प्रशिक्षण देकर विद्युत क्षेत्र में कार्य के लिए तैयार किया गया। मानकीकृत प्रशिक्षण एवं तकनीकी कर्मियों के बेहतर ऑनबोर्डिंग की दिशा में बीएसपीएचसीएल की इस पहल को राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि माना गया है। ऊर्जा सचिव-सह-अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बीएसपीएचसीएल अजय यादव ने कहा कि कौशल उत्कृष्टता पुरस्कार बीएसपीएचसीएल के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 1,900 तकनीशियनों की इंडक्शन स्किलिंग के माध्यम से हमने कुशल, सुरक्षित और जिम्मेदार तकनीकी मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। भविष्य में भी कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रशिक्षण व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। यह सम्मान बीएसपीएचसीएल द्वारा कुशल एवं प्रशिक्षित विद्युत मानव संसाधन तैयार करने तथा नवनियुक्त तकनीकी कर्मियों के लिए प्रभावी और मानकीकृत प्रशिक्षण व्यवस्था विकसित करने के प्रयासों को मिली महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहचान है। बीएसपीएचसीएल द्वारा पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीयकृत रूप से अपने तकनीकी एवं अन्य कर्मियों की दक्षता बढ़ाने के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग, तकनीकी प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, कौशल उन्नयन तथा कार्यस्थल आधारित प्रशिक्षण सहित कई कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। बदलती तकनीक और विद्युत क्षेत्र की नई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों को नवीन तकनीकों, सुरक्षा मानकों, परिचालन प्रक्रियाओं एवं आधुनिक विद्युत प्रणाली के अनुरूप प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# मेगा जॉब फेयर बना युवाओं के सपनों को साकार करने का मंच, तीसरे दिन 3487 युवाओं का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पटना के ज्ञान भवन में आयोजित 'मेगा जॉब फेयर-2026' युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर का मंच बनकर उभरा है। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन की ओर से आयोजित इस मेगा जॉब फेयर के तीसरे दिन करीब 9 हजार युवाओं ने हिस्सा लिया जिनमें से विभिन्न कंपनियों द्वारा 3487 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार की तलाश में बिहार के अलग-अलग जिलों से पहुंचे युवाओं में मेले को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। मेगा जॉब फेयर में एसबीआई लाइफ, भारती एयरटेल लिमिटेड, रिलायंस रिटेल, टाटा क्रोमा, टाटा मोटर्स, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, विजन इंडिया, जॉनसन लिफ्ट, मैनपावर ग्रुप, मास एचआर सॉल्यूशन, एनआईआईटी फाउंडेशन, रीशव ऑटोमोबाइल, सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेड और अन्नपूर्णा फाइनेंस समेत 100 से अधिक कंपनियां भाग ले रही हैं। बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज एवं इंश्योरेंस (बीएफएसआई), रिटेल, ऑटोमोबाइल, टेलीकॉम सहित विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता, कौशल और रुचि के अनुरूप रोजगार के विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जॉब फेयर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि युवाओं को रोजगार के लिए अलग-अलग कंपनियों के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। ज्ञान भवन में ही कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अभ्यर्थियों का पंजीकरण, स्क्रीनिंग, योग्यता की जांच, साक्षात्कार और चयन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इससे युवाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद करने और अपनी योग्यता के अनुरूप नौकरी हासिल करने का अवसर मिल रहा है। मेले में पटना के अलावा बिहार के विभिन्न जिलों और सुदूरवर्ती क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा पहुंच रहे हैं। अभ्यर्थी डीईटी पोर्टल और क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण कर मेगा जॉब फेयर में शामिल हो रहे हैं। विभाग की ओर से मेले का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया, ताकि प्रदेश के अधिक से अधिक रोजगार इच्छुक युवाओं तक इसकी जानकारी पहुंच सके।

# गांधी स्मृति यात्रा का चौथा चरण देश रत्न राजेंद्र बाबू के अंतिम स्मृति स्थल तक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** गांधी स्मृति यात्रा का चौथा चरण देश रत्न राजेंद्र बाबू के अंतिम स्मृति स्थल (सदाकत आश्रम), गांधी शिविर (ए. एन. सिन्हा इंस्टिट्यूट) होते हुए सिताब दियारा स्थित लोकनायक जयप्रकाश के जन्म स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए राजेंद्र बाबू के जन्म स्थली जीरादेइ जाएगी। इस क्रम में गांधी से जुड़े स्थानों पर भी लोगों से संपर्क किया जाएगा। यात्रा का प्रथम पड़ाव छपरा होगा। पटना से छपरा जाने के क्रम में परशुरामपुर पानापुर मलखाचक आदि में गांधी के स्मृति का संकलन किया जाना है। 8 सितंबर को प्रारंभ होकर यह यात्रा 9 सितंबर को एकमां बसंतपुर होते हुए सिताब दियारा पहुंचेगी। सिताब दियारा से सिवान होते हुए जिरादेई में दूसरा दिन का पड़ाव रखा गया है। 10 सितंबर को यह यात्रा गोपालगंज बेतिया होते हुए गांधी आश्रम भितिहरबा मैं ठहराव होगा। 11 सितंबर को मोतिहारी और 12 सितंबर को सीतामढ़ी में ठहराव रखा गया है। सीतामढ़ी के बाद मुजफ्फरपुर होते हुए जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्मस्थली को नमन करते हुए वापस पटना आएगी। मोतिहारी में चंद्रहीया, जसौली पट्टी आदि गांधी से जुड़े स्थान जाने का कार्यक्रम बनाया गया है। उपरोक्त निर्णय पटना स्थित गांधी विचार मंच के कार्य समिति की बैठक में लिया गया। मंच के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज कुमार की अध्यक्षता में आहुत की गई।

# विश्व उद्यमिता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

## स्टार्टअप्स के उत्पाद लांच, 400 विद्यार्थियों ने जानी स्टार्टअप जर्नी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज, सासाराम में युवाओं के नवाचार और उद्यमिता को बाजार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के लगभग 400 विद्यार्थियों एवं फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण तीन स्टार्टअप्स के उत्पादों का विधिवत प्रोडक्ट लांच रहा। इसके साथ ही विभिन्न स्टार्टअप संस्थापकों ने विद्यार्थियों के साथ अपनी स्टार्टअप जर्नी साझा की



और बताया कि किस प्रकार एक विचार से शुरुआत कर उत्पाद तैयार करने, ग्राहकों तक पहुंच बनाने और बाजार में अपनी पहचान स्थापित करने तक का सफर तय किया जाता है। कार्यक्रम में राजूदान के संस्थापक सुमित कुमार, अल होमियोपैथी उपचार के संस्थापक मॉन्टेश कुमार एवं दवा एक्सप्रेस से जुड़े प्रतिनिधियों सहित अन्य स्टार्टअप्स के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने स्टार्टअप, उत्पाद, सेवाओं, कार्यक्षेत्र और भविष्य की योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। इससे विद्यार्थियों को वास्तविक उद्यमियों के अनुभवों से सीखने और उद्यमिता की व्यावहारिक चुनौतियों को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल रोजगार पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने के लिए भी प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से युवा अपने विचारों को व्यवसाय में बदलकर समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। जीएम डीआईसी आशिष रंजन ने कहा कि किसी भी स्टार्टअप की सफलता के लिए अच्छे उत्पाद के साथ-साथ सही ग्राहक और सही बाजार तक पहुंच बनाना आवश्यक है। उन्होंने स्टार्टअप्स को सरकारी योजनाओं, उपलब्ध सुविधाओं एवं बाजार के अवसरों का लाभ उठाकर अपने उद्यम को स्केल-अप करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा एवं अवधारणा को फैकल्टी इंचार्ज श्री शैलेश सौरभ ने पीपीटी के माध्यम से विस्तार से समझाया। उन्होंने स्टार्टअप के विकास, उत्पाद लॉन्च, बाजार तक पहुंच, ब्रांडिंग एवं व्यवसाय विस्तार से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

# घनकी जामुन चौक से बुढ़न नहर चौक तक सड़क निर्माण की डीएम ने की स्थलीय जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्रा के नेतृत्व में घनकी जामुन चौक से फोरलेन के अंदर से होते हुए बुढन नहर चौक तक सड़क निर्माण तथा बुढन नहर चौक से करमचट डैम तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण विभाग के अभियंता सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में संबंधित अभियंताओं द्वारा सड़क चौड़ीकरण के लिए भूमि की मापी की गई। जिला पदाधिकारी ने अधिकारियों एवं अभियंताओं से सड़क निर्माण के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की



जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण से घनकी जामुन चौक से बुढन नहर चौक तक आवागमन अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगा। मानसून के दौरान भी यह मार्ग बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करेगा। इससे स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ जिले में आने वाले पर्यटकों को भी काफी सुविधा मिलेगी। उक्त सड़क के निर्माण से गीता घाट, शेरगढ़ किला, करमचट डैम सहित रोहतास जिले के प्रमुख प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों तक पहुंच और अधिक सुगम होगी। शहर के बाहर-बाहर बेहतर संपर्क मार्ग उपलब्ध होने से इन स्थलों तक लोगों का आवागमन सुविधाजनक एवं सुरक्षित हो सकेगा।

# रोहतास के नए एसपी मिस्टर राज ने संभाला पदभार, गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के नए पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी मिस्टर राज ने शुक्रवार को रोहतास जिला में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान एसपी रौशन कुमार भी मौजूद रहे। पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने नए एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया। पदभार संभालने के बाद एसपी मिस्टर राज ने कहा कि रोहतास जिले में काम करने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण



करना तथा पुलिस विभाग में अनुशासन और बेहतर समन्वय के साथ काम करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के लिए रोहतास पुलिस के दरवाजे हमेशा खुले रहेंगे। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनकी शिकायतों पर नियमानुसार उचित कार्रवाई करना पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने जिलेवासियों से पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। एसपी ने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस टीम आपसी समन्वय और अनुशासन के साथ काम करते हुए कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाएगी। उनके पदभार ग्रहण करने के साथ ही रोहतास पुलिस की नई कमान अब उनके हाथों में आ गई है।

# गणित-विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू (रोहतास)।** सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू के विशाल सभागार में गुरुवार को विद्यालय स्तरीय गणित-विज्ञान मेला 2026 का आयोजन किया गया। मेले में शिशु, बाल एवं किशोर वर्ग के विद्यार्थियों ने पर्यावरण, विद्युत संरक्षण, कचरा प्रबंधन, गति, खाद्य उद्योग, साइबर सिक्योरिटी, आईटी सिस्टम समेत विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन अभिभावक एवं सद्चिंतक यशवीर सिन्हा ने किया। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के मॉडल का मूल्यांकन किया। विज्ञान, गणित एवं संगणक विषय में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी विभाग स्तरीय गणित-विज्ञान मेले में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसका आयोजन रामगढ़, कैमूर में होगा। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने अतिथियों एवं निर्णायकों का सम्मान किया। आयोजन में विज्ञान प्रमुख राजेश कुमार सिंह, संगणक प्रमुख प्रतिभा कुमारी एवं गणित प्रमुख राजकुमार सिंह सहित विद्यालय के सभी आचार्यों का सहयोग रहा।

# आपूर्ति सेवा संघ ने जताया विरोध, अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिहार आपूर्ति सेवा संघ के आहवान पर गया जिले के सभी अनुमंडल क्षेत्रों के आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर गुरुवार से सांकेतिक विरोध प्रारंभ कर दिया है। संघ के निर्देश पर 20 से 26 अगस्त 2026 तक सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हाथों पर काली पट्टी बांधकर कार्य कर रहे हैं। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी शशि भूषण शर्मा ने बताया कि इस सांकेतिक विरोध के माध्यम से शासन-प्रशासन का ध्यान विभागीय समस्याओं की ओर आकृष्ट किया जा रहा है और यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो सामूहिक अवकाश के बाद



अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की बाध्यता होगी। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एहसान करीम के हवाले से बताया गया कि प्रत्येक प्रखंड को एक विभागीय वाहन उपलब्ध कराया जाए, सभी प्रखंड आपूर्ति कार्यालयों को पर्याप्त संसाधन एवं बजट दिया जाए, प्रथम प्रोन्नति पर वेतन स्तर-9 दिया जाए, लगभग 200 रिक्त पदों पर शीघ्र विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक बुलाकर प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाए तथा 18 वर्षों से लंबित आपूर्ति सेवा के संवर्ग पुनर्गठन को अविलंब लागू किया जाए। संघ ने यह भी मांग की है कि प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में कार्यभार को देखते हुए दो सहायक और दो अनुसेवक की नियुक्ति की जाए, आपूर्ति निरीक्षक के पदनाम को बदलकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किया जाए और उन्हें राजपत्रित दर्जा प्रदान किया जाए।

# गायत्री परिवार ने डिहरी में चलाया वृक्षारोपण अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** गायत्री परिवार डिहरी के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान डिहरी पड़ाव सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर कई पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में भगवान शर्मा, विनय गुप्ता, संजय पासवान, कृष्णानंद शौन्डिक, उमेश सिंह, ईश्वर प्रसाद, अशोक सिंह, बबन प्रसाद, बिट्टू गुप्ता, राकेश ठाकुर, रवि केशरी, शिवकुमार प्रसाद, बब्लू जी एवं रवीन्द्र प्रसाद सहित अन्य लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

# नए डीएम को बीएसपी नेता ने दी बधाई

## विकास को मिलेगी रफ्तार, भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ/डिहरी ऑन-सोन।** कैमूर के नव-नियुक्त जिलाधिकारी कुमार अनुराग के पदभार ग्रहण करने के बाद बहुजन समाज पार्टी के बिहार प्रदेश प्रभारी संतोष कुमार ने उनसे मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बसपा नेता ने भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर का तैल चित्र एवं गुलदस्ता भेंट कर जिलाधिकारी को सम्मानित किया।



**गरीबों को योजनाओं का लाभ मिलने की जताई उम्मीद**

मुलाकात के दौरान संतोष कुमार ने कहा कि नए जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिले के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि उनके आने से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और गरीबों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। बसपा नेता ने कहा कि आने वाले दिनों में गरीबों को पक्का मकान, वृद्धा पेंशन, राशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा। उन्होंने जिलाधिकारी से जिले के दलित, पिछड़े और वंचित वर्ग के लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका समाधान कराने का आग्रह किया।

# अनुमंडल कार्यालय में जनता दरबार, 76 परिवादियों की सुनी गईं समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज( रोहतास)।** अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आयोजित जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याओं की सघन सुनवाई की गई। जनता दरबार के दौरान कुल 76 परिवादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं जिनमें सबसे अधिक 55 मामले भूमि विवाद से जुड़े थे। इसके अलावा आपूर्ति विभाग से संबंधित 12 तथा अन्य विविध विषयों के 09 परिवाद भी सुनवाई के लिए आए। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रत्येक परिवादी की बात को गंभीरता से सुना और उनकी शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के लिए संबंधित विभागीय



पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की समस्याओं का शीघ्र निवारण है और प्राप्त शिकायतों पर बिना किसी भेदभाव के निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान पदाधिकारियों ने परिवादियों को आश्वस्त किया कि उनके मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि किसी भी स्तर पर विलंब न हो। जनता दरबार के माध्यम से आम नागरिकों को सीधे प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने का अवसर मिला जिससे जमीनी स्तर की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान संभव हो सका। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे ताकि आमजन को न्याय और राहत समय पर मिल सके।

# आरपीएफ नबीनगर ने की अंग्रेजी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी/नबीनगर।** ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ नबीनगर की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए ट्रेन से लावारिस हालत में रखी अंग्रेजी शराब बरामद की। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 20,410 रुपये बताई गई है। आरपीएफ के अनुसार 21 अगस्त 2026 को मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक जय प्रकाश प्रसाद के नेतृत्व में आरक्षी राकेश कुमार, संतोष कुमार मिश्रा, कालीचरण, दिलीप कुमार सिंह, विकास कुमार एवं कमल राज की टीम ने गाड़ी संख्या 13349 अप की जांच की। इसी दौरान अंकोरहा रेलवे स्टेशन पर कोच संख्या इसीआर-256718 में दो सफेद प्लास्टिक की बोरियां लावारिस हालत में मिलीं।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/3/डब्ल्यू-II, दिनांक 19.08.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-157-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/III/सियालदह के कार्यक्षेत्र में कृष्णनगर-लालगोला खंड में मौजूदा लिमिटेड हाइट सबवे नं. 136/ई, 148/ई, 166/ई के प्रत्येक साइड पर आरसीसी यू-ट्रफ पर नए रूफ कवर के निर्माण के लिए प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 1,58,06,961.92, **बयाना राशि :** रु.3,16,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 09 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-159-26-27, कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/III/सियालदह के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/रानाघाट के अधीन सियालदह मंडल में रानाघाट, बानपुर, कालीनायणपुर, फुलिया, हबीबपुर आदि (एसजी-2 एवं एसजी-3) कैटेगरी स्टेशन में प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 14,79,21,535.19, **बयाना राशि :** रु.29,58,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 16.09.2026 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 16.09.2026 को 15.30 बजे (प्रत्येक 2 हेतु)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-185/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# 38 लीटर लावारिस देसी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी/नबीनगर।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट नबीनगर की टीम ने ऑपरेशन सतर्क के तहत गुरुवार को करीब 38 लीटर लावारिस देशी शराब बरामद की। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक एस.एस. यादव, आरक्षी संतोष कुमार मिश्रा, राकेश कुमार एवं कालीचरण की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की।


## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्या एफ-एमएफजी-113एएमसी-एयर प्लाज्मा-आरटी, दिनांक 20.08.2026,** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निविदा सं. **एफ-एमएफजी-113एएमसी-एयर प्लाज्मा आरटी** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। ठेकेदारों को इस निविदा के लिए बयाना राशि बाबत केवल आईआरईपीएस पोर्टल पर उपलब्ध भुगतान माध्यम जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के द्वारा भुगतान करने की अनुमति है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रिसीट, एफडीआर आदि के माध्यम से मैनुअल भुगतान करने की अनुमति नहीं है। **कार्य का नाम :** 03 वर्षों के लिए जमालपुर वर्कशॉप में 67 एयर कम्प्रेसर के साथ 113 एयर प्लाज्मा कटिंग मशीन (आईजीबीटी आधारित) का एएमसी। **कार्य स्थल:** पूर्व रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर, मुंगेर (बिहार), पिन-811214, **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,22,50,913.60, **बोली प्रतिभूति:** रु.2,45,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 00.00, **समापन अवधि:** तीन वर्ष। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 15.09.2026 को 16.00 बजे। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 22.08.2026 को 15.00 बजे। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट का स्थान जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** (**www.er.indianrailways.gov.in** के साथ हाइपरलिंक्ड **www.ireps.gov.in**) एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस को।

MISC-155/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## NAME CHANGE

I, Kalicharan Kumar S/o Shiv Shankar Pandit, residing at Village- Khairati, Mamta Dham Road, Near Surya Mandir, Ward No.-11, P.S.- Parsa Bazar, P.O.- Mittan Chak, Distt.- Patna, State- Bihar, Pin Code-804453 have changed the name of my minor son from Ankush Kumar, Age-13 years and he shall hereafter be known as VED SHIVANSH KUMAR for all purposes


# सड़क किनारे जल-जमाव से ग्रामीण परेशान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के दरिहट गांव में गांधी स्मारक के समीप डिहरी मुख्य मार्ग पर दोनों किनारे नाला निर्माण नहीं होने से भीषण जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई जिससे ग्रामीणों व राहगीरों का आवागमन दूभर हो गया है। नाली और बारिश के पानी के सड़क पर ही जमा हो जाने से जहां संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है, वहीं फिसलन के कारण सड़क हादसों की आशंका भी प्रबल हो गई है। उल्लेखनीय है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन छात्र-छात्राएं विद्यालय, श्रद्धालु मंदिर, ग्रामीण कब्रिस्तान व खेल मैदान की ओर जाते हैं और वाहनों के गुजरने पर पैदल यात्रियों को गंदे पानी की छींटों से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीण नथुनी पाल रामप्रवेश पाल मनोज पाल के अनुसार नाले निर्माण को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई पर समाधान नहीं निकला जबकि इस संबंध में डिहरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जेई से वार्ता कर शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया है।


## कार्यालय– झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त, गढ़वा के ज्ञापांक– 193/जि0यो0 दिनांक–13.07.2026 के आलोक में नीति आयोग भारत सरकार द्वारा स्वीकृत राशि से गढ़वा जिले के सरकारी विद्यालयों में **Thali & Glass** की आपूर्ति हेतु GeM पोर्टल पर Catalogue Based निविदा आमंत्रित किया गया है, जिसका **GeM ID- GEM/2026/B/7895427** है। उक्त एकल निविदा में दो अलग–अलग सामग्री सम्मिलित है।

उक्त के आलोक में इच्छुक निविदादाता GeM पोर्टल पर निर्धारित शर्तों के अनुसार ऑनलाईन बिड में उपरोक्त दोनो सामग्रियों का कुल दर अंकित कर निविदा समर्पित करेंगें तथा निविदा में सम्मिलित दोनो सामग्रियों का अलग–अलग दर अंकित कर वित्तीय निविदा लिफाफा दिनांक– 24.08.2026 को पूर्वा0 11:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय– झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा, विकास भवन–बी0 समाहरणालय परिसर, प्रथम–तल में हाँथों–हाँथ जमा करेंगें।

ऑनलाईन निविदा में अंकित कुल दर एवं वित्तीय निविदा लिफाफा में दोनो सामग्रियों का अंकित अगल–अलग दर का कुल योग में अन्तर नहीं होना चाहिए साथ ही निर्धारित अवधि में वित्तीय निविदा लिफाफा समर्पित नहीं करने वाले निविदादाताओं के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। एल–01 का निर्धारण GeM में निहित प्रावधान/मापदण्ड के अनुसार होगा।

विस्तृत शर्तें एवं विवरण GeM पोर्टल एवं उक्त सूचना जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर भी उपलब्ध है।

निविदा के अन्य शर्ते यथावत रहेंगें।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 388148 Human Resource Developement(26-27)D



## कार्यालय, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

Email : acmofood@gmail.com

### –: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना:–

निविदा संख्या –GRH/ACMO/01/2026–2027

जिला अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम, गढ़वा के तहत् स्कूली बच्चों के रिफ्रेक्शन के उपरान्त दृष्टिदोष पाये गये बच्चों एवं एवं प्रौढ़ावस्था व्यक्ति में पाये गये दृश्टिदोश के अनुसार उन्हें चश्मा उपलब्ध कराने हेतु चश्मा के क्रय के लिए दर निर्धारण हेतु चश्मा निर्माता/अधिकृत एजेंट/स्टॉकिस्ट/डिलर से द्वि लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा)के माध्यम से मुहरबंद निविदा, **दिनांक–05.09.2026 के अपराह्न 05.00 बजे** तक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय, गढ़वा, (सदर अस्पताल, गढ़वा परिसर) पिन कोड– 822114 के पते पर निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदा, **दिनांक–07.09.2026 को अपराह्न 12.30 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी। निविदा की विस्तृत विवरणी गढ़वा जिला के बेबसाईट garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 388137 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल,गढ़वा

### अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–10/2026–27

1 विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 29/08/2026 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 31/08/2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय:– 31/08/2026 को 03:30 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 **कार्य का विवरण:–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय उच्च विद्यालय भवनाथपुर स्टेडियम में विभिन्न मरम्मति का कार्य। | `10,28,300.00 | `20,600.00 | `2,500.00 | 01 माह |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**निविदा में परिमाण क्रय हेतु निम्नांकित भार्तों का पालन करना अनिवार्य होगा:–**

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिर्टन, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फर्म अद्यतन 3B एवं 1R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किये जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा का हीं होना अनिवार्य होगा, जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, गढ़वा के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है, तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण वश निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो वैसी स्थिति में परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) वापस नहीं की जायेगी।
- परिमाण विपत्र क्रय समय जिस संवेदक के नाम से निबंधन है, उसी नाम से डी0डी0 ड्राफ्ट होना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तें के लिए भवन प्रमण्डल, गढ़वा के सूचना पटट् को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 388104 Building(26-27).D

# मरीजों को मिल रही सुविधाओं की हकीकत जानने पहुंची टीम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। अस्पतालों में मरीजों को वास्तव में किस तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं, इसकी जमीनी हकीकत जानने के लिए राज्य स्तरीय टीम ने सदर अस्पताल और चंडी रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद सदर अस्पताल पहुंचकर सिविल सर्जन डॉक्टर जयप्रकाश से मिलकर जानकारी ली। टीम ने अस्पताल की व्यवस्था देखने के साथ मरीजों से सीधे बातचीत कर इलाज, दवा, जांच और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।टीम के डॉ. आनंद शर्मा और जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. सत्येंद्र कुमार शामिल थे। टीम ने मरीजों से पूछा कि उन्हें इलाज के दौरान किसी तरह की परेशानी तो नहीं हो रही है। दवा और जांच की सुविधा मिल रही है या नहीं, स्वास्थ्यकर्मी मरीजों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और अस्पताल में मिलने वाली अन्य सुविधाओं की स्थिति कैसी है, इसकी भी जानकारी ली। इसके बाद टीम ने जिला स्वास्थ्य समिति में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। आईडीएसपी, टीकाकरण से रोकी जा सकने वाली बीमारियों, रेबीज, सर्पदंश और एनपीसीसीएचएच समेत अन्य कार्यक्रमों से जुड़े रजिस्टर और अभिलेखों की जांच की गई। अधिकारियों ने रिकॉर्ड में दर्ज आंकड़ों और कार्यक्रमों की प्रगति का भी जायजा लिया।टीम के डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने यह भी देखा कि अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड नियमित रूप से अपडेट किए जा रहे हैं या नहीं। एसपीओटी की निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार जरूरी दस्तावेज और रजिस्टर उपलब्ध हैं या नहीं, इसकी भी जांच की गई। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कागजों पर दर्ज रिपोर्ट के बजाय अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं की वास्तविक स्थिति जानना है। मरीजों से सीधे बातचीत कर यह पता लगाने का प्रयास किया गया कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और अस्पताल की सुविधाओं का लाभ उन्हें किस हद तक मिल रहा है।

# मंत्री ने उर्वरक की उपलब्धता और कालाबाजारी पर सख्ती का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। समाहरणालय में शुक्रवार को जिला उर्वरक निगरानी समिति की बैठक जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार समेत जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि तथा थोक एवं खुदरा विक्रेता शामिल हुए।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने जिले में उपलब्ध उर्वरक के भंडार की जानकारी दी। वर्तमान में 8208.57 मीट्रिक टन यूरिया, 1635.25 मीट्रिक टन डीएपी, 468.8 मीट्रिक टन एमओपी, 6558.75 मीट्रिक टन एनपीके और 7348.68 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। खरीफ 2026 में अब तक 492 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई है। इसमें तीन प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति रद्द, 35 को निलंबित तथा 64 विक्रेताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है।मंत्री श्रवण कुमार ने डीएपी के अपेक्षाकृत कम भंडार पर गंभीरता जताते हुए निदेशालय को मांग-पत्र भेजकर पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को निर्धारित सरकारी दर पर ही उर्वरक मिले और कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए।जिला पदाधिकारी ने उर्वरक कंपनियों एवं विक्रेताओं को पर्याप्त स्टॉक रखने और किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिया।बैठक में धरती माता बचाओ अभियान पर भी जोर दिया गया। मंत्री ने किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक खाद और प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए जागरूक करने की अपील की। जिला पदाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी ही स्वस्थ फसल और पर्यावरण का आधार है। पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## एक नजर

### जर्जर किचन शेड में बन रहा 467 बच्चों का मध्याह्न भोजन



**बिहारशरीफ**। रहुई प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय दोसुत में 467 बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन तैयार करने वाली रसोई की बदहाल स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। जर्जर करकट के शेड के नीचे छह रसोइया बच्चों के लिए रोजाना भोजन बनाने को मजबूर हैं। बारिश के दौरान शेड से पानी टपकने के कारण रसोई में पानी जमा हो जाता है, जिससे चूल्हे और खाद्य सामग्री को सुरक्षित रखना मुश्किल हो जाता है। वहीं, तेज धूप में भी रसोइयों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।विद्यालय में प्रधानाध्यापक समेत कुल 11 शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यरत हैं। रसोइया मीना देवी, जय श्री देवी, सीमा देवी, कविता देवी, सुनीता देवी और प्रिंस कुमार ने बताया कि जर्जर शेड के कारण भोजन तैयार करने में हमेशा खतरा बना रहता है। ऊपर से पक्षियों के कारण भोजन में गंदगी गिरने की आशंका भी रहती है।प्रधानाध्यापक हीरालाल पासवान ने बताया कि किचन शेड की समस्या करीब दो वर्षों से बनी हुई है।

### 35 वर्षीया महिला ने जहर खा की आत्महत्या

**गिरियक**। गिरियक थाना क्षेत्र के महतपुरा गांव में शुक्रवार सुबह 35 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान महतपुरा गांव निवासी उपेंद्र मांझी की पत्नी सरिता देवी के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, सरिता देवी बंगाल में मजदूरी करती थी और कुछ दिन पहले ही घर लौटी थी। शुक्रवार सुबह बच्चों के साथ किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। इसके बाद गुस्से में आकर उसने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना सुबह करीब सात बजे की बताई जा रही है।जहरीला पदार्थ खाने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे इलाज के लिए ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे, इसी दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गिरियक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आत्महत्या के कारणों समेत घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### जनसुनवाई में 23 शिकायतों पर सुनवाई

बिहारशरीफ। नालंदा जिलाधिकारी द्वारा आयोजित जन-सुनवाई में आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान कुल 23 मामलों पर सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जन-सुनवाई में शिक्षक नियोजन, ईमादपुर स्थित श्मशान की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने और घेराबंदी के लिए राशि उपलब्ध कराने, परिमार्जन, आम गैरमजरुआ भूमि पर अतिक्रमण कर रास्ता अवरुद्ध करने, पिछले 15 वर्षों से बंद स्वास्थ्य केंद्र डुमरावां को पुनः चालू कराने तथा सेवांत लाभ की राशि का भुगतान नहीं होने समेत कई मामलों की सुनवाई हुई।सेवांत लाभ और शिक्षक नियोजन से संबंधित शिकायतों पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं, ईमादपुर श्मशान भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने और घेराबंदी के लिए राशि उपलब्ध कराने के मामले में अपर समाहर्ता को कार्रवाई करने को कहा गया।परिमार्जन संबंधी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अंचल अधिकारी, बेन तथा डुमरावां स्वास्थ्य केंद्र को दोबारा चालू कराने के लिए डीपीएम स्वास्थ्य को निर्देशित किया गया। आम गैरमजरुआ भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित शिकायत पर भी अपर समाहर्ता को कार्रवाई का निर्देश मिला।

# महिला से छिनतई मामले में 48 घंटे में दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। हरनौत बाजार के गोनावां रोड स्थित राम जानकी मंदिर के पास महिला से हुई छिनतई के मामले का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर उद्भेदन कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से छिनतई किए गए मोबाइल फोन और 400 रुपये नकद बरामद किए हैं। दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि 19 अगस्त को पटेल नगर निवासी अंजनी कुमार की पत्नी प्रतिमा कुमारी बाजार से घर लौट रही थी। इसी दौरान राम जानकी मंदिर के दक्षिण दिशा में घात लगाए चार बदमाशों ने उनका बैग छीन लिया और फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया, जबकि दो फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सबनाहुआ डीह निवासी राजू कुमार और नियामतपुर निवासी सनी कुमार के रूप में हुई है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# मंत्री ने 31 लाभार्थियों को बांटे 3.30 लाख का चेक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नालंदा**। सिलाव प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने 31 लाभार्थियों के बीच 3 लाख 30 हजार रुपये के चेक बांटे। इस दौरान जीविका के माध्यम से शौचालय निर्माण कराने वाले 29 लाभार्थियों को 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। वहीं, मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत पकरीसराय की रिंकू देवी और मोहनपुर के रजनीकांत पांडेय को 20-20 हजार के चेक सौंपे गए।इसके अलावा प्रखंड कार्यालय से निर्गत 6 शिशुओं के जन्म प्रमाण पत्र और 2 व्यक्तियों के मृत्यु प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।लाभार्थियों को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा सरकार ग्रामीण विकास और स्वच्छता के लिए प्रतिबद्ध है। बीमारियों से बचाव और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए हर घर शौचालय का उपयोग जरूरी है। उन्होंने ग्रामीण योजनाओं को धरातल पर उतारने में जीविका दीदियों के योगदान की सराहना की। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने लोगों से योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की।मौके पर त्रिनयन कुमार, डॉ. धनंजय कुमार देव समेत प्रखंड, अंचल व जीविका के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# नए एसपी हृदयकांत ने संभाली नालंदा की कमान

## अपराधियों में कानून का भय और जनता में भरोसा कायम करना प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा के नए पुलिस अधीक्षक हृदयकांत ने शुक्रवार को जिले की पुलिस की कमान संभाल ली। समाहरणालय में नालंदा पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। पदभार ग्रहण करते ही एसपी ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, शराबबंदी को सख्ती से लागू कराने और पर्यटकों की सुरक्षा को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बताया।एसपी हृदयकांत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता आम लोगों के मन में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा करना और अपराधियों में कानून का भय कायम करना है। उन्होंने कहा कि अपराध करने वालों के लिए जगह सलाखों के पीछे होगी। पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए कि शिकायत लेकर थाने पहुंचने वाला कोई भी फरियादी निराश होकर वापस न लौटे। पुलिसकर्मियों को संवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याएं सुनकर समय पर कार्रवाई करनी होगी।उन्होंने कहा कि शहर से गांव तक चैक-चैराहों और प्रमुख स्थानों पर पुलिस की सक्रिय मौजूदगी दिखनी चाहिए। अपराध होने के बाद कार्रवाई के साथ अपराध रोकना भी पुलिस की जिम्मेदारी है। इसके लिए गश्ती व्यवस्था को मजबूत करने और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मुस्तैदी बढ़ाई जाएगी।एसपी ने शराबबंदी के साथ सूखे नशे के कारोबार पर भी कड़ा प्रहार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल किसी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और अभियान लगातार जारी रहेगा।पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण नालंदा में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा को भी उन्होंने प्राथमिकता दी। राजगीर, नालंदा समेत प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षित और भयमुक्त माहौल उपलब्ध कराने के लिए पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच मजबूत विश्वास ही अपराध नियंत्रण की सबसे बड़ी ताकत है।

## नवादा

# जनसुनवाई में 36 परिवाद दर्ज, कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा** । बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित किए जाने की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा शम्भू शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों द्वारा कुल 36 परिवाद दर्ज कराए गए। अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। अपर समाहर्त्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अनुमंडल कार्यालय, नवादा सदर में भी अनुमंडल स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, अमित अनुराग द्वारा आमजनों की समस्याओं एवं प्राप्त परिवादों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार एवं समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पैंगरी में सखी वार्ता आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। 21 अगस्त 2026 को महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन एवं वन स्टॉप सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, पैंगरी, प्रखंड वारिसलीगंज में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को महिला एवं बाल सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सहायता एवं शिकायत निवारण सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की परामर्शी सुषमा कुमारी ने महिला हेल्पलाइन 181 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, दुर्व्यवहार अथवा अन्य समस्याओं की स्थिति में महिलाएं हेल्पलाइन के माध्यम से आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में जानकारी देते हुए बाल शोषण, बाल विवाह, बाल मजदूरी, गुमशुदगी अथवा संकट की स्थिति में सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के लैंगिक विशेषज्ञ पंकज कुमार ने पॉक्सो अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को अनुचित स्पर्श, व्यवहार अथवा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में चुप न रहने तथा अभिभावक, शिक्षक अथवा विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी देने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बाल अधिकार, साइबर अपराध एवं साइबर ठगी पर भी विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को महिला एवं बाल सुरक्षा को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए हिंसा, शोषण अथवा अपराध की स्थिति में समय पर उचित सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# वृद्धाश्रम में इनर व्हील क्लब ने बांटी मनोरंजन एवं खाद्य सामग्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। इनर व्हील क्लब नवादा की सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के बीच टीवी, दो कैरम बोर्ड, दो लूडो, गेंदों का पैकेट, फुटबॉल सहित विभिन्न खाद्य सामग्री का वितरण किया। खाद्य सामग्री में बिस्किट, हॉर्लिक्स, मिक्सचर और बेदाना शामिल थे। इस पहल का उद्देश्य बुजुर्गों को मनोरंजन के साथ-साथ सक्रिय और प्रसन्न रखना है। क्लब की प्रेसिडेंट रेखा रानी ने कहा कि वृद्धावस्था में लोगों का धार्मिक गतिविधियों की ओर झुकाव बढ़ना स्वाभाविक है। इसलिए टीवी के माध्यम से वे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ समाचार भी देख सकेंगे और आसपास तथा देश-दुनिया की जानकारी से जुड़े रहेंगे। खेल सामग्री उपलब्ध कराने का उद्देश्य मनोरंजन के साथ हल्की शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से उन्हें सक्रिय रखना है। उन्होंने कहा कि क्लब और वृद्धाश्रम की संचालिका का मुख्य उद्देश्य यही है कि यहां रहने वाले बुजुर्गों का जीवन बेहतर तरीके से बीते और उनका मन सकारात्मक गतिविधियों में लगा रहे। उन्होंने कहा कि कई बुजुर्ग शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी कमजोर महसूस करते हैं। ऐसे में छोटी-सी पहल से उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया गया है।

सामग्री पाकर वृद्धाश्रम के बुजुर्ग काफी खुश हुए। उन्होंने कहा कि अब मनोरंजन के साधन मिलने से उनका मन लगा रहेगा। कार्यक्रम में सचिव पुष्पा कुमारी, वाइस प्रेसिडेंट अंजना सिन्हा, आईएसओ मुस्कान कुमारी, आशा देवी, सावित्री बरनवाल, संध्या यशवाल, अदिति गोयल, रजनी कुमारी, अंजू चौधरी और बबिता जी सहित क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

### रामायण के अरुण गोविल 23 को आएंगे नवादा

**नवादा**। तुलसी जयंती के पावन अवसर पर आगामी 23 अगस्त 2026 को मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंतीनगर, नवादा (बिहार) में भव्य तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में रामानंद सागर के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में भगवान श्रीराम की अविस्मरणीय भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता एवं मेरठ लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री अरुण गोविल जी का नवादा की धरती पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इस अवसर पर मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, नवादा के लगभग 5,000 छात्र-छात्राएँ एक साथ श्रीरामचरितमानस के 'धनुष यज्ञ' एवं 'सीता स्वयंवर' प्रसंग का सामूहिक संगीतमय गायन प्रस्तुत करेंगे। हजारों विद्यार्थियों की सामूहिक सहभागिता से आयोजित यह अनूठा एवं भव्य सांस्कृतिक आयोजन तुलसीदास जी की अमर कृति रामचरितमानस के प्रति श्रद्धा एवं भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को समर्पित होगा। मॉडर्न ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, नवादा की ओर से समस्त नवादा जिलावासियों से सादर अनुरोध है कि इस ऐतिहासिक एवं भव्य तुलसी जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएँ तथा श्री अरुण गोविल जी के स्वागत एवं अभिनंदन के इस विशेष अवसर के साक्षी बनें।

### पुलिस ने 75 गोवंश को मुक्त कराया

**नारदीगंज,नवादा**। पुलिस ने तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए ट्रक से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 75 गोवंश को मुक्त कराया है। गौ रक्षणी गया की संचालक लता देवी की शिकायत पर नारदीगंज थाने में मामला (कांड संख्या 304/2026) दर्ज कर चालक व उप-चालक समेत चार को नामजद आरोपी बनाया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि 19 अगस्त को गया से गोवंश लदे ट्रक का पीछा गौ रक्षणी के सदस्यों ने किया। चालक मानपुर रेलवे क्रॉसिंग तोड़कर भागा, लेकिन सूचना पर पुलिस की बढ़ती दबिश देख तस्कर बस्ती बिगहा के पास ट्रक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने 20 अगस्त को सभी 75 मवेशियों को बोधगया स्थित ज्ञान फाउंडेशन को सुपुर्द कर दिया। आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

# मनोज कुमार ने अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, नवादा के रूप में ग्रहण किया प्रभार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। गुरुवार के पूर्वाह्न में मनोज कुमार, बि०प्र०से० ने अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, नवादा के पद पर प्रभार ग्रहण किया। प्रभारी अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, नवादा शम्भु शरण पाण्डेय, बि०प्र०से० द्वारा उन्हें उक्त पद का प्रभार सौंपा गया। प्रभार ग्रहण करने के उपरांत मनोज कुमार ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित कार्यों में तेजी लाने, भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, अतिक्रमण एवं अन्य राजस्व मामलों के समयबद्ध निष्पादन पर विशेष बल दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सरकार द्वारा संचालित राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आम नागरिकों तक ससमय पहुंचाने तथा लंबित मामलों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर समाहरणालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा नवपदस्थापित अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी का स्वागत किया गया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

# विद्यालयों की बदहाली पर विधायक विभा देवी ने जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। नवादा विधानसभा क्षेत्र के उच्च एवं माध्यमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता तथा छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सदर विधायक विभा देवी ने विद्यालयों का औचक निरीक्षण शुरू किया है। शुक्रवार को विधायक ने नवादा नगर स्थित गांधी इंटर विद्यालय एवं राजकीयकृत कन्या इंटर विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रबंध समिति के अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गांधी इंटर विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कक्षाओं के अनियमित संचालन, शौचालय में ताला लगे रहने तथा स्मार्ट क्लास की बदहाल स्थिति को लेकर विधायक ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने और उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि विद्यालय के पास पर्याप्त फंड उपलब्ध रहने के बावजूद विकास कार्य लंबित रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिभावकों की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके बाद विधायक ने राजकीयकृत कन्या इंटर विद्यालय का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने विद्यालय में आवश्यक विकास कार्यों को लेकर प्रबंध समिति एवं प्राचार्य के साथ मंत्रणा की। निरीक्षण के दौरान क्लासरूम, मीटिंग हॉल तथा मुख्य द्वार निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई। विधायक ने विद्यालय के उपलब्ध फंड से इन कार्यों को पूरा कराने का निर्देश दिया। दौरे के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी भी मौजूद रहीं। उन्होंने भी विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर देते हुए संसाधनों के दुरुपयोग पर नाराजगी जताई। निरीक्षण काफिले में ब्रजेंद्र कुशवाहा, अनिल प्रसाद सिंह, उमेश हरि, अमरेंद्र, घोषु जी, अजय यादव सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षा प्रेमी मौजूद रहे।

# गाजर घास के उन्मूलन को लेकर सोखोदेवरा में निकाली गई जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा की ओर से प्रखंड के सोखोदेवरा गांव में गाजर घास (पार्थेनियम) जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से किसानों एवं ग्रामीणों को गाजर घास से होने वाले नुकसान तथा इसके प्रभावी नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में फार्म प्रबंधक सुमिताभ रंजन एवं कार्यक्रम सहायक अनिल कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को गाजर घास के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए खेतों, आसपास के क्षेत्रों एवं रिहाइशी इलाकों को पार्थेनियम मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया। फार्म प्रबंधक एवं कार्यक्रम सहायक ने बताया कि गाजर घास फसलों की उत्पादकता एवं मिट्टी की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। इसके संपर्क में आने से मनुष्यों में त्वचा संबंधी एलर्जी एवं दमा जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जबकि पशुओं के स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। किसानों को सलाह दी गई कि गाजर घास में फूल और बीज आने से पहले ही उसे जड़ सहित उखाड़कर नष्ट कर दें,ताकि इसका प्रसार रोका जा सके। इसके अलावा जैविक नियंत्रण तथा आवश्यकता के अनुसार जैविक एवं रासायनिक दवाओं के उचित प्रयोग की जानकारी भी दी गई।रैली में सोखोदेवरा गांव के किसानों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने खेतों तथा आसपास के क्षेत्रों को गाजर घास से मुक्त रखने का संकल्प लिया।

# 27 अगस्त 2026 को एकदिवसीय मेला का होगा आयोजन

**नवादा**। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के निदेश के आलोक में जिला नियोजनालय, नवादा द्वारा दिनांक-27 अगस्त 2026 को संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय (नजदीक सरकारी आई.टी.आई. कैंपस, गोनावां), नवादा के प्रांगण में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला ''नियोजक आपके क्षेत्र'' कार्यक्रम के तहत निःशुल्क रोजगार का सुनहरा अवसर लेकर आया है। जिसमें राज्य एवं अन्य राज्यों से लगभग 25-30 नियोजकों के भाग लेने की संभावना है। इसमें नन-मैट्रिक से उच्चतर योग्यताधारी बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर हैं। साथ ही इस रोजगार मेले में के.वाई.पी., डोमेन, आर.टी.डी., पी.एम.के.वी.वाई., पी.एम.के.के. आदि से प्रशिक्षित युवक/युवतियों के लिए भी सुनहरा अवसर है। साथ ही इस कार्यक्रम में स्वरोजगार एवं कौशल विकास हेतु मार्गदर्शन कार्यक्रम एवं सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाएगी।

# नशामुक्त युवा विकसित भारत की मजबूत नींव : डॉ. प्रेम कुमार

## चित्रकला एवं लूडो प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** केंद्रीय संचार ब्यूरो एवं प्रसारण मंत्रालय गया जी द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत 'विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा' विषय पर एकदिवसीय जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, रसलपुर, मानपुर, गया जी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. श्वेता कुमारी, सीनियर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं निदेशक, माइंडफुल माइंड सेंटर, गया जी तथा कंसल्टेंट क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, मिलिट्री हॉस्पिटल, गया जी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार प्रवीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गया जी के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी भानु कुमार झा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं और विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षकों से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के 'मानस' एप्लिकेशन को इंस्टॉल करने का आग्रह किया, ताकि नशामुक्ति एवं मादक पदार्थों से संबंधित आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध हो सके। डॉ. श्वेता कुमारी ने नशे की लत के मनोवैज्ञानिक एवं क्लिनिकल पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विभिन्न मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक परिस्थितियां किसी व्यक्ति को नशे की ओर धकेल सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तनाव एवं विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए सकारात्मक 'कोपिंग मैकेनिज्म' अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक सोच, परिवार एवं मित्रों का सहयोग तथा रचनात्मक गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि नशामुक्त युवा विकसित भारत के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से पूरी तरह दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में उपयोग ही देश को विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से ले जा सकता है। डॉ. प्रेम कुमार ने नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गया जी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व-प्रचार गतिविधियों के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा 9 की छात्राओं आराध्या कुमारी, निशु कुमारी एवं श्वेता कुमारी को चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं, लूडो प्रतियोगिता की विजेता गुंजा कुमारी एवं सुहानी कुमारी को उपहार, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अन्य सभी प्रतिभागियों को भी मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

# दुग्ध संग्रहण में लगातार वृद्धि

## दो लाख लीटर प्रतिदिन के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा मगध दुग्ध संघ : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में कॉम्फेड के एमडी के साथ मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, गया के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में दुग्ध संग्रहण बढ़ाने, दुग्ध समितियों के विस्तार, पशुपालकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा महिला सहभागिता बढ़ाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मगध दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध संग्रहण के क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। वर्तमान में संघ द्वारा प्रतिदिन लगभग 95 हजार लीटर दूध का संग्रहण किया जा रहा है। इसे बढ़ाकर 2 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गया, औरंगाबाद, जहानाबाद एवं अरवल जिलों में दुग्ध समितियों का विस्तार एवं उन्हें क्रियाशील बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम छमाही में 957 नई दुग्ध समितियों के गठन के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 698 समितियों का गठन किया जा चुका है जिनमें 250 से अधिक समितियां क्रियाशील हो चुकी हैं। वर्तमान में 1,400 से अधिक क्रियाशील दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं तथा 60 हजार से अधिक पशुपालक किसान संघ से जुड़ चुके हैं। अध्यक्ष ने कहा कि पशुपालकों को पारदर्शी एवं समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए डीएटी प्रक्रिया को भी गति दी जा रही है। निर्धारित 844 डीसीएस के लक्ष्य के विरुद्ध 430 से अधिक समितियों को डीएटी के लिए तैयार किया जा चुका है। डॉ. प्रेम कुमार ने महिला सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जीआईसीए परियोजना के तहत गठित 160 महिला दुग्ध समितियों का दुग्ध संग्रहण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है और इस दिशा में और अधिक प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को स्थानीय स्तर पर बेहतर पशु स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कॉम्फेड द्वारा प्रत्येक प्रखंड में पशु औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं। इसके अलावा 150 से अधिक सुधा सखियों के फॉर्म जमा किए जा चुके हैं। अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण परिवारों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पशुपालकों के घरों पर बायोगैस सिस्टम स्थापित कराया जा रहा है। इसके लिए अब तक 140 से अधिक पशुपालकों का चयन किया जा चुका है। इससे पशुपालकों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होने के साथ-साथ जैविक खाद के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि दुग्ध समितियों का विस्तार, पशुपालकों की बढ़ती भागीदारी, महिलाओं की सक्रिय सहभागिता, बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा स्वच्छ ऊर्जा की पहल से मगध दुग्ध संघ को नई गति मिली है।

# कोंचेश्वर महोत्सव की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड मुख्यालय में 24 एवं 25 अगस्त को होने वाले दो दिवसीय कोंचेश्वर महोत्सव की तैयारियों का शुक्रवार को अधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन, बीडीओ चंदन कुमार और सीओ रितु सोनी ने पंडाल, मंच, साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीओ ने समय पर सभी काम पूरा करने और आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। पेयजल को लेकर पीएचईडी के जेई सुनील कुमार को कार्यक्रम स्थल व आसपास के खराब चापाकलों को तुरंत ठीक कराने को कहा गया। अधिकारियों ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है, इसलिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था जरूरी है। बीडीओ और सीओ को लगातार निगरानी कर संबंधित विभागों से समन्वय बनाने का निर्देश मिला। प्रशासन ने महोत्सव को सफल और व्यवस्थित बनाने का भरोसा जताया।

# सुरक्षाबलों ने पांच किलो का आईईडी किया बरामद

## जमीन के अंदर स्टील के कंटेनर में छिपा रखा था विस्फोटक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**इमामगंज।** गयाजी जिले के नक्सल प्रभावित लुटुआ थाना क्षेत्र के नागोबार जंगल में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब 4 से 5 किलोग्राम वजन का कमांड मैकेनिज्म युक्त आईईडी बरामद किया। नक्सलियों ने इसे सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से जमीन के नीचे छिपाकर रखा था। बीडीडीएस टीम ने समय रहते विस्फोटक को बरामद कर मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। इमामगंज एसडीपीओ अब्दुल रहमान दानिश के नेतृत्व में जिला पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने नागोबार और आसपास के जंगलों में सर्च अभियान चलाया। डी/215 बटालियन सीआरपीएफ को मिली सूचना के बाद कमांडेंट विनोद कुमार मोहरिल और गया एसएसपी सुशील कुमार के निर्देश पर शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान जवान नागोबार कैंप से गुलरिया तरी होते हुए सिंघवा क्षेत्र की तरफ आगे बढ़ रहे थे। घने जंगल और पहाड़ी इलाके में सुरक्षाबलों की टीम ने संदिग्ध स्थानों की बारीकी से जांच शुरू की। तलाशी के दौरान बीडीडीएस कर्मियों ने डीएसएमडी की सहायता से जमीन की जांच की। एक स्थान पर मशीन से संकेत मिलने के बाद जवानों ने सावधानी के साथ उस जगह की खुदाई की। खुदाई में जमीन के नीचे काले पॉलिथीन से लिपटा स्टील का कंटेनर मिला। जांच करने पर कंटेनर के अंदर करीब 4 से 5 किलोग्राम वजन का कमांड मैकेनिज्म युक्त आईईडी बरामद किया गया। इसके बाद आसपास के इलाके को सुरक्षित करते हुए बीडीडीएस टीम ने आईईडी को निर्धारित सुरक्षा प्रक्रिया के तहत मौके पर ही निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया। सुरक्षाबलों के मुताबिक, जिस तरीके से आईईडी को जमीन के अंदर छिपाकर रखा गया था, उससे आशंका है कि इसे पुलिस और सीआरपीएफ जवानों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाया गया था।

# शराब पीकर हंगामा और नाबालिग के अपहरण में दो गिरफ्तार, लड़की बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गया।** कोंच थाने की पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक मामले में शराब पीकर गाली-गलौज करने वाले को पकड़ा गया, वहीं दूसरे मामले में नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी को दबोचकर लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि थाना कांड संख्या 293/26 में प्राथमिकी अभियुक्त रमेश दास, निवासी ग्राम बाली मठ को शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई एएसआई संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की। वहीं थाना कांड संख्या 286/26 के प्राथमिकी अभियुक्त नीतीश कुमार, निवासी ग्राम कोंच को लड़की के अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया। एसआई चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने आरोपी को पकड़ने के साथ ही अपहृत लड़की को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने बरामद लड़की का बयान दर्ज कराने के लिए उसे न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों मामलों में साक्ष्य संकलन कर शीघ्र चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की जाएगी।

# बाल संरक्षण संस्थानों में बच्चों की सुविधाओं का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, पटना के सदस्य राकेश कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को गया जिले के भ्रमण के क्रम में विभिन्न बाल संरक्षण एवं बाल कल्याण संस्थानों का निरीक्षण किया गया। सदस्य द्वारा पर्यवेक्षण गृह, गया, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, गया तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, गया का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं, बच्चों के रहन-सहन, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित संस्थानों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई तथा बाल हित में संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान सदस्य द्वारा संस्थानों में बच्चों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, उनकी आवश्यकताओं का समुचित ध्यान रखने तथा बाल संरक्षण से संबंधित व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही बच्चों के सर्वोत्तम हित, सुरक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी निर्धारित मानकों एवं प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। सदस्य के निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, गया उपस्थित रहे तथा निरीक्षण से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं अद्यतन स्थिति से सदस्य को अवगत कराया गया। सदस्य ने संस्थानों की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं बाल हितैषी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

# मोटर चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के चिताब खुर्द गांव से मोटर चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चिताब खुर्द निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चेरकी स्थित एक कबाड़ी दुकान से चोरी की मोटर बरामद करते हुए दुकानदार फिरोज खान को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में मोटर चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चिताब खुर्द निवासी रोहित कुमार को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में मोटर चोरी करता था। इसके लिए सभी आरोपी टोटो पर सवार होकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी की गई मोटरों को बाद में कबाड़ी दुकानों में बेच दिया जाता था। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान रोहित कुमार ने चोरी की मोटरों को बेचने से संबंधित जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद उसकी निशानदेही पर चेरकी स्थित एक कबाड़ी दुकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चोरी की मोटर बरामद करते हुए कबाड़ी दुकानदार फिरोज खान को हिरासत में लिया।

# दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** नारियों के स्वावलंबन की दिशा में निरंतर कार्य करने वाली संस्था गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर के प्रधान कार्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ है, जो शनिवार तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में ममता, कविता, गुनगुन, ज्योति, शशि, सपना, जीवा प्रवीण, रानी देवी, सरिता, रिया, पूजा कुमारी, सोनी कुमारी, अनिता देवी, रेनू देवी, मुस्कान, काजल, अंजलि और गुड़िया आदि छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया है। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मक क्षमता का बेहतरीन परिचय देते हुए बेहद कलात्मक और सुंदर राखियां तैयार कीं। राखी निर्माण में रेशम और सूती धागे, चमकदार मोती, कुंदन, जरी, लेस, स्टोन, रंगीन फोम शीट और चमकीले गत्ते जैसी विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया गया जिससे मनमोहक राखियां तैयार की। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें अन्य धर्मों की महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गंगा-जमुनी तहजीब की एक बेहतरीन मिसाल पेश की। मुस्लिम समुदाय से जुड़ी छात्रा जेवा प्रवीण ने बताया कि वे पहली बार राखी बनाना सीख रही हैं और कला सीखने की कोई सीमा नहीं होती, यह अनुभव उन्हें बेहद अच्छा लग रहा है। वहीं, एक अन्य मुस्लिम छात्रा मुस्कान ने भी अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कविता कुमारी ने बताया कि वे खुद राखी बनाकर अपने भाइयों की कलाई पर बांधेंगी। पहली बार राखी बनाने सीख रही हूं।

# आज पांच घंटे विद्युतापूर्ति रहेगी बाधित, 33 केवी लाइन का होगा मेंटेनेंस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** 33 केवी विद्युत लाइन के आवश्यक मेंटेनेंस के कारण शनिवार को कोंच प्रखंड क्षेत्र में करीब 5 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता विशाल कुमार चौधरी और कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार ने बताया कि शनिवार 22 अगस्त को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक लाइन बंद रखी जाएगी। इस दौरान लाइन की मरम्मत और जरूरी रख-रखाव का काम किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार बिजली बंद रहने से कोंच प्रखंड के विभिन्न गांवों और बाजार क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है। इसे देखते हुए लोगों से अपील की गई है कि वे पानी भरने और अन्य जरूरी काम दोपहर 12 बजे से पहले निपटा लें। विभाग ने कहा कि मेंटेनेंस पूरा होते ही निर्धारित समय पर आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली देना है। इस मौके पर समरेश सिंह सहित विद्युत विभाग के कर्मी मौजूद थे।


**असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**(जिला यक्ष्मा कार्यालय, गढ़वा)**
Email Id: dtojhgrh@rntcp.org

**(अतिअल्पकालीन निविदा संबंधी सूचना)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या 01/2026 दिनांक –13/08/2026 PR 387503 2026-27 की अवधि विस्तार दिनांक– 21/08/2026से बढाकर दिनांक–05/09/2026 तक किया जाता है। निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

ह0/
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.388151 Health Med Edu and Family Welfare(26-27):D


# शल्य क्रिया के दौरान मरीज की मौत, ओम साई हेल्थ क्लीनिक सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शहर के नगर परिषद के समीप स्थित ओम साई हेल्थ क्लीनिक में शल्य क्रिया के दौरान एक मरीज की मौत के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मरीज की मौत के बाद असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गया के निर्देश के आलोक में शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी ने पत्र जारी कर क्लीनिक को सील करने का आदेश दिया। आदेश के बाद शुक्रवार को प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक को सील कर दिया। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी उषा कुमारी ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश के आधार पर शुक्रवार को शेरघाटी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार एवं अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक उदय कुमार की मौजूदगी में ओम साई हेल्थ क्लीनिक को सील किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में निषेधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। प्रशासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है वरीय अधिकारियों द्वारा दिये गए आदेश के आधार पर क्लीनिक को सील करने की कार्रवाई किया गया। इसके लिए अंचलाधिकारी उषा कुमारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था। आदेश के अनुसार सील बंदी की कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

# शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्सस संवाददाता**

**डुमरिया।** थाना क्षेत्र के सोनपुरा गांव से पुलिस ने 20 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनपुरा गांव निवासी रामविलास भुईयां, पिता स्व. प्रसाद भुईयां के रूप में हुई है। इस संबंध में स्थानीय थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को शराब के साथ पकड़ा गया।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No. – U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in two parts PartI as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 459/PR/JUSNL/ 2026-27 | Height raising of boundary wall in main road side at 132/33 kV GSS, Latehar. | Rs. 886/- (including GST @ 18%) | Rs. 10000/- |
| 2. | 460/PR/JUSNL/ 2026-27 | Construction of boundary wall along the back varandah of various quarters of colony campus of Transmission Zone-IV, Medininagar. | Rs. 886/- (including GST @ 18%) | Rs. 10000/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents 25.08.2026 at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto 14.09.2026 at 03:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto 15.09.2026 at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : 16.09.2026 at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ- IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement o f holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9835768602.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 388163 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (26-27)D


# तारकेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर में भजन कीर्तन का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** हर साल की भांति श्रावण मास के पावन पवित्र मास के अवसर पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से विभिन्न ग्राम से आए कीर्तन मंडली द्वारा टिकारी स्थित श्री श्री 1008 श्री तारकेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर व शनि मंदिर स्थित कमिटी हॉल में भजन कीर्तन का एक पर एक प्रस्तुति दी गई। लोगों ने भजन कीर्तन पर आनंदित होते नजर आए। रामा गाइए गणपति जग वंदन, शंकर सुमन भवानी के नंदन सहित कैलाश पति के मंदिर में डमरू के डमाडम डम निकले, व का करल मनुष्य तनमा पाके भजन न कैलअ सहित अनेकों धुन पर आधारित एक पर एक भजन, कीर्तन, कजरी, ठुमरी का प्रस्तुति दिया गया।

# वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** इमामगंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र नगवां फतेहपुर गांव में कार्रवाई करते हुए कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर फिरंगी भारती को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक पूछताछ पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# शराब छोड़ भागा धंधेबाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** कोठी थाना क्षेत्र के देवरिया मोड़ के पास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। पुलिस की भनक लगते ही शराब का धंधा करने वाला व्यक्ति मौके से फरार हो गया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सच्चितानंद राय ने बताया कि पुलिस टीम को देखकर धंधेबाज शराब फेंककर भाग निकला।


**HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION**
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2026-2027**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations** (NSEs) (for science subjects) on **November 21 and 22, 2026**, conducted by **the Indian Association of Physics Teachers** (IAPT).

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2027**.

To enroll:
NSEs: https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2026)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in

cbc48143/11/0005/2627

संपादकीय

# यह राजनीतिक सशक्तिकरण भी!

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में जारी लाड़ली बहना और लाड़ली लक्ष्मी योजना को और पांच साल तक जारी रखने का फैसला महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही, साथ में महिलाओं के वोटों को आने वाले तीन चुनावों के लिए पक्का करने का राजनीतिक निर्णय भी है। भले ही इसके लिए सरकार के बजट पर भारी दबाव पड़ रहा हो और सरकारी तंत्र कर्ज के भरोसे चल रहा हो। मंगलवार को मोहन यादव कैबिनेट बैठक में इन दोनों योजनाओं को अगले 5 साल तक जारी रखने का फैसला लिया गया। इसके तहत सरकार लाड़ली बहना योजना पर 1 लाख 14 हजार 365 करोड़ और लाड़ली लक्ष्मी योजना पर 16 हजार 326 करोड़ रुपए खर्च करेगी। खास बात यह कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में इस बार रक्षाबंधन पर लाभार्थियों को 250 रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे। हर महीने मिलने वाली 1500 रुपए की किस्त के साथ यह राशि जुड़ने से 19 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में कुल 1750 रुपए पहुंचाए। लाड़ली बहना की 39वीं किश्त मुख्यमंत्री ने बुधवार को मैहर में आयोजित कार्यक्रम में ट्रांसफर भी कर दी। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 13 हजार से अधिक पात्र महिलाओं के बैंक खातों में कुल 2,148 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि अंतरित की। इसी तरह राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसमें 60% केंद्र जबकि 40% राज्य का हिस्सा रहेगा। इसके अलावा उज्ज्वला योजना का लाभ लेने वाली पात्र महिलाओं को भी इस बार 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के कार्यकाल में जून 2023 में हुई थी। अगस्त 2026 तक योजना की 39 किस्तों के जरिए पात्र महिलाओं के खातों में 63 हजार 248 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहुंचाई जा चुकी है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के लिए 23 हजार 882.81 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो मप्र में अगले तीन सालों में क्रमशः नगरीय निकाय और पंचायत फिर विधानसभा चुनाव और उसके बाद लोकसभा के चुनाव होंगे। प्रदेश में कुल महिला मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 60 लाख से अधिक है, जबकि लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित महिलाओं की संख्या 1 करोड़ 25 लाख से कुछ कम है। इसी तरह लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों की संख्या करीब 53 लाख है। दोनों मिला लें तो यह तादाद पौने 2 करोड़ होती है, जो कुल महिला मतदाताओं की संख्या का लगभग 70 फीसदी होती है।

अगर इसमें से 80 प्रतिशत वोट भी एकतरफा पड़ जाएं तो चुनाव का नतीजा बदल सकता है। 2023 के विधानसभा चुनाव में लाड़ली बहना योजना ने ही भाजपा की सत्ता में वापसी कराई थी। जब उस वक्त माना जा रहा था कि लंबे समय से सत्ता में रही सरकार के खिलाफ एंटी इकम्बेंसी चरम पर है। लाडली बहना के रूप में शिवराज ने न केवल भाजपा बल्कि सभी राज्य सरकारों को चुनाव जीतने का एक शर्तिया फार्मूला हाथ में दे दिया। जिसमें एक बंगाल को छोड़ दें तो अधिकांश राज्यों के विधानसभा चुनावों में सफलता से प्रयोग हुआ है। बंगाल में तत्कालीन सीएम ममता बैनर्जी ने भी इसी तरह की योजना पहले से चला रखी थी, लेकिन उनके खिलाफ मतदाताओं की नाराजगी इतनी ज्यादा थी कि नकद सहायता योजना भी उनकी सरकार नहीं बचा सकी। आर्थिक दृष्टि से देखें तो हर माह बिना किसी मेहनत के बैंक खाते में आने वाली यह छोटी सी राशि भी गरीब महिलाओं के लिए अमृत समान है।

# झारखंड छात्र आंदोलन में सीबीआई जांच न करवाने के मायने

**छात्रों के भारी दबाव के बाद झारखंड सरकार ने जिन प्रमुख परीक्षाओं को रद्द किया है, उनमें सबसे बड़ी जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा शामिल है। इसके अलावा, एक विवादित और दागी आउटसोर्सिंग एजेंसी 'टीआरएस डेटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड' (टीडीपीएल) के जरिए वर्ष 2014 से लेकर अब तक जितनी भी परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, उनके परिणाम जारी हुए थे या जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ था, उन सभी प्रक्रियाओं को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। इतना ही नहीं, सरकार ने इससे पहले ही छात्रों के भारी विरोध को देखते हुए 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा और वर्ष 2023 और 2025 में आयोजित जेपीएससी की बैकलॉग परीक्षाओं को भी रद्द करने का फैसला लिया था। इन परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर प्रश्नपत्र लीक होने, डिजिटल धांधली करने और पैसों के लेन-देन के गंभीर आरोप लगे थे, जिसके बाद तीन जेपीएससी सदस्यों को अपने पदों से इस्तीफा तक देना पड़ा था।**

झारखंड में छात्रों के चौतरफा और ऐतिहासिक आंदोलन के आगे आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार झुक गई है और उसने राज्य की सबसे विवादित झारखंड कर्मचारी चयन आयोग-संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा को रद्द करने के साथ ही साल 2014 से अब तक निजी एजेंसी टीडीपीएल द्वारा ली गई सभी भर्ती परीक्षाओं और नियुक्तियों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट की एक मैराथन बैठक बुलाई और इस बड़े फैसले पर मुहर लगा दी। छात्रों की इस अभूतपूर्व जीत के बाद राज्य भर के परीक्षा केंद्रों और प्रदर्शन स्थलों पर जश्न का माहौल है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ा पेंच अभी भी फंसा हुआ है। छात्र संगठन इस पूरे घोटाले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई जांच की मांग पर अड़े हुए हैं, जिसे राज्य सरकार ने फिलहाल सिरे से खारिज कर दिया है। मुख्यमंत्री सोरेन ने इस पूरे मामले की कमान राज्य की अपराध अनुसंधान विभाग और विशेष जांच दल को सौंपते हुए वर्ष 2014 से हुई गड़बड़ियों की व्यापक जांच का आदेश दिया है, लेकिन वह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार से सीबीआई जांच की सिफारिश करने से साफ बच रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों और जानकारों का मानना है कि राज्य सरकार को डर है कि अगर यह जांच सीबीआई के हाथों में चली गई, तो जांच की आंच सीधे सरकार के शीर्ष अधिकारियों और सत्ता के गलियारों तक पहुंच जाएगी, जिससे उनकी राजनीतिक गर्दन पूरी तरह से दिल्ली में बैठी केंद्र सरकार के हाथों में आ जाएगी। इस पूरे विवाद की जड़ में वह परीक्षाएं हैं, जिन्हें लेकर पिछले कई महीनों से राज्य का युवा सड़कों पर उतरा हुआ था। छात्रों के भारी दबाव के बाद झारखंड सरकार ने जिन प्रमुख परीक्षाओं को रद्द किया है, उनमें सबसे बड़ी जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा शामिल है। इसके अलावा, एक विवादित और दागी आउटसोर्सिंग एजेंसी 'टीआरएस डेटा प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड' (टीडीपीएल) के जरिए वर्ष



2014 से लेकर अब तक जितनी भी परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, उनके परिणाम जारी हुए थे या जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ था, उन सभी प्रक्रियाओं को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। इतना ही नहीं, सरकार ने इससे पहले ही छात्रों के भारी विरोध को देखते हुए 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा और वर्ष 2023 और 2025 में आयोजित जेपीएससी की बैकलॉग परीक्षाओं को भी रद्द करने का फैसला लिया था। इन परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर प्रश्नपत्र लीक होने, डिजिटल धांधली करने और पैसों के लेन-देन के गंभीर आरोप लगे थे, जिसके बाद तीन जेपीएससी सदस्यों को अपने पदों से इस्तीफा तक देना पड़ा था। सरकार ने अब परीक्षाओं के आयोजन में सुधार लाने और पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमिताभ कौशल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय परीक्षा सुधार समिति का गठन भी कर दिया है।

पिछले 24 दिनों का घटनाक्रम झारखंड के इतिहास में युवाओं के सबसे बड़े और संगठित विद्रोह की कहानी बयां करता है। आंदोलन की शुरुआत जुलाई के आखिरी हफ्तों में हुई थी, जब जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के आयोजन और उसके नतीजों में भारी विसंगतियां और धांधली के सबूत सोशल मीडिया पर तैरने लगे थे। इसके बाद छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने रांची की सड़कों पर उतरकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते इस आंदोलन ने एक उग्र रूप ले लिया और छात्र नेताओं ने जयपाल सिंह स्टेडियम और अन्य प्रमुख स्थलों पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया।


पिछले दो हफ्तों से छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो और राहुल क्रांति समेत कई अन्य अभ्यर्थी आमरण अनशन पर बैठ गए थे। भूख हड़ताल की वजह से कई छात्रों की तबीयत इस कदर बिगड़ गई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके बावजूद छात्रों का हौसला नहीं डगमगाया और उन्होंने सरकार से साफ कह दिया कि जब तक परीक्षाएं रद्द नहीं होंगी और पारदर्शी जांच की गारंटी नहीं मिलेगी, वे पीछे नहीं हटेंगे। छात्रों ने 20 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने और राज्य विधानसभा तक एक विशाल पैदल मार्च निकालने का भी एलान कर दिया था, जिसने सोरेन सरकार के भीतर एक राजनीतिक घबराहट पैदा कर दी थी।

आंदोलन के बढ़ते दबाव और छात्रों की बिगड़ती सेहत को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने मंत्रियों के साथ एक आपातकालीन बैठक करनी पड़ी। इस बैठक में राज्य के खुफिया इनपुट और पुलिस विभाग की रिपोर्ट को सामने रखा गया, जिसमें यह साफ हो गया था कि छात्रों का यह गुस्सा राज्य सरकार के लिए आगामी चुनावों में भारी नुकसानदेह साबित हो सकता है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खुद सामने आकर घोषणा की कि सीआईडी और एसआईटी की जांच में कुछ बेहद चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिन्हें इस मोड़ पर उजागर नहीं किया जा सकता। उन्होंने माना कि परीक्षाओं का संचालन करने वाली बाहरी एजेंसियां एक बड़े रैकेट का हिस्सा हैं, जो झारखंड के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही थीं। सरकार ने तुरंत टीडीपीएल को ब्लैकलिस्ट करते हुए उसके द्वारा कराए गए पिछले दस साल के सभी कामों को शून्य घोषित कर दिया। मंत्रियों की मौजूदगी में अस्पताल में भर्ती अनशनकारी छात्रों को जूस पिलाकर उनका अनशन खत्म कराया गया, जिसे छात्र संगठनों ने अपनी आधी और ऐतिहासिक जीत माना।

हालांकि, परीक्षाओं के रद्द होने से आंदोलन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, बल्कि इसने एक नया राजनीतिक और कानूनी मोड़ ले लिया है। छात्र संगठन और विपक्षी दल अब भी इस बात पर अड़े हैं कि राज्य की सीआईडी या एसआईटी इस विशाल सिंडिकेट और उसके असली सरगनाओं को कभी नहीं पकड़ पाएगी। छात्रों का तर्क है कि जब तक इस पूरे मामले की जांच देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी सीबीआई नहीं करेगी, तब तक पर्दे के पीछे बैठे असली 'मास्टरमाइंड' और सफेदपोश राजनेता कभी बेनकाब नहीं होंगे। दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सीबीआई जांच से इनकार करना उनकी राजनीतिक मजबूरी और केंद्रीय एजेंसियों के डर को दर्शाता है। सोरेन सरकार का मानना है कि केंद्र की भाजपा सरकार सीबीआई का इस्तेमाल विपक्षी दलों को कुचलने और राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए एक राजनीतिक हथियार के रूप में करती रही है।

अध्यात्म

# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें।

विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा।

पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है?

विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो..

वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं।

उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। कैसे हुए भाई-भाई

भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से?

विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का।

भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है।

विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं।

फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न?

इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन्, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

# भारत में दिमागी नक्सलः वास्तविकता या मिथक

**भारतवर्ष वैश्विक पटल पर विकसित तथा मजबूत राष्ट्र बनने की कोशिश में अवश्य है, परन्तु सामने दिमागी नक्सल जैसी प्रतिक्रियावादी वैचारिक अराजकता से निपटने की चुनौती भी है। सांस्कृतिक मार्क्सवाद, नव-मार्क्सवाद, पाश्चात्य मार्क्सवाद, अस्तित्ववादी मार्क्सवाद जैसे विभिन्न नामों से उल्लेखित वैचारिक सोच का एक नाम दिमागी नक्सल भी है। प्रधानमंत्री के अनुसार हिंसक नक्सलवाद के सफाए के बाद इसके वैचारिक समर्थक दिमागी नक्सल, हिंसा तथा अराजकता का माहौल बनाने के अवसर तलाश रहे हैं। दिमागी नक्सल सत्ता से सिर्फ प्रत्यक्ष ही नहीं लड़ते, बल्कि वे व्यवस्था में अंदर तक घुसकर राष्ट्र के सामाजिकार्थिक तथा राजनैतिक तानेबाने को प्रभावित तथा नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं।**

दिमागी नक्सल, राजनैतिक रूप से संवेदनशील वर्ग में दृश्य-अदृश्य एक्टिविस्ट, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी तथा आलोचक के रूप में सक्रिय रहकर शैक्षणिक परिसरों, मीडिया संस्थानों, सोशल मीडिया, सिविल सोसाइटी, संचार एवं प्रचार माध्यमों जैसे अनेक संस्थानों में अक्सर विद्वेष, घृणा, अराजकता एवं हिंसा जैसे हथकंडे अपनाकर सामाजिक तनाव उत्पन्न करते हैं। असल में दिमागी नक्सल, संस्कृति पर वैचारिक मार्क्सवाद तथा अराजकता को थोपने केसिवाय कुछ भी नहीं है। इनके परिस्थिकी तंत्र की पहचानकर इन्हें अलग-थलग करने की जरूरत है। दिमागी नक्सल, एक ऐसी अराजक वैचारिक सोच है, जो संस्कृति तथा परंपरा को समाज में शोषण तथा उत्पीड़न का मुख्य कारण मानती है। इसे मार्क्सवाद की मूल अवधारणा तथा समय के साथ उसके वैचारिक बदलावों के संदर्भों में समझा जा सकता है। हेगेल मानव इतिहास को विपरीत विचारों के मध्य तनाव को सुलझाने की इच्छा के तौर पर समझते थे। हेगेल से प्रेरित कार्ल मार्क्स के लिए, ईश्वर, मानव मस्तिष्क के बाहर नहीं है, बल्कि यह मानव मस्तिष्क की कल्पना मात्र है। सर्वहारा समाज के शोषण से मुक्ति हेतु, मनुष्य को सामूहिक रूप से ईश्वर तथा धर्म में विश्वास को हटाकर शोषक निजी संपत्ति के कारण उत्पन्न आर्थिक टकराव को समझना होगा। दिमागी नक्सल पारंपरिक मार्क्सवाद से इतर सामाजिक दर्शन पर आधारित होता है। इटली के प्रसिद्ध नव-मार्क्सवादी एंटोनियो ग्राम्शी ने अपने हेजेमनी (प्रभुत्व) के सिद्धांत में इतिहास को शोषक एंव शोषित के मध्य वर्ग-संघर्ष के रूप में स्वीकार तो किया, परन्तु वे मार्क्स के हिंसक वर्ग-संघर्ष तथा क्रांति को बेअसर मानते हैं। ग्राम्शी के नव-मार्क्सवाद के अनुसार पूंजीवाद और धर्म के प्रभुत्व को समाप्त करने हेतु पहले, मोर्चाबंदी कर सांस्कृतिक संस्थाओं पर कब्जा करना होगा। ग्राम्शी ने असल समस्या सिविल सोसाइटी जैसे परिवार, धर्मस्थल, श्रमिक संगठनों, शिक्षा संस्थानों में रचे-बसे सांस्कृतिक विचारों को माना। ग्राम्शी राज्य को मात्र बाहरी संरचना है, परन्तु इसके पीछे संस्कृति का एक शक्तिशाली तंत्र खड़ा रहता है। उनके अनुसार जब तक संस्कृति का प्रभुत्व नहीं टूटता, न तो मार्क्सवादी क्रांति आ सकती है और न ही आदर्श समाज की स्थापना हो सकती है। समस्या यह है कि संस्कृति ही, श्रमिक वर्ग के विद्रोह को रोकती है। मौलिक रूप से मार्क्स को गलत तथा हेगेल को सही मानते हुए, ग्राम्शी ने मार्क्स के विचार को उलट दिया। संस्कृति, अर्थव्यवस्था पर नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, संस्कृति पर आश्रित होती है। यदि समाज की आर्थिक संरचना को बदलना है, तो सर्वप्रथम संस्कृति को बदलना होगा जो, लोगों में पूंजीवादी सोच और व्यवहार तैयार करती हैं। ग्राम्शी के अनुसार ऐसा करने का एकमात्र तरीका है, लोगों को उनकी परंपरा तथा संस्कृति से दूर किया जाए। अतः नव-मार्क्सवाद का मकसद सामाजिक संस्थाओं में घुसपैठ कर संस्कृति को खोखला कर इसे साम्यवादी वर्चस्व से प्रतिस्थापित करना है।

नव-मार्क्सवाद विचारक थियोडोर एडोर्नो, इतिहास की मार्क्सवादी व्याख्या तथा फ्रायड के मनोविज्ञान सहित अन्य विचारों को समन्वित कर संस्कृति तथा धर्म आधारित समाज की व्याख्या करते हुए बताते हैं कि तानाशाह अक्सर उस समाज में देखे जाते हैं जो पारंपरिक पितृसत्तात्मक पारिवारिक ढांचे को बढ़ावा देते हैं, लैंगिक आजादी का दमन करते हैं। वहीं फ्रैंकफर्ट स्कूल के प्रमुख विचारक मार्क्यूज के अनुसार सांस्कृतिक मार्क्सवाद सही मायने में एक ऐसी सांस्कृतिक क्रांति है, जो पारंपरिक संस्कृति तथा मौजूदा सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों के विरूद्ध होती है। क्रांति के पारंपरिक विचार तथा रणनीति तभी कारगर हो सकती, जब कि सांस्कृतिक व्यवस्था तथा पारंपरिक नैतिक मूल्यों को जड़ से उखाड़ फेंका जाए। मार्क्यूज को सामाजिक बदलाव के लिए कामगार वर्ग पर भरोसा नहीं था, क्योंकि यह वर्ग समय के साथ पूँजीवादी संस्कृति एवं व्यवस्था में घुल-मिल जाता है। फिल्म, रेडियो तथा टेलिविजन ब्रॉडकास्टिंग, समाचार पत्र तथा पत्रिकाएं, विज्ञापन तथा व्यावसायिक जरूरतों से नियंत्रित होकर, उपभोक्तावादी पूंजीवाद की गुलामी करते हैं। इसलिए कुछ ऐसे अन्य समूह, जो पूंजीवादी संस्कृति एवं व्यवस्था से थोड़े कम जुड़े होते हैं, वे चिंगारी का काम कर सकते हैं; जैसे छात्र, बुद्धिजीवी तथा अल्पसंख्यक समूह। ऐसे वर्गों को सांस्कृतिक मार्क्सवाद के केन्द्र में रखना जरूरी है। सांस्कृतिक मार्क्सवाद द्वारा अपनाए गए सिद्धांतों में उत्तर-आधुनिकतावाद (पोस्टमॉडर्निज्म) भी है, जिसमे संस्कृति तथा पूर्ण आध्यात्मिक सत्य को नकारना भी शामिल है। इसके अनुसार संस्कृति तथा सभ्यता असल में अन्याय, उत्पीड़न, आक्रामकता, नस्लवाद, गुलामी, वर्गविभेद तथा लैंगिक दमन इत्यादि के लिए जिम्मेदार होती है। फ्रैंकफर्ट स्कूल द्वारा विकसित सांस्कृतिक मार्क्सवाद का एक अन्य सिद्धांत क्रिटिकल थ्योरी, सामाजिक आलोचना का एक तीखा रूप है, जिसका मकसद मौजूदा हालात को बेहतर बनाने की उम्मीद में उन्हें बदलकर एक ऐसे समाज की स्थापना करना है, जिसमे सभी की जरूरतें पूरी हो तथा उनके सपने साकार हों। यह असल में एक नकारात्मक प्रतिक्रिया है, जो निराशावादी सोच को दिखाती है। इसमे संस्कृति के उन पहलुओं की तीखी और लगातार आलोचना की गई जिन्हें यह दमनकारी या अमानवीय मानता है, परन्तु बदले में कोई ठोस विकल्प नहीं देता। सांस्कृतिक मार्क्सवाद में ऐसा कोई विचार नहीं है जो वर्तमान तथा भविष्य की व्यवस्था के मध्य अंतराल को भर सके। कोई सार्थक प्रयास भी नहीं हुए, तो सफलता भी नहीं दिखी, यह नकारात्मक बनी रही। नकारात्मकता इस हद तक दिखती है कि यह मान लिया गया कि बड़े पैमाने पर सामाजिक बदलाव की संभावना को कभी बर्बरतापूर्वक तथा कभी प्रचारतंत्र द्वारा कुचला जा सकता है। वस्तुतः सांस्कृतिक मार्क्सवाद उन लोगों से जुड़ना चाहता है, जो नकारात्मकता तथा निराशावाद में नाउम्मीदी में ही जीना चाहते हैं। सांस्कृतिक मार्क्सवादी विचारकों को इसकी सफलता पर भरोसा कम तथा संदेह अधिक रहा है। एडोर्नो ने छात्र समूहों पर अतिवादी तथा फासीवादी व्यवहार का आरोप लगाया। जिसमें बातचीत या समझौते के लिए बुलाना, और फिर उसमे नामुमकिन शर्त सम्मिलित कर देना तथा ऐसे अशोभनीय बर्ताव करना जो आंदोलन या क्रांति को ही संदेहास्पद बना देती है। उन्होंने बड़े आंदोलनों को पागलपन का नाटक बताया जिसका अंजाम तानाशाही होती है। मार्क्यूज को यह विरोधाभासी भी दिखी, उनका यह मानना कि क्रांतिकारी अल्पसंख्यकों को बहुसंख्यकों की राय को दबाने का अधिकार है, वस्तुतः न सिर्फ अलोकतांत्रिक तथा अपने आप में गलत है, जो वैचारिक अभिव्यक्ति का संकट भी बन सकता है। दिमागी नक्सल न तो मिथक है और न ही गलत नाम, भारत के संदर्भ में तो बिल्कुल भी नहीं। आज दक्षिण एशिया में भारतवर्ष के सीमाई देशों में सत्ता विरोधी आंदोलन तथा अराजक माहौल के साथ-साथ अनेक ताकतें, इनको खाद-पानी दे रही हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज पैसों की स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। फालतू खर्चों से बचें। कुछ ज्यादा खर्च हो सकता है। कोई बड़ी चीज खरीदने से पहले अपना बजट दोबारा देख लें।

**वृषभ**
पुरानी बकाएगी का निपटारा और निरंतर प्रयास करना होगा। पैसों का मामला काफी हद तक सही दिखाई दे रहा है। लंबे समय के वादों के बारे में सोच-समझकर कदम उठाएं।

**मिथुन**
आज पैसों के मामले में मन को एक्टिव रखेंगे। इससे जल्दबाजी भी हो सकती है। उत्साह में आकर तुरंत खरीदारी या पैसा लगाने से बचें।

**कर्क**
आज पारिवारिक चर्चा और परिपक्व व्यवहार से आप अपना कार्य करेंगे। पैसों की सही योजना बनाने मे आप सफल होंगे। आपको समझ आएगा कि पैसा कहां जा रहा है।

**सिंह**
आज दिखावे से बचाव और समय का सही मूल्यांकन करे। केवल नाम या दिखावे के लिए पैसे न खर्च करें। आप अपने काम की बड़ी पहचान चाहेंगे।

**कन्या**
आज खर्चों की समीक्षा और कार्य कुशलता में अपना प्रदर्शन दिखाए। पैसों के मामले में बहुत ध्यान देना होगा। आराम या दिखावे की चीजों पर खर्च करने का मन हो सकता है।

**तुला**
आज का दिन पैसों की सुरक्षा पर ध्यान दिलाएगा। आप खर्च और बचत में सही संतुलन बनाना चाहेंगे। केवल दूसरों को खुश करने के लिए फैसले न लें।

**वृश्चिक**
आज अपनी आर्थिक योजनाओं को अभी छुपाकर रखना ही बेहतर रहेगा। इससे आप दूसरों की फालतू सलाह से बचे रहेंगे। पुराने कर्ज और बार-बार होने वाले खर्चों को दोबारा देखें।

**धनु**
नए संपर्कों और बातचीत से पैसों के मौके मिल सकते हैं। फिर भी यह मानकर न चलें कि हर प्रस्ताव तुरंत फायदा देगा। किसी भी कागज को ध्यान से पढ़ें। इससे आपकी उम्मीदें सही रहेंगी और आप किसी भी नुकसान से बचे रहेंगे।

**मकर**
आज अनुशासन से लाभ और लंबित कार्य का हल मिलेगा। अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए सही योजना की जरूरत होगी। अपनी बचत, जिम्मेदारियों और लंबे समय के लक्ष्यों को दोबारा देखने के लिए दिन अच्छा है।

**कुंभ**
आज जोखिम भरे या उलझे हुए फैसलों से दूर रहें। अपनी योजना सीधी रखें। अगर कोई मौका जरूरत से ज्यादा अच्छा लगे, तो उसकी दो बार जांच जरूर करें।

**मीन**
आज पैसों के मामले में जिम्मेदारी से चलने को कहते हैं। किसी पुरानी जिम्मेदारी या गलती को ठीक करना पड़ सकता है। धीमी तरक्की से दुखी न हों।

## संक्षिप्त समाचार

### ए.एन. कॉलेज में अंतर विभागीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित



पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ए.एन. कॉलेज, पटना के अंग्रेजी विभाग के द्वारा महाविद्यालय के अंतर्गत अंतर-विभागीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि महाविद्यालय में इस तरह के आयोजन होने से विद्यार्थियों का सर्वोन्मुखी विकास होता है। इसलिए ऐसे आयोजन महीने में कम से कम एकबार होना चाहिए। इस भाषण प्रतियोगिता में अंग्रेजी विभाग की यूजी सेमेस्टर-क की छात्रा अनुष्का अग्रवाल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। रसायन विज्ञान विभाग के यूजी सेमेस्टर-क के छात्र ललन कुमार ने द्वितीय पुरस्कार , जबकि बी.कॉम सेमेस्टर-V के हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने पुरस्कृत छात्रों को सम्मानित किया और उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा प्रसाद, डॉ. विनिता सिंह और डॉ. ब्रजेश कुमार द्वारा विद्यार्थियों को अपने संचार कौशल को विकसित करने के लिए उनकी सराहना की।

### एएफसी रेस्टोरेंट में धूमधाम से मना सावन महोत्सव



पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। हरणीचक मेन रोड स्थित एएफसी रेस्टोरेंट में गुरुवार को महादेव विहार कॉलोनी की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बबीता शर्मा ने की। कॉलोनी की लगभग 30 महिलाओं ने पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार में भाग लेकर सावन के उल्लास को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ममता शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को एकजुट करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। पूनम यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन सामाजिक सौहार्द को मजबूत करते हैं। वहीं ज्योति सिंह ने कहा कि सावन का पावन महीना प्रेम, समर्पण तथा आस्था का संदेश देता है। इस मौके पर पिंकी शर्मा, शांति देवी, रंजन देवी, अलका, वंदना कुमारी, मंजू देवी, बादल पांडेय चंदना, कमला देवी, अनीता, दीप्ति कुमारी, नीलम पांडेय, सविता सिन्हा, सरिता, तृप्ति श्रीवास्तव, सुनीता आदि मौजूद रहीं।

### पुनपुन के एसएमडी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 29 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में गुरुवार को एसएमडी कॉलेज, पुनपुन के एनसीसी इकाई द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह के साथ परिसर में फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाए। पौधारोपण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, वायु प्रदूषण नियंत्रण और हरियाली को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया। लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर शुरू किया गया



'एक पेड़ मां के नामं अभियान मां के प्रति सम्मान और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। एक पौधा लगाकर हम आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ पर्यावरण की नींव रखते हैं।कार्यक्रम में कैडेट्स ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल, पानी देने और संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

### 200 लीटर शराब के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान पिपरा थाना पुलिस की चल रही संध्या गस्ती के दौरान वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने लालाचक मोड़ के पास सघन चेकिंग में एक टोटो से 200 लीटर अवैध देशी शराब बरामद कर तीन तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सूचना दी कि लालाचक मोड़ पर टोटो,ई रिक्शा को रोककर तलाशी ली गई, तो



उसमें बोरे में छिपाकर रखी गई 200 लीटर देशी शराब बरामद हुई। मौके से ही तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो मेंअभय कुमार, 22 वर्ष, पिता ब्रजेश सिंह, निवासी राजपुर छीतूपाकर, थाना नयागांव, जिला सारण, शैलेश कुमार, 25 वर्ष, पिता फदरी मांझी, निवासी देवकली, थाना बिहटा,और साहिल कुमार, 25 वर्ष, पिता राजेश कुमार प्रसाद, निवासी देवकली, थाना बिहटा है। इस संबंध में पिपरा थाना अध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि शराब और तस्करी में प्रयुक्त टोटो को जब्त कर लिया है। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### सांप काटने से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरसात के मौसम में जहरीले जीवों के काटने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह मसौढ़ी के छाता ओपी क्षेत्र अंतर्गत गंगाचक अहरी टोला में सांप काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक



की पहचान भरत मांझी, 40 वर्ष, पिता स्व. रामाश्रय मांझी, निवासी गंगाचक अहरी के रूप में हुई है।मृतक की पत्नी देवंती देवी 38 वर्ष ने बताया कि वह काम के लिए बगल में गई हुई थी। घर लौटने पर देखा कि आंगन में एक काला सांप भाग रहा था और उनके पति सोए हुए थे। सांप ने उन्हें काट लिया था। सूचना मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में कच्चे मकान वाले घरों में इस तरह की घटनाएं बढ़ गई हैं। मौके पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता महेश प्रसाद, शंकर कुमार, सिस्टर आशा समेत कई लोगों ने सरकार से मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि भरत मांझी ही घर का एकमात्र कमाने वाला था। अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और मुआवजा देने की मांग की है।

### नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय में सावन महोत्सव की धूम

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन के पावन महीने में मसौढी स्थित प्लस टू नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय में सावन महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। विध्यालय प्रांगण में छात्राओं ने हरे परिधानों में सावन के गीतों पर जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाध्यापिका मोनिका गुप्ता ने किया। उन्होंने छात्राओं को सावन के धार्मिक महत्व और भगवान शिव-मां पार्वती के संबंध में बताया। महोत्सव के दौरान मेहंदी राखी मेकिंग,, सावन क्वीन, अंत्याक्षरी और



नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने भोजपुरी लोकनृत्य, वहीं फिल्मी गीतों पर ठुमके लगाए। इसके अलावा छात्राओं ने 'काहे करेलू गुमान गोरी सावन में' गीत पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। छात्राओं की इस प्रस्तुति से दिल जीता। कार्यक्रम में कजरी गीत, झूमर और सावन गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति हुई। इस दौरान शिक्षिकाओं में अनामिका गुप्ता, कुमारी शोभा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, दिनेश कुमार पटेल, चंद्रभूषण, संजना कुमारी, रिंकी कुमारी, मधुप्रिया, नाहिद जौहर मौजूद रहीं। प्रतिभागी छात्राओं में कोमल कुमारी, अंजली कुमारी, सृष्टि कुमारी, काजल कुमारी, ब्यूटी कुमारी, प्रियांशु कुमारी, खुशी कुमारी, स्नेहा कुमारी, कंचन कुमारी, शिवानी कुमारी, रूपा कुमारी, चांदनी कुमारी और संगीता कुमारी प्रमुख थीं।

# उद्देरस्थान बराज के 6 गेट खोलने से दनियावां के नदियों में बढ़ा जलप्रवाह

**अधिकांश गांवों में परंपरागत जलस्रोत आहर, पइन, पोखर, जलाशय, कुआं में अब भी नदी के जल आने की प्रतीक्षा**





डॉ. राजीव नयन

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले साल जुलाई 2025 में जहां नदियां लबालब भरी हुई थीं, वहीं इस बार 2026 में लगभग 1 महीने बाद जहानाबाद जिले के उद्देरस्थान बैराज से 6 गेट खोले जाने के बाद क्षेत्र की नदियों में बुधवार की रात्रि से फिर से जलराशि की धारा बहने लगी है। बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद लोकाईन, महतामाईन, वाहा, भुतही,धोबा व कररुआ इन बरसाती नदियों में पानी की आवक बढ़ गई है।इस संदर्भ में खरभैया गांव के बड़े प्रशासनिक अधिकारी और नदियों,पर्यावरण व जल-जीवन-हरियाली पर ब्लॉग लेखक व सामाजिक कार्यकर्ता श्री कौशल किशोर ने बताया कि 1930 के दशक के सर्वे और भूअभिलेख में महतमाईन और भुतही नदियों का उल्लेख है।तेज जलप्रवाह के लिए गाद और सिल्ट से भरी इन नदियों की उड़ाही आवश्यक है।वहीं,सरथुआ के सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि विमलेश कुमार उर्फ अखिलेश स ने नवबिहार टाइम्स प्रतिनिधि को बताया कि वर्तमान एरई बीयर की ऊंचाई बढ़ाने की आवश्यकता है।भुतही नदी में जीवनचक के पास स्विस गेट लगाकर भी पानी के फ्लो को नियंत्रित कर खरीफ व रबी फसलों की सस्ती सिंचाई में किसान इसका उपयोग कर सकते हैं।

**मुख्य बातें:**

- लोकाईन, महतामाईन, भुतही, धोबा में जलधारा, हजारों किसानों को मिली सिंचाई की राहत - कई लोकल छोटी मछलियों की भी आमद, मछली व्यवसाय को मिलेगा बढ़ावा - धान की खेती में पर्याप्त पानी, किसानों के चेहरे पर खुशी

**किनारे बसे गांवों को लाभ:**

महतामाईन नदी के किनारे ऐरई, जीवनचक, गुलारियाबीघा, किशमरिया, चक्रंजा, काजीबीघा जैसे गांव बसे हैं। भुतही नदी में पानी का बहाव तेज होने से खरभैया पंचायत के सरथुआ, तोप, खरभैया, नियामतपुर, शोहपर,प्रसन्नबीघा गांव के किसानों को सिंचाई में सीधा फायदा मिलेगा। सिंगरियावां, शाहजहांपुर, बांकीपुर-मछरियावां के खेतों में भी पटवन की सुविधा बढ़ गई है।

**किसानों की प्रतिक्रिया:**

कृषि सुधार समिति, सरथुआ के कोषाध्यक्ष मुन्ना कुमार (वर्तमान खरभैया पैक्स अध्यक्ष), सामाजिक कार्यकर्ता मंटू कुमार चंद्रवंशी, नागेंद्र पटेल और तोप गांव के रणधीर कुमार, राजकमल ने बताया कि बैराज से पानी आने के बाद किसानों को बड़ी राहत मिली है।

**मछली पालन और खान-पान पर असर:**

इन नदियों में देशी मछलियों का प्रजनन समय है। पानी बढ़ने से मछली व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। टेंगरा,चेलक्कर, पताशी, बोआरी, पोठिया, झींगा या इंचना, भकुरा, चारनक्वा व अरगी जैसी मछलियों का स्वाद और भी ताजा व स्वादिष्ट होता है, जो स्थानीय लोगों की खान-पान संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब, कररूआ नदी का भी बढा जलस्तर, अलर्ट जारी




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लगातार बारिश के कारण पुनपुन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और अब खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। इसे लेकर जिला प्रशासन ने नदी के आसपास के इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार पुनपुन नदी का वर्तमान जलस्तर 48.50 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि खतरे का निशान (डेंजर लेवल) 50.60 मीटर है। यानी जलस्तर खतरे के निशान से मात्र 2 मीटर नीचे है। जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए तटवर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है। वही जहानाबाद से सटे धनरूआ के कई इलाकों में कररुआ नदी में भी लगातार जलस्तर में बढोतरी देखी जा रही है ऐसे में नदी के तटवर्ती इलाकों में अलर्ट पर रखा गया है। बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को भी निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।फ्लड कंट्रोल के एसडीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पानी धीरे-धीरे बढ़ रहा है और विभाग पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## नीट यूजी 2026: ऑल इंडिया काउंसलिंग के प्रथम राउंड में गोल का शानदार प्रदर्शन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एम्स नई दिल्ली सहित देश के शीर्ष मेडिकल संस्थानों में40 से अधिक विद्यार्थियों को एम्स में सीट आवंटित मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में अपनी सशक्त शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गोल के विद्यार्थियों ने नीट यू जी 2026 ऑल इंडिया कोटा काउंसलिंग के प्रथम राउंड में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। संस्थान के 40 से अधिक विद्यार्थियों को विभिन्न एम्स में सीट आवंटित होने की सूचना है, जबकि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने Maulana Azad Medical College (MAMC), Vardhman Mahavir Medical College (VMMC), Lady Hardinge Medical College (LHMC), IMS-BHU तथा अटव जैसे प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों में भी स्थान बनाया है। इसके अतिरिक्त गोल के कई विद्यार्थी ए एफ एम सी की आगे की चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट हुए हैं। आगामी राउंड में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है।गोल के सी एम डी बिपिन कुमार सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। हमारा उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को नीट में सफल बनाना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसी शैक्षणिक क्षमता, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टि प्रदान करना है जिससे वे देश के सर्वश्रेष्ठ मेडिकल संस्थानों तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि गोल की कोशिश बिहार-झारखंड सहित देश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ऐसी गुणवत्तापूर्ण तैयारी उपलब्ध कराना है, जिससे आर्थिक या भौगोलिक सीमाएं उनकी प्रतिभा के मार्ग में बाधा न बनें। गोल के सहायक निदेशक रंजय सिंह ने कहा कि नीट की तैयारी केवल परीक्षा के दिन समाप्त नहीं होती। सही काउंसलिंग और कॉलेज प्राथमिकता भी विद्यार्थी के भविष्य के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है। संस्थान के आर एंड डी हेड आनंद वत्स के अनुसार विद्यार्थियों की यह सफलता नियमित कक्षाओं, टेस्ट एवं विश्लेषण, डाउट सपोर्ट, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, रैंक सुधार रणनीति और परिणाम के बाद वैज्ञानिक काउंसलिंग सपोर्ट की संयुक्त व्यवस्था का परिणाम है। विद्यार्थियों की उपस्थिति ने गोल की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी परिणाम देने की क्षमता को एक बार फिर रेखांकित किया है।

## ए.एन. कॉलेज, पटना में विश्व उद्यमिता दिवस पर चार नवाचारी स्टार्टअप उत्पाद लॉन्च




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना के स्टार्ट-अप सेल और उद्योग विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त पहल पर विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर SCALE 2026 - 'स्टार्टअप ग्रोथ एंड मार्केट कनेक्ट' का सफल आयोजन 21 अगस्त 2026 को शताब्दी भवन के सेमिनार हॉल में किया गया। प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने युवाओं में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने में SCALE2026 के महत्व पर प्रकाश डाला। SCALE2026 के सहायक निदेशक एस.के. वर्मा ने एम एस एम ई योजनाओं, उद्यमिता के अवसरों, सरकारी सहायता तथा उभरते उद्यमियों के लिए उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।तिरहुतवाला इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड के सी ई ओ अभिनव झा ने बतौर अतिथि वक्ता अपनी उद्यमशीलता की यात्रा साझा करते हुए स्टार्टअप के निर्माण और उसके विस्तार से जुड़े महत्वपूर्ण अनुभव एवं सुझाव दिए।ब्रांड रेडिएटर की सी ई ओ हिमानी मिश्रा ने भी फंडिंग, व्यावसायिक विचारों के विकास तथा मजबूत ब्रांड पहचान बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। SCALE 2026 का एक प्रमुख आकर्षण नवाचारी स्टार्टअप उत्पादों Adwita ANNAPRASHAN – Traditional First Food for Babies, दो नवाचारी चाय एवं पेय उत्पाद 'AURIVVA – Icy Mint Blue Ten" और Pan Jaggery को लॉन्च किया गया। इस कार्यक्रम का प्रेरणादायक संदेश (नवाचार करें, निर्माण करें और विस्तार करें) रहा।

## द्वारिका महाविद्यालय में राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर आशु वाचन प्रतियोगिता का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, पटना में राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर संस्कृत एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 21 अगस्त 2026 को आशु वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वृद्धजनों के प्रति संवेदनशीलता, सम्मान तथा सामाजिक एवं नैतिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सीता सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवनानुभव, ज्ञान और संस्कार नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से वृद्धजनों के सम्मान, गरिमा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) शैलजा सिन्हा ने राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार और समाज के विकास में वृद्धजनों के योगदान को सम्मानपूर्वक स्वीकार करना आवश्यक है। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वृद्धजन, सामाजिक न्याय, वृद्धजनों के अधिकार, परिवार में उनकी भूमिका, बदलती सामाजिक संरचना तथा वृद्धजन कल्याण, वृद्धावस्था में अवसाद जैसे विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिनमें साकेत राज सिंह, निशा कुमारी एवं स्नेहा वर्मा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ मुकेश कुमार राय, डॉ भावना सिंह, डॉ सुशील कुमार, डॉ हरजीत कुमार, डॉ कृष्ण कांत राय, डॉ नवीन कुमार की उपस्थिति रही।

## जमीन सर्वे की नापी के दौरान विवाद में जानलेवा हमला कर घायल करने का आरोप

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में सरकारी अमीन द्वारा जमीन सर्वे नापी के दौरान विवाद हो गया। इस दौरान एक ब्यक्ति के साथ मारपीट कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने धनरुआ थाना में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।आवेदन ग्राम डुमरा, निवासी परशुराम बिंद उम्र 70 वर्ष ने दिया है। उन्होंने बताया कि 20 अगस्त 2026 की सुबह करीब 8 बजे मौजा डुमरा में सरकारी अमीन सन्नी कुमार द्वारा जमीन की नापी की जा रही थी।परशुराम बिंद का आरोप है कि उन्होंने अमीन से कहा कि प्लॉट 877 खाता 13 विवादित है और इस पर पटना अउव्ट कोर्ट में केस लंबित है। इतना कहते ही राजन सिंह पिता रामचंद्र सिंह, शिवम कुमार पिता स्व जितेंद्र कुमार, कनिष्क उर्फ लल्लू कुमार पिता स्व सतेन्द्र सिंह विद्या भूषण पिता स्व कामता प्रसाद, उपेन्द्र कुमार विधार्थी, पिता मथुरा सिंह, राजनंदन सिंह उम्र 50 वर्ष और प्रवीण कुमार पिता रामचंद्र सिंह, बच्चों सिंह पिता स्व राजनंदन सिंह ने उन पर हमला कर दिया।आवेदन में कहा गया है कि आरोपियों ने लोहे के रॉड से सिर पर वार किया।

## मसौढ़ी में 9 सितंबर को होगा 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम, एसडीएम ने की बैठक



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहीदों की याद और उनके सम्मान में आगामी 9 सितंबर 2026 को मसौढ़ी अनुमंडल में 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर अनुमंडल प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम धनराज कुमार की अध्यक्षता में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ, एमओ, पीओ, शिक्षा पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, मध निषेध, जेल उपाधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि सैनिक कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना के निर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ देशभक्ति की भावना को जागृत करना और सैनिकों के त्याग और बलिदान को आमजन तक पहुंचाना है। बैठक में कार्यक्रम के स्वरूप, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, अतिथियों की सूची, मंच व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। यह कार्यक्रम नगर परिषद स्थित सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल में 9 सितंबर की शाम को आयोजित होगा। इसमें स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रशासन ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया है।

## निवेशकों को वैल्यू और मोमेंटम का नया विकल्प

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निवेशक चाहते हैं कि उनका पैसा ऐसे शेयर्स में लगे, जिनमें आगे बढ़ने की अच्छी संभावना हो। साथ ही, वे ऐसा निवेश विकल्प भी चाहते हैं, जिसमें बाजार के बदलते रुझानों के साथ जरूरी बदलाव किए जा सकें। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने बीएसई 500 मोमेंटम वैल्यू 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह चुनिंदा यूलिप प्लान के जरिए ग्राहकों को वैल्यू और मोमेंटम पर आधारित लंबी अवधि के इक्विटी निवेश का मौका देगा।

## इनर व्हील क्लब ऑफ मौर्या ने किए सामाजिक प्रोजेक्ट



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनर व्हील क्लब ऑफ मौर्या की ओर से होटल यो चाइना के क्रिस्टल बैंक्वेट हॉल में मंडलाध्यक्ष (डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन) प्रियंका कुमार के अवलोकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियंका कुमार, डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरार विभा चरण पहाड़ी, क्लब अध्यक्ष मनीषा रानी एवं टीम ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर क्लब द्वारा किए गए विभिन्न सामाजिक प्रोजेक्टों का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। एन.के. झा एकेडमी में बच्चों के लिए वाटर कूलर, आरओ सिस्टम और हैंडवॉश वाटर स्टेशन लगाया गया। बच्चों के बीच कॉपी, स्टेशनरी एवं पौष्टिक आहार वितरित किया गया। चित्रकारी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों एवं विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। इसके अलावा जरूरतमंद व्यक्ति को स्वरोजगार के लिए ठेला एवं सब्जी उपलब्ध कराई गई। ट्रांसजेंडर समुदाय को एक माह का राशन, कपूर जेल की शाखाओं में महिलाओं के लिए व्हीलचेयर, बेड-सोर बेड, कपड़े एवं टेलीविजन उपलब्ध कराया गया। हैप्पी स्कूल की छात्राओं को 100 स्कूल बैग एवं 100 कॉपियां दी गईं। जरूरतमंदों के बीच 50 छाते और पॉलीथिन के विकल्प के रूप में 100 कपड़े के थैले वितरित किए गए। मंच संचालन कीर्ति कुमारी ने किया, जबकि उपाध्यक्षा अनुजा भदानी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मोकामाघाट के केंद्रीय विद्यालय की वॉलीबॉल टीम ने रचा इतिहास, राष्ट्रीय स्तर पर जीता स्वर्ण




**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ मोकामाघाट (पटना संभाग) की अंडर-14 बालक वॉलीबॉल टीम ने 55वें केंद्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया। टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से मोकामा, पटना और पूरे बिहार का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन हुआ है। जीत की खबर मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।14 से 21 अगस्त 2026 तक केंद्रीय विद्यालय नंबर-3, झांसी में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर की कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के लिए टीमों को आठ पूल में बांटा गया था। पूल के मुकाबले लीग पद्धति और प्री-क्वार्टर फाइनल से फाइनल तक के मुकाबले नॉकआउट पद्धति से खेले गए।पटना संभाग का प्रतिनिधित्व कर रही केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ मोकामाघाट की टीम ने लीग मुकाबलों से ही अपने शानदार अभियान की शुरूआत की। पहले मुकाबले में पटना ने जयपुर को 2-0 से हराया। दोनों सेट में टीम ने 25-17 और 25-0 से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में पटना ने बेंगलुरु को भी 2-0 से पराजित किया। इस मैच में टीम ने 25-10 और 25-17 से जीत हासिल की।इसके बाद प्री-क्वार्टर फाइनल में पटना की भिड़ंत भोपाल से हुई, जिसमें टीम ने 2-0 से शानदार जीत दर्ज की। पटना ने दोनों सेट 25-7 और 25-5 से अपने नाम किए। क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ के खिलाफ भी पटना का दबदबा कायम रहा और टीम ने 3-0 से मुकाबला जीत लिया। इस मैच में पटना ने 25-10, 25-10 और 25-16 से जीत हासिल की।सेमीफाइनल में पटना का सामना मेजबान आगरा की टीम से हुआ। घरेलू दर्शकों के दबाव के बावजूद मोकामाघाट के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आगरा को 3-0 से शिकस्त दी। टीम ने 25-10, 25-10 और 25-7 से मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।फाइनल मुकाबले में पटना और वाराणसी के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। मोकामाघाट की टीम ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए वाराणसी को 3-1 से हराकर राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल के चार सेटों में पटना ने 25-19, 21-25, 25-20 और 25-20 से जीत दर्ज की।

## संक्षिप्त समाचार

### लखीसराय में बीआईएस द्वारा उपभोक्ता एवं ज्वेलर्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय मानक ब्यूरो पटना शाखा कार्यालय द्वारा 21 अगस्त 2026 को होटल कौशल्या रीजेंसी, लखीसराय, बिहार में ज्वैलर्स जागरूकता कार्यक्रम एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिमांशु कुमार, उप निदेशक, एस सी- सी ने प्रतिभागियों को भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न योजनाओं, ज्वैलर्स के लिए बी आई एस पंजीकरण प्राप्त करने की प्रक्रिया, हॉलमार्किंग योजना में हाल में किए गए बदलावों, गुणवत्ता चिह्न, अनुपालन आवश्यकताओं तथा बी आई एस के प्रावधानों के अंतर्गत लागू दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी दी। उपभोक्ताओं को बी आई एस केयर ऐप के माध्यम से बी आई एस गुणवत्ता चिह्न, हॉलमार्क वाले आभूषण तथा बी आई एस प्रमाणित उत्पादों की प्रामाणिकता की जांच करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पटना शाखा कार्यालय द्वारा एक रेजिस्ट्रेशन डेस्क भी उपलब्ध कराया गया, जहां ज्वैलर्स की पंजीकरण संबंधी समस्याओं एवं प्रश्नों का समाधान किया गया। प्रशांत तिवारी, एस पी ओ ने कार्यक्रम में प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में शिशिर कुमार, अध्यक्ष एवं मनीष कुमार, महासचिव, मगध स्वर्णकार संघ भी उपस्थित रहे।



### भोजपुर की बेटियों ने शतरंज में रचा इतिहास

**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोजपुर जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को आनंद हॉस्पिटल के सभागार, पकड़ी, रमना रोड, आरा में अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शतरंज के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश, जिले और राज्य का नाम रोशन करने वाली दो प्रतिभावान खिलाड़ियों रानी पूजा एवं अर्पिता सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक डॉ. एस. के. रुंगटा ने की, जबकि भोजपुर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ. के. एन. सिन्हा वीडियो कॉल के माध्यम से समारोह में उपस्थित रहे। रानी पूजा ने नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में आयोजित विश्व एमेच्योर रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, अर्पिता सिंह ने सीतामढ़ी में आयोजित बिहार राज्य अंडर-17 फिडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप के बालिका वर्ग में स्टेट चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) रणविजय कुमार, पूर्व कुलसचिव, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा थे। विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार सिंह, निदेशक, नट्रि डेम हाई स्कूल, आरा एवं डॉ. अरुण कुमार सिंह, ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद भोजपुर की बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। ऐसी उपलब्धियां जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। समारोह में अतिथियों का स्वागत संघ के सचिव डॉ. मो. सैफ ने किया, जबकि मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उपाध्याय एवं रंजन कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर निधि कुमारी, निशांत रंजन, साक्षी, रोहित सहित संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### ट्रक की रिपेयरिंग के दौरान पत्ती टूटने से युवक की मौत

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छत्तीसगढ़ में ट्रक की रिपेयरिंग के दौरान पत्ती टूटने से बिहार के हारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर पंचायत अंतर्गत हुस्सेपुर गांव निवासी 40 वर्षीय जितेंद्र राम की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि जितेंद्र राम, तिलकधारी राम के पुत्र थे और छत्तीसगढ़ में ट्रक चलाने का काम करते थे। ट्रक खराब होने के बाद वह उसकी रिपेयरिंग करा रहे थे। इसी दौरान अचानक ट्रक की पत्ती टूट गई, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद शव को एकमा स्थित पैतृक गांव लाया गया। शव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। आसपास के लोग भी शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने के लिए पहुंचने लगे। मृतक के परिवार में पत्नी और दो पुत्रियां हैं। वहीं, पांच भाइयों में जितेंद्र राम एक नंबर पर थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि जितेंद्र राम मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। जितेंद्र की आसामयिक मौत के बाद अब परिवार के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

### पुनपुन में ढाई करोड़ की पांच योजनाओं का शिलान्यास

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नगर पंचायत क्षेत्र में विकास को रफ्तार देते हुए मुख्य पार्षद रितेश कुमार ने शुक्रवार को करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत वाली पांच योजनाओं का शिलान्यास किया,इनमें सबसे महत्वपूर्ण पुनपुन नदी स्थित पिंडदान स्थल से मनोरह गुमटी तक करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क व नाला निर्माण योजना है। यह पुनपुन बाजार की मुख्य सड़क है, जिसकी मांग स्थानीय लोग लंबे समय से कर रहे थे। निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि स्थल का जायजा ले चुके हैं और कार्य शीघ्र शुरू होगा। हालांकि, सड़क पर अतिक्रमण सबसे बड़ी बाधा है। एजेंसी ने अधिकारियों से अतिक्रमण शीघ्र हटाने की मांग की है।अन्य योजनाओं में वार्ड-2 में सामुदायिक भवन व शौचालय, वार्ड 4, 6, 7 व 8 में प्याऊ और वार्ड-5 में टेंपो स्टैंड का निर्माण शामिल है। मुख्य पार्षद रितेश कुमार ने कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्य तेज गति से हो रहा है और सभी योजनाओं पर जल्द काम शुरू होगा। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी पुष्कर कुमार पुष्प ने कहा कि आगामी अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले से पहले शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पिंडदान स्थल पर हाईमास्ट लाइट और छठ घाटों पर बुनियादी सुविधाएं बहाल की जाएंगी।मौके पर उप मुख्य पार्षद राजकुमार, संजय कुमार, मुकेश कुमार, सुधीर कुमार, टुनटुन कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



# पुलिस कर्मियों के लिए आने वाला समय चुनौतीपूर्ण : मिस्टर राज

## निवर्तमान एसपी बोलेः दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान लोगों का भरपूर सहयोग मिला



**आरा (भोजपुर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के चंदवा स्थित ग्रीन हेवन रिजॉर्ट में गुरुवार की शाम को निवर्तमान पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भोजपुर के नये जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा, नये पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित, सदर एसडीओ शिप्रा विजय कुमार चैधरी, सिविल सर्जन डॉ. शिवेंद्र कुमार सिन्हा, पीपी राणा प्रताप सिंह एवं जिला लोक अभियोजक माणिक कुमार सिंह समेत अन्य मंच पर उपस्थित रहें। संचालन दंत चिकित्सक डॉ. प्रतीक कुमार ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि निवर्तमान पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने कहा कि यह बाबू कुंवर सिंह की धरती है। यहां के लोगों में सच्चाई है। भोजपुर में मेरा दो साल का कार्यकाल काफी संतोषजनक रहा। मैं भगवान का शुक्रगुजार हूँ कि मुझे इतनी अच्छी नौकरी मिली। एसपी का नौकरी प्रेशर हैंडल करने के लिए ही बना है। कार्य के दौरान यहां की जनता और पुलिस कर्मी मेरे दो केन्द्र बिन्दु रहे हैं। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सलाह देते हुए कहा कि किसी भी केस में आप निर्दोष लोगों को बचाने का प्रयास दिजिए। केस की अद्यतन स्थिति के बारे में वादी को समय≤ पर जानकारी दिजिए कि आपका केस किस स्थिति में है। पब्लिक की बातों को गंभीरता से सुनें और उनकी समस्याओं को समाधान करें। ऐसा करने से पब्लिक के दिल का बोझ हल्का हो जाता है। पुलिसकर्मी कार्य के दौरान मेंटली और फिजिकली प्रेशर में रहते है। आप सभी पुलिस कर्मियों की भावना को समझें और उनकी मदद करें। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सलाह दी कि आप अपनी नौकरी के साथ-साथ कल्याणकारी कार्य करें। ताकि पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। निवर्तमान एसपी ने कहा कि कार्य के दौरान मीडियाकर्मियों का काफी सहयोग रहा है। जिला शांति समिति भी हर समय तटस्थ रही। उन्होंने कहा कि आने वाला समय काफी चुनौतीपूर्ण है इसलिए पुलिस कर्मी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। ह्यजेन जीह्य की भावना को समझ कर आगे की पुलिसिंग करनी होगी। तभी आप सभी कसौटी पर खरा उतरेगे। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने कहा कि पूर्व की भांति जिला प्रशासन और पुलिस में समन्वय जारी रहेगा। आगे भी टीम वर्क को महत्व दिया जाएगा। आप सभी के सहयोग से भोजपुर में विकास कार्य हो रहा। उसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। नये पुलिस कप्तान अवधेश दीक्षित ने कहा यहां की टीम अच्छी रही है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पुरी उम्मीद है कि यह मोमेंटम आगे भी कायम रहेगा। सदर एसडीओ शिप्रा विजय कुमार चैधरी ने कहा कि विधि व्यवस्था के संधारण सहित अन्य मामले में निवर्तमान एसपी का भरपूर सहयोग मिला। समारोह के दौरान निवर्तमान पुलिस अधीक्षक को अंग वस्त्र, बुके एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में सदर एसडीपीओ वन राजकुमार साह, सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह, पीरो डीएसपी कन्हैया कुमार, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु, नगर थानाध्यक्ष देवराज राय, नवादा थानाध्यक्ष विपिन बिहारी सहित सभी अंचल पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष मौजूद रहें।

### बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में शिक्षा ऋण कम होने की खबर तथ्य से परे

#### पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में खर्च की राशि घटी नहीं, बढ़ी है

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाले शिक्षा ऋण में कमी किए जाने की खबर तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। राज्य सरकार ने विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के दायरे को और बढ़ाया है। सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार अब 2 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं 2 लाख से 4 लाख तक की वित्तीय सहायता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से ही 4 लाख तक की राशि उपलब्ध कराई जाती थी। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना, पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल और बैंकों से जोड़ने का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए संस्थागत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है।

# सशस्त्र सीमा बल एवं बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 88,000 की संदिग्ध जाली भारतीय मुद्रा बरामद

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट 71 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी के निर्देशन में सीमा चौकी महुअवा को वाहिनी की आसूचना प्राप्त हुई कि मोतिहारी से जाली भारतीय मुद्रा नोट लेकर उसे तस्करी के उद्देश्य से ले जाने वाला है। प्राप्त सूचना की गंभीरता को देखते हुए 71 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा तत्काल लखौरा थाना, पूर्वी चंपारण के साथ सूचना साझा की गई। इसके बाद उपनिरीक्षक रिषभ सिंह रावत के नेतृत्व में 03 अन्य कार्मिकों तथा बिहार पुलिस के 01 अधिकारी एवं 02 अन्य कार्मिकों को शामिल करते हुए एक संयुक्त अभियान दल का गठन किया गया। संयुक्त अभियान दल द्वारा मोतिहारी-लखौरा मार्ग पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की निगरानी के लिए प्रभावी नाका लगाया गया। दल द्वारा तत्परता से मोटरसाइकिल को रुकने का संकेत दिया गया, जिसके बाद दोनों व्यक्तियों को रोककर आवश्यक पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्तियों ने अपना परिचय दिया। 1. शेख नूर आलम, पिता-शेख मुलाजिम, उम्र-38 वर्ष, ग्राम-बसवरिया, थाना-चिरैया, जिला-पूर्वी चंपारण। 2. मो. इस्तकार, पिता-मो. शफीक मियां, उम्र-35 वर्ष, ग्राम-महुआवा, थाना-चिरैया, जिला-पूर्वी चंपारण। इसके उपरांत घटना की सूचना सुनील कुमार, अंचल अधिकारी, सदर, मोतिहारी को दी गई। उनकी उपस्थिति में दोनों संदिग्ध व्यक्तियों की नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान शेख नूर आलम के कब्जे से 88,000/- (अट्ठासी हजार रुपये मात्र) मूल्य की संदिग्ध जाली भारतीय मुद्रा बरामद हुई। बरामद मुद्रा में 500 मूल्यवर्ग के कुल 176 नोट शामिल थे।



# यात्री क्षमता और सुविधाओं एवं माल ढुलाई (कार्गो) सम्भावनाओं पर व्यापक विमर्श



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सचिव, सिविल विमानन विभाग से प्राप्त पत्र के आलोक में रक्सौल हवाई अड्डे के संचालन के लिए यात्री क्षमता और सुविधाओं (ट्रैफिक पोटेंशियल स्टडी) को लेकर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण मुख्यालय नई दिल्ली एवं कोलकाता एयरपोर्ट के सहायक महाप्रबंधक सहित सभी हितधारक उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित कुमार आशीष, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली के द्वारा बताया गया कि रक्सौल एयरपोर्ट के विकास के संबंध में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा वहां के ट्रैफिक आकलन का समुचित अध्ययन कराया जा रहा है। सर्वे का मुख्य उद्देश्य रक्सौल हवाई अड्डे के कैचमेंट क्षेत्र के लिए उद्योग, पर्यटन, रेलवे, आईसीपी, सड़क परिवहन, शिक्षा,उद्योग और वाणिज्य निकाय,बस ऑपरेटर, वाल्मीकि टाइगर रिजर्व सहित अन्य पर्यटन स्थल और अन्य संबंधित हितधारकों से समुचित जानकारी एवं डेटा संग्रह किया जाना है। बैठक में रक्सौल हवाई अड्डा के लिए यात्री क्षमता और सुविधाओं तथा माल ढुलाई (कार्गो) की संभावनाओं पर व्यापक विमर्श किया गया। इस दौरान यात्री सुविधा, भविष्य की जरूरतें, संभावित यात्री की संख्या तथा माल ढुलाई (कार्गो) की संभावना का आकलन किया गया।बैठक में सभी हितधारकों ने अपने विचार रखे और एक स्वर से बताया कि बेहतर हवाई संपर्क से पर्यटन, उद्योग, व्यापार और निवेश को गति मिलेगी और इस क्षेत्र का समुचित विकास होने के साथ - साथ क्षेत्र आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा।

# युवा क्रांति रोटी बैंक ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव



**छपरा (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा क्रांति रोटी बैंक की ओर से अध्यक्ष नीतू गुप्ता एवं उपाध्यक्ष बिंदिया जायसवाल के नेतृत्व में अशोक अलंकार, उर्मिला कॉम्प्लेक्स, छपरा में ह्यसावन आयो रेह्य कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उर्मिला देवी, पूर्व मेयर राखी गुप्ता, डिप्टी मेयर रागिनी गुप्ता, संरक्षक कुंती देवी, भाजपा उपाध्यक्ष छपरा सुषमा सोनी सहित अन्य महिलाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में अंजली रंजन, नेहा प्रियदर्शी, प्रियंका प्रकाश, सरिता प्रकाश, पूजा गुप्ता, अर्चना कुमारी, रूबी गुप्ता, रश्मि राज, नीरू जायसवाल, आशा सिंह समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। मंच का संचालन एंकर कविता ने किया। सावन के गीत-संगीत और मनोरंजक गतिविधियों के बीच कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर युवा क्रांति रोटी बैंक की अध्यक्ष नीतू गुप्ता एवं उपाध्यक्ष बिंदिया जायसवाल ने ब्यूटी कॉन्टेस्ट की विजेता विभा गुप्ता, गुड़िया देवी एवं मधु माला गुप्ता को सम्मानित किया। वहीं, अशोक अलंकार परिवार की ओर से कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक ई. विजय राज ने कहा कि इस सावन के दौरान विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों पौधे लगाए जाएंगे। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और चारों ओर हरियाली कायम करना है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने से वर्षा का संतुलन बेहतर होगा और किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा, जिससे फसलों के उत्पादन में सहायता मिलेगी।

# समरसता संकल्प अभियान के तहत वैशाली के विभिन्न प्रखंडों में निकली कलश यात्रा



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देशन में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत आज जिले के विभिन्न प्रखंडों यथा लालगंज, महुआ, राजापाकर, गोरौल, पटेढ़ी बेलसर, देसरी, राघोपुर बिदुपुर एवं अन्य प्रखंडों में कलश यात्रा निकाली गई।जिला पदाधिकारी ने अभियान के माध्यम से समाज के वंचित एवं पात्र परिवारों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुरूप योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया है। अभियान का उद्देश्य सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ अनुसूचित जाति के वैसे परिवारों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जो अब तक किसी कारणवश लाभ से वंचित रह गए हैं।कलश यात्रा में संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारियों, प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों, विकास मित्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की। लालगंज में विधायक संजय कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष, लालगंज, जिला कल्याण पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, नगर परिषद लालगंज के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।।यात्रा के दौरान आमजन एवं परिवारों को संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के विचारों, सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे के संदेश से अवगत कराया गया। साथ ही, समरसता संकल्प अभियान के उद्देश्यों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। अभियान के अगले चरण में 27 अगस्त 2026 से प्रत्येक गुरुवार को प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों के महादलित टोलों में संकल्प अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में अनुसूचित जाति के ऐसे परिवारों को चिन्हित किया जाएगा, जिन्हें अब तक किसी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है अथवा जिन्हें किसी सरकारी सुविधा की आवश्यकता है।

### मसौढ़ी में मद्य निषेध पुलिस पर मारपीट और वसूली का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी मद्य निषेध थाना के सब इंस्पेक्टर सौरभ कुमार और अन्य पुलिसकर्मियों पर मारपीट और पैसे वसूलने का गंभीर आरोप लगा है। तरेगना मठ, एनएच-83 निवासी उषा देवी ने इस संबंध में वरीय अधिकारियों को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, 19 अगस्त को दोपहर करीब 12:30 बजे उनके घर के पास कुणाल पंचवटी रेस्टोरेंट का कर्मी रेस्टोरेंट का सामान ले जा रहा था। इसी दौरान गाड़ी से पहुंची मद्य निषेध की टीम ने बाइक से जा रहे दो लड़कों को रोक लिया। आरोप है कि सब इंस्पेक्टर सौरभ कुमार ने दोनों से दस-दस हजार रुपये ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा। रुपये देने से इनकार करने पर पुलिसकर्मियों ने डंडे से उनकी पिटाई शुरू कर दी। चीख-पुकार सुनकर उषा देवी, उनके पति श्याम नारायण गिरी और बहू रिंकी कुमारी बीच-बचाव करने पहुंचे। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने लड़कों को छोड़कर श्याम नारायण गिरी को 10-15 डंडे मारे, महिला और बहू के साथ भी मारपीट व अभद्र व्यवहार किया। साथ ही ड्यूटी की लाठी से मोबाइल तोड़ दिया और जेब से 2,000 रुपये महिला पुलिसकर्मी द्वारा छीन लिए जाने का आरोप है।

# सदर अस्पताल की महिला सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट का आरोप



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर अस्पताल में महिला सुरक्षा गार्ड के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार महीने से वेतन नहीं मिलने की शिकायत लेकर पहुंची महिला गार्ड को डीपीएम के चेंबर में बुलाया गया, जहां डीपीएम के करीबी बताए जा रहे राकेश कुमार ने उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। घटना के बाद अस्पताल के सुरक्षा गार्डो में आक्रोश है और कार्रवाई की मांग की जा रही है।मामला हाजीपुर सदर अस्पताल का है, जहां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात महिला और पुरुष गार्ड पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिलने की समस्या से परेशान हैं। इसी को लेकर गार्ड डीपीएम से शिकायत करने पहुंचे थे। आरोप है कि बातचीत के दौरान महिला गार्ड को डीपीएम के चेंबर में बुलाया गया। महिला गार्ड का आरोप है कि चेंबर में मौजूद राकेश कुमार ने उसके साथ बदसलूकी की, थप्पड़ मारा और गाली-गलौज की।महिला गार्ड के साथ कथित मारपीट की खबर फैलते ही अस्पताल में तैनात अन्य सुरक्षा गार्डों में नाराजगी देखी गई। गार्डों का आरोप है कि वेतन के लिए शिकायत करने पर उनके साथ इस तरह का व्यवहार किया गया। अब गार्ड मामले में निष्पक्ष जांच और आरोपी पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।हालांकि, इस पूरे मामले में डीपीएम और आरोपी राकेश कुमार का पक्ष सामने आना अभी बाकी है। ऐसे में जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि महिला गार्ड के साथ वास्तव में क्या हुआ। लेकिन सदर अस्पताल परिसर में महिला गार्ड के साथ मारपीट के आरोप ने अस्पताल की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

### शराबी पति को पुलिस से पकड़वाया, थाने में केस दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबी पति से तंग आकर एक पत्नी ने न केवल पुलिस को बुलवाकर उसे पकडवाया बल्कि उसके खिलाफ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करवा दी है, यह मामला चनाकी गांव की है। पीड़िता थाना में दिए आवेदन में बताया है कि आए दिन शराब पीकर घर आते हैं और उसके व बच्चों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं।

# स्टार्टअप के लिए बाजार तक पहुंच एवं व्यवसाय के विस्तार विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में 'स्टार्टअप के लिए बाजार तक पहुंच एवं व्यवसाय के विस्तार' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मोतिहारी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के स्टार्टअप सेल एवं जिला उद्योग केंद्र, पूर्वी चम्पारण के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त, पूर्वी चम्पारण रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र एवं अनुमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के नवोदित एवं उभरते स्टार्टअप्स को बाजार उपलब्ध कराने, ग्राहकों तक पहुंच बनाने, उत्पादों के व्यावसायीकरण, ब्रांडिंग, निवेश के अवसर तथा व्यवसाय को बड़े स्तर पर विस्तार देने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस दौरान स्टार्टअप उद्यमियों एवं विद्यार्थियों के साथ बाजार की आवश्यकताओं उत्पाद विकास एवं व्यावसायिक विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम के दौरान पांच स्टार्टअप उत्पादों का शुभारंभ एवं प्रदर्शन किया गया।

# स्वर्ण व्यवसायियों से लूट के दो मामलों का उद्भेदन, एक अपराधी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने स्वर्ण व्यवसायियों से लूट के दो अलग-अलग मामलों का उद्भेदन करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी की निशानदेही पर पुलिस ने लूटे गए चांदी के आभूषण भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार युवक की पहचान दाउदपुर थाना क्षेत्र के बरवां गांव निवासी दिलीप सिंह के पुत्र रोहित कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि 10 अगस्त को एकमा-परसागढ़ मुख्य मार्ग पर बाइक सवार अपराधियों ने परसागढ़ निवासी स्वर्ण व्यवसायी संदीप सोनी को बाइक से रोक लिया था। इसके बाद अपराधियों ने उनके पास से सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए थे। इस घटना से पहले 6 जुलाई को भी इसी मार्ग पर बाइक सवार चार अपराधियों ने परसागढ़ निवासी रिंकू कुमार सोनी को निशाना बनाते हुए उनसे तीन जोड़ी सोने के झुमके लूट लिए थे। लगातार हुई इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एसडीपीओ सदर-2 एकमा - राजकुमार के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। टीम में एकमा थानाध्यक्ष के अलावा सारण तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को शामिल किया गया। विशेष टीम ने मानवीय सूचना तथा तकनीकी अनुसंधान के आधार पर दोनों कांडों की जांच आगे बढ़ाई और घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की। इसी क्रम में पुलिस ने रोहित कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# सीकरीया फामेर्सी कॉलेज में भारतीय जन औषधि परियोजना जागरूकता दिवस का आयोजन




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिकरिया फामेर्सी कॉलेज परिसर में भारतीय जन औषधि परियोजना जागरूकता दिवस का सफल आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ हिना चंद्रा, बिहार जन औषधि परियोजना के नोडल अधिकारी कुमार पाठक एवं अशोक कुमार द्विवेदी एवं कॉलेज प्रचार्य प्रीति दुबे सभी लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित करके किया। आये हुए अतिथियों का स्वागत सॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया। भाजपा नेता उद्योगपति यमुना सीकरीया ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता के बीच कम कीमत एवं उच्च गुणवत्ता वाली जन औषधि दवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना हैं। अपने व्याख्यान में नोडल अधिकारी कुमार पाठक ने भारतीय जन औषधि परियोजना की उत्पत्ति, विकास, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली, प्रयोगशाला परीक्षण प्रक्रिया तथा केंद्रीय भंडारण (सेंट्रल वेयरहाउस) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्रों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण दवाएं आम लोगों तक अत्यंत किफायती दरों पर पहुंचाई जा रही हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक सुलभ हुई है। मुख्य अतिथि डॉ.हेना चंद्रा ने स्वास्थ्य जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए ब्रांडेड एवं जेनेरिक दवाओं के संघटन में समानता तथा उनके बीच मूल्य अंतर के कारणों को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि जन औषधि दवाएं गुणवत्ता के मानकों पर पूरी तरह खरी उतरती हैं तथा आम जनता के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा फार्मासिस्टों के लिए उपलब्ध कराए जा रहे रोजगार के अवसरों की भी जानकारी दी और विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रीति कुमारी दुबे ने अपने संबोधन में दवाओं के सक्रिय औषधीय घटक की अवधारणा को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि जन औषधि दवाएं गुणवत्ता में किसी भी प्रकार से ब्रांडेड दवाओं से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ये दवाएं ह्लआम आदमी की पहुंचह्व में हैं तथा स्वास्थ्य व्यय को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने जन औषधि जागरूकता अभियानों में फार्मासिस्टों की भूमिका पर विशेष बल देते हुए विद्यार्थियों से समाज में दवा संबंधी सही जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया एवं अशोक कुमार द्विवेदी ने भी सेमिनार को सम्बोधित किया। आये हुए अतिथियो ने डॉ हिना चंद्रा एवं कॉलेज प्राचार्य प्रीति दुबे एवं मिडिया के लोगों को भी जन औषधि मोमेंटो से सम्मानित किया।

**पूर्व रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण इस प्रकार है:
**नीलामी की कैटेगरी:** पार्सल जगह को लीज पर देना (एसएलआर)। **ई–नीलामी कैटलॉग सं.:** एएसएन–पीएआरसी–020926, **ट्रेन नं. एवं एसएलआर:** 19436 आसनसोल–अहमदाबाद एक्सप्रेस, एफएसएलआर–1, **नीलामी शुरू होने की तिथि:** 02.09.2026 को 12.00 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को दी गई सूची के अनुसार उक्त ई–नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।
ASN-225/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



CMYK

# नए बीएड विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** प्रखंड के कनाप स्थित श्री श्रवण कुमार बीएड एंड डीएलएड कॉलेज में नए सत्र के बीएड छात्र-छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन औरंगाबाद के एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने किया। छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कॉलेज सचिव विकास कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान सभी अतिथियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक विद्यार्थियों के कैरियर के मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया का सदुपयोग करने और साइबर फ्रॉड के साथ-साथ सोशल फ्रॉड से भी सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि सोशल फ्रॉड का शिकार अक्सर किशोर-किशोरियां हो जाते हैं। विद्यार्थियों को अभिभावकों की बात सुनने तथा रिश्तों में विश्वास और सच्चाई को महत्व देने की सलाह दी। एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग कैरियर निर्माण और सकारात्मक कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल से लोग परिवार के बीच रहकर भी एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की अपील की और बताया कि औरंगाबाद पुलिस भी नशामुक्त समाज के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। एसडीओ अमित राजन ने कहा कि युवाओं को संविधान की सही और पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शैक्षणिक संस्थान युवाओं को शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में दाउदनगर पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष विकास कुमार, हसपुरा पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार, काराकाट सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, अवकाश प्राप्त प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद, शिक्षाविद अरविंद कुमार वर्मा, रवि मल्होत्रा सहित अन्य उपस्थित रहे। व्यवस्थापक धनंजय कुमार वर्मा, सह व्यवस्थापक हरेंद्र सिंह तथा शिक्षक राहुल कुमार, प्रकाश कुमार, कौशिक वर्मा, वंदना, आकृति सहित अन्य ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विनोद कुमार ने किया।



## बिजली की खंभा टूटने से घंटों रही बिजली बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** हसपुरा शहर के मेन बाजार रोड स्थित चौराही मोड़ के समीप ओवर लोड ट्रक बिजली की तार में शुक्रवार की सुबह फंस गया जिससे बिजली का खंभा ट्रक के उपरी हिस्सा पर टूट कर गिर गया। इस दौरान अफरा - तफरी मच गया हालांकि किसी तरह की जान - माल का खतरा नहीं हुई। इसकी जानकारी तत्काल विभाग को स्थानीय लोगों द्वारा दिया गया। विभाग ने जानकारी मिलते बिजली आपूर्ति सबसे पहले बंद कर दिया। जिसे लेकर इससे होने वाली दुर्घटना टल गया। बताया जाता है कि पोस्ट ऑफिस रोड, शिवदत विगहा , दक्षिण मोहल्ला में घंटो बिजली आपूर्ति ठप रहा। जे ई प्रकाश कुमार ने बताया की बिजली बहाल जल्द हो जिसे लेकर कर्मी युद्ध स्तर पर कार्य में जुट गए हैं। कुछ देर तक बड़ा वाहन का आना जाना बंद रहा। टेम्पो व बाईक सिर्फ आ रही थी।

# ई-केवाइसी के बिना नहीं बनेगा नया राशन कार्ड

### डीलरों को लक्ष्य पूरा करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को एसडीएम अमित राजन ने फेयर प्राइस डीलरों के साथ बैठक कर राशन कार्डधारियों के ई-केवाईसी और नए राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया की समीक्षा की। बैठक में एमओ अभिनित कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, बीईओ रंजीत कुमार सहित प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों जनवितरण प्रणाली विक्रेता मौजूद रहे। एसडीएम ने डीलरों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी अभियान प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसका विवरण एमओ के लॉगिन पर जाएगा। बिना ई-केवाईसी के नया राशन कार्ड नहीं बनाया जाएगा।



उन्होंने कहा कि उपभोक्ता जिस फेयर प्राइस डीलर से नियमित रूप से खाद्यान्न का उठाव करते हैं, ई-केवाईसी भी उसी डीलर के माध्यम से कराना होगा। डीलरों को उपभोक्ताओं को इसकी जानकारी देने और अधिक से अधिक लोगों का ई-केवाईसी कराने को कहा गया। एमओ अभिनित कुमार ने डीलरों को ई-केवाईसी की पूरी प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी और प्रक्रिया के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नए राशन कार्ड बनाने के लिए, निर्धारित लक्ष्य के अनुसार बेहतर कार्य किया गया है। इसी तत्परता के साथ ई-केवाईसी का कार्य भी पूरा किया जाए।

## किरण प्रभाकर को किया गया सम्मानित



**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किरण प्रभाकर को प्रखंड कार्यालय स्थित बीस सूत्री कार्यालय में सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इस बार 800 रक्षा-सूत्र भाइयों को बांधने का संकल्प लिया है। आपसी सद्भावना को बढ़ावा देना इनका लक्ष्य है। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह नगर अध्यक्ष भाजपा श्याम कुमार पाठक, बीस सूत्री सदस्य अवधेश पासवान,मनोज केशरी,संजय पासवान, संतोष दबगर, लोजपा रामबिलास के प्रखंड अध्यक्ष रमेश पासवान, धीरू कुमार उपस्थित रहे।

## विभिन्न मामलों में चार गिरफ्तार

**इसलामपुर।** इसलामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर हत्या के प्रयास मामले में तीन आरोपियों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में हिलसा भेज दिया गया।पुलिस ने सिढ़ारी गांव में छापेमारी कर हत्या के असफल प्रयास के मामले में चंद्रिका यादव, कौशल यादव और अजीत यादव को गिरफ्तार किया। वहीं, काजिचक गांव में छापेमारी कर न्यायालय के फरार वारंटी गुड्डू कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद चारों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## छात्रा की मौत पर उठे सवाल, पिता ने की हत्या के एंगल से जांच की मांग

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र स्थित केके यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में एग्रीकल्चर की 20 वर्षीय छात्रा महक कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जहां घटना को मानसिक तनाव और अवसाद से जोड़कर देखा जा रहा है, वहीं मृतका के पिता रामू रजक ने इसे सिरे से खारिज करते हुए हत्या के एंगल से निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच की मांग की है सहरसा के नया बाजार निवासी पिता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि घटना से एक दिन पहले महक ने मां, पिता, भाई और बहन से वीडियो कॉल पर सामान्य और खुशहाल बातचीत की थी। परिजनों के अनुसार वह पढ़ाई में भी काफी होनहार थी और किसी सेमेस्टर में उसका प्रदर्शन 7-8 एसजीपीए से कम नहीं रहा। घटना से पहले उसने रूममेट्स के साथ जन्मदिन भी मनाया था।पिता का आरोप है कि 19 अगस्त की सुबह करीब 8ः15 बजे महक ने कमजोरी, चक्कर और अस्वस्थता की जानकारी क्लास टीचर को मैसेज से दी थी। इसके बावजूद समय पर हॉस्टल वार्डन या स्वास्थ्यकर्मी को उसके कमरे में नहीं भेजा गया। दोपहर 2ः43 बजे शिक्षिका ने छुट्टी का आवेदन लेकर आने का संदेश दिया। शाम करीब चार बजे परिजनों को उसकी हालत गंभीर होने की सूचना मिली।परिजनों ने हॉस्टल के भोजन की गुणवत्ता और प्रबंधन के रवैये पर भी सवाल उठाए हैं। पिता ने घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच, मेडिकल कॉल डिटेल, चैट व सोशल मीडिया रिकॉर्ड की तकनीकी जांच तथा पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराने की मांग की है।दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ आवेदन मिला है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## मना 'हरियाली सावन'



**रजौली ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रजौली राज शिवाला स्थित सेवा केंद्र में शुक्रवार को हरियाली सावन का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और आध्यात्मिक उमंग के साथ मनाया गया। मनमोहक सजावट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजे इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं भाई-बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर सेवा केंद्र की संचालिका पूर्णिमा दीदी ने सावन के प्राकृतिक व आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें प्रकृति की हरियाली, सकारात्मक ऊर्जा, शांति और सद्भाव को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से पर्यावरण को समृद्ध बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उनकी सुरक्षा का संकल्प लेने का आह्वान किया। भक्तिगीतों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आपसी प्रेम व भाईचारे के संदेश से सराबोर इस पावन आयोजन का समापन सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## नोटिस निर्गत करने हेतु हुई बैठक

**नवादा ।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में दिनांक 12.09.2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु सुलहनीय योग्य आपराधिक वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने के लिए कार्यालय लिपिक/पीठ लिपिक की बैठक का आयोजन किया गया। इस हेतु अधोहस्ताक्षरी ने बताया कि प्री-सिटिंग के माध्यम से सुलह का कार्य किया जाएगा।

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति महत्वपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के पिरवां में नव संचालित राजकीय डिग्री महाविद्यालय में शुक्रवार को प्रथम वर्ष के स्नातक विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन एंड एक्वेंटिंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नई शिक्षा नीति व उच्च शिक्षा की संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय, औरंगाबाद के पूर्व प्राचार्य डॉ. अरूणजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला और जानकारी से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति तभी प्रभावी और सफल हो सकती है, जब शिक्षक और विद्यार्थी परस्पर सहयोग एवं साहचर्य की भावना के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से मनोयोग पूर्वक अध्ययन करने तथा शिक्षा को केवल परीक्षा तक सीमित न रखें अपने व्यक्तित्व एवं भविष्य के निर्माण का माध्यम बनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित राहुल ने विद्यार्थियों को उन्नत शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के डॉ. रामेश्वर प्रजापति ने नई शिक्षा नीति के प्रमुख आधारों पहुंच, समानता, गुणवत्ता, वहनीयता और जवाबदेही पर प्रकाश डाला। परिसर के शिक्षक एवं इंटरमीडिएट के प्राचार्य प्रवीण कुमार मिश्रा ने नई शिक्षा नीति को विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ते हुए इसे वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों डॉ. मनीष कुमार, डॉ. रंजन कुमार, डॉ. किरण कुमारी, पीयूष कुमार, डॉ. नीतीश कुमार, डॉ. निभा कुमारी, डॉ. नेहा, डॉ. निधि सिंह, डॉ. अमित कुमार एवं डॉ. संजीत कुमार ने भी नई शिक्षा नीति, उच्च शिक्षा की बदलती प्रकृति तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक जिम्मेदारियों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एकाउंटेंट आलोक कुमार और एम. टी. एस. अखिलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. निधि सिंह ने किया। अंत में डॉ. संजीत कुमार एवं डॉ. अमित कुमार ने संयुक्त रूप से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और मुख्य अतिथि, प्राचार्य, शिक्षकों, अभिभावकों तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।




## खड़वां मोड़ के पास सड़क हादसे में युवक की मौत

### एक घायल, मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** प्रखंड के पिपरौरा पंचायत के परोरा गांव निवासी 30 वर्षीय राजू शर्मा की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद धनंजय शर्मा घायल हो गए। दोनों बीती रात निजी कार्य से रफीगंज बाजार से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान खड़वां मोड़ के समीप सड़क हादसा हो गया। दुर्घटना में राजु शर्मा ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही राजद जिला महासचिव सर्वोत्तम कुमार उर्फ सोनू कुमार अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। ग्रामीणों की मौजूदगी में आपदा के तहत चार लाख रुपये मुआवजे की घोषणा के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई गई। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है और गांव में पुरी तरह मातम पसरा हुआ है। राजद नेता ने दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि परिवार के इस अपार दुख में वे हरसंभव सहयोग के लिए साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं शक्ति दें। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने कहा कि बीते रात्रि सड़क दुर्घटना में मौत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि कागजी प्रक्रिया उपरांत आपदा प्रबंधन के तहत मृतक के परिजन को मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

## बंधन बैंक का मनाया गया 11वां स्थापना दिवस समारोह




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज शहर के महाराजगंज स्थित बंधन बैंक शाखा परिसर में शुक्रवार को बैंक का 11वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लस्टर हेड सतीश कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन शाखा प्रबंधक शंकर कुमार ने किया। इस अवसर पर बैंक कर्मचारियों एवं खाताधारकों ने संयुक्त रूप से केक काटकर स्थापना दिवस की खुशी मनाई। कर्मचारियों ने एक-दूसरे को केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं। शाखा प्रबंधक शंकर कुमार ने बताया कि बंधन बैंक के माध्यम से ग्राहकों को ग्रुप लोन, पर्सनल लोन एवं बिजनेस लोन जैसी विभिन्न ऋण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने कहा कि बैंक ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। समारोह में रफीगंज थाना के एसआई जयप्रकाश बाजपेई, एएसआई केशनाथ सिंह, पीटीसी संतोष कुमार यादव, कैशियर जितेंद्र कुमार, क्लस्टर इंचार्ज अजीत कुमार सिंह समेत अजीत कुमार, रोशन कुमार, रमाकांत कुमार, अमन कुमार, सत्येंद्र कुमार, अशोक कुमार, सुरेश कुमार, रवि कुमार, बलिम अहमद सहित अन्य बैंककर्मी एवं ग्राहक उपस्थित रहे।

# स्थानांतरण नीति से शिक्षकों को क्षति

### बच्चों की पढ़ाई पर नहीं पड़ेगा दुष्प्रभाव ☐ थोड़ी आर्थिक क्षति लेकिन घर परिवार का सुख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । सरकार की नई स्थानांतरण नीति से बिहार की शैक्षणिक व्यवस्था पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि जिला कैडर के शिक्षकों को प्रोन्नति से लेकर पेंशन, ग्रेच्युटी तक आर्थिक क्षति की आशंका है। हालांकि उनको घर और परिवार का सुख उपलब्ध हो सकेगा। हाता मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रविंद्र नाथ टैगोर कहते हैं कि जिला कैडर के शिक्षक स्थानांतरित होकर अगर दूसरे जिले में जाते हैं तो उनके वरीयता का निर्धारण स्थानांतरित जिला में योगदान की तिथि से होगी। इससे प्रोन्नति में खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जिला स्थानांतरण से तत्काल न तो वित्तीय हानि होगी न ही शिक्षण पर प्रभाव पड़ने की संभावना है। परंतु सेवा में कनीय भी वरीय हो जाएंगे। इसके अलावा पांच साल की लॉकिंग पीरियड होने के कारण विद्यालय प्रभारी के लिए भी इस जिला में बाद के नियुक्त शिक्षक उनसे सीनियर होने के कारण नामित किए जाएंगे। बाबू अमौना के शिक्षक अनिरुद्ध कुमार संतोष कहते हैं कि कुछ लोग घर का सुख पाने के लिए करियर की रफ्तार को धीमा करेंगे। अपने गृह जिले या मनपसंद प्रखंड के पास काम करने का अवसर मिलेगा। रोज-रोज के लंबे और कठिन आवागमन से मुक्ति मिलेगी। किराए के मकान और रोज के यातायात का खर्च बचेगा। बच्चों की पढ़ाई, माता-पिता की देखभाल और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए अधिक समय व अनुकूल माहौल बन सकेगा। थोड़ा नुकसान होगा। प्रोन्नति में विलंब हो सकता है। इसके कारण अंतिम आहरित वेतन प्रभावित हो सकता है। जिससे पेंशन और ग्रेच्युटी प्रभावित होगा। प्राथमिक विद्यालय महमदपुर, हसपुरा के प्रधान शिक्षक विकास कुमार कहते हैं कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। सरकार ने एक तरफ कुआं तो दूसरी तरफ खाई वाली स्थिति खड़ी कर दी है। स्थानांतर लेकर दूसरे जिले में जाते हैं तो पहले का जिला तो पूरे तरह भूलना ही होगा। ऐसे शिक्षक मानसिक दबाव महसूस कर रहे हैं। कहा कि शिक्षा विभाग को सरल होना चाहिए, ताकि शिक्षक मानसिक स्वतंत्रता के साथ अनुकूल शैक्षणिक माहौल में शिक्षण कार्य कर सकें। परंतु आए दिन सरकार की ऐसी नीतियां और घोषणाएं शिक्षकों के डर और चिंता का कारण बनती जा रही हैं।



## आहर में नहाने के दौरान 18 वर्षीय युवक डूबा, 15 घंटे बाद शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र के चेव पंचायत अंतर्गत शेरपुर गांव में बुधवार शाम आहर में नहाने के दौरान 18वर्षीय युवक के डूबने से हड़कंप मच गया। करीब 15 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह लगभग 8:30 बजे स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक का शव आहर से बरामद किया गया। मृतक की पहचान शेरपुर गांव निवासी मिथलेश रविदास के 18 वर्षीय पुत्र पिंटू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बुधवार को गांव में धान की रोपनी का कार्य चल रहा था। पिंटू धान का बिचड़ा खेत में डालने के बाद आहर में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की, लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार सुबह स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव बरामद किया गया। सूचना मिलते ही कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह, एसआई नवीन कुमार सिंह, ए एस आई किशोरी शाह एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पूर्व जिला पार्षद दीनानाथ विश्वकर्मा, भाजपा कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव एवं मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने बताया कि परिवार बेहद गरीब है और मृतक परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था। कासमा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों की सहायता से शव बरामद किया गया। वहीं अंचलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने पर पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन के तहत नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# नाटकों से दहेज, नशा मुक्ति व अंधविश्वास को ले दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । दाउदनगर महाविद्यालय के एन एस एस द्वारा सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत पांचवें दिन चौराहे पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय द्वारा चयनित अंकोढ़ा पंचायत अंतर्गत सिपहा में आयोजित किया गया। योगाभ्यास एवं लक्ष्यगीत, सामूहिक वाचन के बाद गांव में दहेज समस्या, नशामुक्ति एवं सांप काटने से जुड़ा नारों की तख्तियां लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का निर्देशन कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ देव प्रकाश ने किया। दहेज प्रथा, सांप काटने एवं नशामुक्ति पर अलग-अलग चौराहे पर लगातार तीन नाटक की प्रस्तुति दी गई। दहेज प्रथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दहेज लेना और देना दोनों बंद करने का संदेश दिया गया। सांप काटने पर अंधविश्वास ओझा-गुनिया या झाड़-फूंक छोड़कर तुरंत अस्पताल जाने का संदेश दिया गया है। नशे में वाहन ना चलाने एवं सड़क सुरक्षा का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक के पात्र में करीब तीन दर्जन स्वयंसेवकों ने अलग - अलग भूमिकाओं में अभिनय किया। दूसरा सत्र नशामुक्ति पर बौद्धिक परिचर्चा की गई। सहायक प्राध्यापक डॉ श्रीनिवास सिंह ने युवा में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चर्चा करते हुए कहा सुखा नशा समाज और स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर समस्या है। यह शरीर और दिमाग पर बुरी तरह प्रभावित करता है और लोगों की जिंदगी पूरी तरह बर्बाद कर देता है। संचालन दर्शनशास्त्र की सहायक प्राध्यापिका डॉ. रोजी कांत ने की। धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान की सहायक प्राध्यापिका डॉ शहला बानो ने किया। हिंदी के सहायक प्राध्यापक मंजू कुमार सोरेन एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया।



# सावन की अंतिम सोमवारी पर पांच लाख श्रद्धालुओं की भीड़ संभालने की तैयारी

## पटेल मैदान से चलेंगी सभी बसें, एसडीओ ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** सावन की अंतिम सोमवारी पर थानेश्वर स्थान मंदिर में जलाभिषेक के लिए करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को लेकर रणनीति तैयार की है। रविवार और सोमवार को कर्पूरी बस पड़ाव के बजाय पटेल मैदान से सभी जगहों के लिए बसों का परिचालन किया जाएगा। इसको लेकर सदर एसडीओ के नेतृत्व में मोटर व्यवसायी संघ के साथ बैठक कर व्यवस्था की रूपरेखा तैयार की गई है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए शहर में बाइक के प्रवेश को भी नियंत्रित किया जाएगा। बाइक सवारों को मंदिर के नजदीक पहुंचने से रोकने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है। प्रशासन के अनुसार हॉस्पिटल गोलंबर, डीआरएम कार्यालय और भोला टॉकीज रेलवे गुमटी तक ही बाइक से आने की अनुमति रहेगी। इसके आगे कांवरिया पथ पर बाइक का परिचालन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सदर एसडीओ ने बताया कि बैरिकेडिंग वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि यातायात और श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित रखा जा सके। प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख स्थानों पर निगरानी और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। थानेश्वर स्थान मंदिर में जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अलग-अलग कतार की व्यवस्था की जाएगी। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए मंदिर के अंदर 100 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा सादे वर्दी में भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति पर तत्काल कार्रवाई



## जनता दरबार में एडीएम ने सुनीं समस्याएं

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा के निर्देश पर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन सौंपे। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि एवं राजस्व, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, पेंशन, राशन, आवास, सड़क, बिजली और नल-जल सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामले सामने आए। अपर समाहर्ता ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक आवेदन की जांच कर नियमानुसार त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निष्पादन जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए आवेदकों को नियमानुसार ससमय राहत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिन मामलों के समाधान के लिए दूसरे विभागों या अन्य स्तरों से समन्वय की आवश्यकता है, उनमें संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा करने का निर्देश भी दिया गया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

## विद्यार्थी सहयोग शिविर को लेकर जिलास्तरीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सात निश्चय-3' के अंतर्गत 'सबका सम्मान, जीवन आसान' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में जिले में प्रस्तावित 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' के सफल संचालन हेतु गुरुवार 21 अगस्त को कारगिल विजय सभा भवन, समाहरणालय में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी जिला पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी ने की। प्रशिक्षण में जिले के चिह्नित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा नोडल पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान उन्हें विद्यार्थी सहयोग शिविर पोर्टल के माध्यम से विद्यालय/महाविद्यालय का पंजीकरण, विद्यार्थियों का पंजीकरण, शिकायतों एवं सुझावों को पोर्टल पर दर्ज करने तथा प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मयंक लाल, सीएम फ़ेलो, अजीत कुमार, जिला आईटी प्रबंधक, मनीष कुमार मिश्रा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी तथा विश्वजीत कुमार, जिला समन्वयक, एलएसबीए द्वारा प्रतिभागियों को पोर्टल के विभिन्न तकनीकी एवं संचालनात्मक पहलुओं की जानकारी दी गई। उन्हें समस्याओं के पंजीकरण, संबंधित विभाग एवं पदाधिकारी को अग्रसारित करने तथा उनके निष्पादन की ऑनलाइन प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं आधारभूत समस्याओं के त्वरित निष्पादन तथा जिले की शिक्षा व्यवस्था के गुणात्मक विकास के लिए प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 25 अगस्त से होगी। शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों का अंतिम एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा।

## गड्ढे में डूबा मिला आठ वर्षीय बच्चे का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव अंतर्गत वार्ड नंबर 06 स्थित बसाव ढाब (गड्ढे में भरे पानी) से शुक्रवार को एक बच्चे का शव मिला है। शव काफी पुराना और सड़ा हुआ अवस्था में था।जिसकी पहचान थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव निवासी राम विनोद राम का लगभग 8 वर्षीय पुत्र अयनांश कुमार के रूप में हुई है।शव की पहचान होते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। माता सुधा देवी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि बच्चा मानसिक रूप से कमजोर था पिछले 15 अगस्त से घर से लापता था। इस संबंध में परिजनों द्वारा विगत 17 अगस्त 26 को भगवानपुर थाना में सनहा दर्ज कराया गया था। लापता बच्चे की सूचना मिशन वात्सल्य पोर्टल पर भी अपलोड की गई थी। सूचना मिलते ही भगवानपुर थानाध्यक्ष ऋषिकांत कुमार के नेतृत्व में अन्य पुलिस बल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ढाब में डूबने से प्रतीत हो रहा है। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सभी सरकारी स्कूलों में खेलो और सीखो थीम पर होगा पीटीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भगवानपुर।** बिहार शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में खेलो और सीखो थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित करने का आदेश दिया है। निदेशक, प्राथमिक शिक्षा कुमार निशांत विवेक ने 20 अगस्त को सभी डी ई ओ और डीपीओ, एस एस ए को पत्र जारी कर आयोजन की पूरी जिम्मेदारी तय की है। पत्रांक- 07/नि0बि0-22-02/2026/ 2470 में विभाग ने बताया कि मई 2025 से बिहार के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में वार्षिक कैलेंडर के अनुसार अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में 29 अगस्त को होने वाली संगोष्ठी की थीम खेलो और सीखो रखी गई है। इसका उद्देश्य बच्चों की शिक्षा को खेल के माध्यम से जोड़कर अभिभावकों को भी इसमें शामिल करना है। संगोष्ठी में ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है। संगोष्ठी के दौरान राज्य स्तर से उपलब्ध कराई गई मार्गदर्शिका के अनुसार ही अभिभावकों से संवाद किया जाना है। विद्यालय बच्चों की उपलब्धियों, प्रतिभाओं और प्रेरक उदाहरणों को अभिभावकों के साथ साझा करेंगे। बच्चों की अकादमिक प्रगति के साथ-साथ स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता पर भी अभिभावकों से चर्चा की जायेगी। शिक्षक सभी अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करेंगे। पत्र में यह भी कहा गया है कि जिला और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी संगोष्ठी का अनुश्रवण करेंगे। संगोष्ठी खत्म होने के बाद हर विद्यालय को राज्य स्तर से दिए गए गूगल फॉर्म पर जानकारी अपलोड करना अनिवार्य होगा।शिक्षा विभाग का मानना है कि इस थीम से अभिभावक भी बच्चों की पढ़ाई और खेल में रुचि लेंगे।

## प्रखंडों में 24 अगस्त को लगेगा विशेष पंजीयन शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग तथा जिला नियोजनालय के तत्वावधान में एसआईएस इंडिया लि0 चकाई, जमुई द्वारा सुरक्षा क्षेत्र में कुल 256 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि योग्य एवं इच्छुक पुरुष अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों में संबंधित प्रखंड परिसर में उपस्थित होकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। इस नियोजन अभियान के तहत सुरक्षा सुपरवाइजर के 40 पद, सुरक्षा जवान के 200 पद, कैश कस्टोडियन के 10 पद तथा सुरक्षा अधिकारी के 06 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमे सुरक्षा सुपरवाइजर (40 पद) 12वीं पास, उम्र 19-40 वर्ष, ऊंचाई 170 सेमी, वेतन 22,000-35,000 ,सुरक्षा जवान (200 पद) 10वीं पास, उम्र 19-40 वर्ष, ऊंचाई 168 सेमी, वेतन 13,000-22,000, कैश कस्टोडियन (10 पद) 12वीं पास, उम्र 19-40 वर्ष, ऊंचाई 162 सेमी, वेतन 13,000-18,000 ,सुरक्षा अधिकारी (06 पद) स्नातक, उम्र 19-40 वर्ष, ऊंचाई 162 सेमी, वेतन 33,000-40,000 हजार निर्धारित है। 24 अगस्त - मटिहानी प्रखंड परिसर, 25 अगस्त - चेरिया बरियारपुर, 27 अगस्त - गढ़पुरा, 01 सितंबर - छौड़ाही, 02 सितंबर - नावकोठी तथा 03 सितंबर 2026 को बेगूसराय प्रखंड परिसर।नियोजन कैंप में शामिल होने के लिए सभी अभ्यर्थियों का गएट्ट घ्धन्स्थद्य पर निबंधन अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित हों।

## नए डीएम रिची पांडेय ने किया पदभार ग्रहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** शुक्रवार को नए जिला पदाधिकारी के पद पर रिची पांडेय ने अपना पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय पहुंचने पर उप विकास आयुक्त, आकाश चौधरी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया तथा उन्हें जिला पदाधिकारी का पदभार सौंपा गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री पांडेय को जिला पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। उन्होंने पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के अवसर पर उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी पांडेय ने कहा कि जिले में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकासात्मक कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन, आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन तथा सुशासन को और सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।



## घर से पांच लाख की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर वार्ड-39 में गुरुवार की देर रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर करीब पांच लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। चोर घर के पीछे के रास्ते से अंदर घुसे और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात और कैश लेकर फरार हो गए। घटना के दौरान घर में सो रहे परिवार के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। जानकारी के अनुसार मोहनपुर वार्ड-39 निवासी मिलन महतो और उनके परिवार के सदस्य रात में खाना खाने के बाद घर में सो गए थे। मध्यरात्रि के दौरान चोर पीछे के रास्ते से घर में दाखिल हुए। इसके बाद कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का ताला टूटा देखकर चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए चोरी की घटना में शामिल बदमाशों का पता लगाने का प्रयास शुरू किया है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।


### पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-18-7-18ए-11ए, दिनांक: 19.08.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-18-7-18ए-11ए के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल-निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य-शेड्यूल ए1-एईएन/कटवा के तहत बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 91-7-9 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 18/7/सी/ई के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल ए2-एईएन/कटवा के तहत बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 91/7-9 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 18/7/सी/ई के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए टेलीकम लागत। शेड्यूल बी1-एईएन/कटवा के तहत बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 96/5-7 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 18/ए/6/सी/ई के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल बी2-एईएन/कटवा के तहत बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 96/5-7 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 18/ए/6/सी/ई के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए टेलीकम लागत। शेड्यूल सी1-एईएन/कटवा के तहत बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 94/21-23 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 18ए/4/सी/ई के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल सी2-एईएन/कटवा के तहत बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 94/21-23 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 18ए/4/सी/ई के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए टेलीकम लागत। शेड्यूल डी1-एईएन/नबद्वीप धाम के तहत बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 47/27-29 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 11ए के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए सिग्नलिंग लागत। शेड्यूल डी2-एईएन/नबद्वीप धाम के तहत बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 47/27-29 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 11ए के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए टेलीकम लागत। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,87,41,038.40, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 7,74,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 19.08.2026 को 18.30 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 31.08.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.09.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-292/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## जनता से किए वादे पूरे करने में विफल रही केंद्र सरकार : भाई दिनेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा/जगदीशपुर।** पूर्व विधायक भाई दिनेश ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले लगभग 12 वर्षों के शासनकाल में सरकार ने जनता से किए गए बड़े-बड़े वादों को पूरा करने के बजाय देश को आर्थिक और सामाजिक संकट की ओर धकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अगर जनविरोधी नीतियों पर जल्द रोक नहीं लगी तो देश के सामने संकट और गंभीर हो सकता है।

भाई दिनेश ने कहा कि केंद्र सरकार खुद को ईमानदार, पारदर्शी और देशभक्त सरकार बताती है, लेकिन उसके कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे आम जनता के लिए लगातार गंभीर होते गए हैं। सरकार की नीतियों का लाभ आम लोगों की बजाय चुनिंदा बड़े पूंजीपति समूहों को अधिक मिलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि देश की सार्वजनिक संपत्तियों और सरकारी संस्थानों को निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया ने जनता के बीच गंभीर चिंता पैदा की है। उन्होंने कहा कि डीजल-पेट्रोल, खाद्य तेल, चीनी, शिक्षा और दवाइयों सहित रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी चीजों की बढ़ती कीमतों ने गरीब, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और छोटे कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। महंगाई के कारण परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ गया है और आम आदमी की बचत लगातार कम हो रही है।



पूर्व विधायक ने प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ब्लॉक, अंचल, अनुमंडल, जिला, थाना और सचिवालय तक आम लोगों को काम कराने के लिए परेशानी और भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों को मनमानी की छूट मिलने से आम जनता की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं हो रहा है और गरीब तथा कमजोर वर्ग के लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

भाई दिनेश ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार का पहला दायित्व जनता के प्रति जवाबदेह होना है। सत्ता का इस्तेमाल कुछ खास लोगों के हित में नहीं, बल्कि किसान, मजदूर, युवा, छात्र, महिला, गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश की जनता अब सवाल पूछ रही है—रोजगार कहां है? महंगाई पर नियंत्रण कब होगा? शिक्षा और इलाज आम आदमी की पहुंच में कब आएगा? भ्रष्टाचार से मुक्ति कब मिलेगी? किसानों और मजदूरों की आय तथा सम्मान की सुरक्षा कब होगी। भाई दिनेश ने कहा कि जनता को राजनीतिक नारों और प्रचार से नहीं, बल्कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सस्ती आवश्यक वस्तुओं, मजबूत सार्वजनिक संस्थानों और पारदर्शी शासन से मतलब है। उन्होंने देशवासियों से जनहित के मुद्दों पर जागरूक होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, नवादा

बिहार सरकार

Email. ID – eercdnawada@gmail.com, Mob. No. -9470001283

**अल्पकालीन कोटशन आमंत्रण सूचना संख्या–07/वर्ष 2026–27**

सक्षम एवं अनुभवी एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, नवादा अंतर्गत निम्नलिखित पथों मे चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए Detailed Project Report (D.P.R) एवं भूमि अधिग्रहण प्रतिवेदन तैयार करने हेतु मुहरबन्द कोटेशन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | कार्य विवरणी | लम्बाई (कि0मी0) | पार्ट / ईकाई | दर (रू0 GST सहित) अंक में | दर (रू0 GST सहित) शब्दों में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Govindpur Block – Khakhandua to Avnaiya Road | 3.55 | (A) Road Work /Per Km | | |
| | | | (B) Land Acquisition Plan Work/ Per Km | | |
| 2 | Bareb-Govindpur Road | 18.00 | (A) Road Work /Per Km | | |
| | | | (B) Land Acquisition Plan Work/ Per Km | | |
| 3 | Gopalpur to Kulna Road | 6.70 | (A) Road Work /Per Km | | |
| | | | (B) Land Acquisition Plan Work/ Per Km | | |
| 4 | Ledha-Kajhiya-Nad-Kulna-Akbarpur Road | 13.00 | (A) Road Work /Per Km | | |
| | | | (B) Land Acquisition Plan Work/ Per Km | | |

पथ निर्माण विभाग / I.R.C/ MoRTH के विशिष्टियों के अनुरूप एवं Road Safety Parameters को समाहित करते हुए D.P.R तैयार करना होगा। उपरोक्त वर्णित कार्य हेतु आवश्यकतानुसार भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना प्रस्ताव अनुभवी एवं तकनीकी रुप से सक्षम परामर्शी द्वारा तैयार करना है। विदित हो कि 2013 में नए भू–अर्जन अधिनियम लागू होने के कारण अधियाचना प्रस्ताव में अनुसूची एवं अभिलेखों के फार्मेट में पूर्णतया परिवर्तन / संशोधन हो गया है। भू–अधिग्रहण हेतु प्रस्ताव सहित अन्य अभिलेख यथा राजस्व नक्शे पर मोर्ग रेखन का अंकन, ट्रेसिग क्लाथ पर ट्रेस करना एवं खतियानी रैयतो, वर्तमान रैयतो का नाम–पता एवं खेसरा संख्या सहित जमाबंदी नंबर अंकित करते हुए मौजावार अधियाचना प्रस्ताव तैयार करना है तथा अभिलेख से संबंधित पूर्ण कार्य संपादित कर प्रत्येक मौजा के प्रस्ताव की सात–सात प्रतियॉं कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी।

उपयुर्क्त कार्य हेतु कोटेशन दिनांक 28.08.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, नवादा के कार्यालय में सील बंद लिफाफा में जमा करना होगा एवं उसी दिन 3.30 अपराह्न में कोटेशनदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में कोटेशन खोला जायेगा।

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, नवादा

PR- 010291 ( RCD ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


## प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वीरपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर द्वारा मैथिली एवं हिंदी में परीक्षण एवं मूल्यांकन कार्यशाला 19 अगस्त को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इसका आरंभ विगत 17 अगस्त को हुआ था। इस कार्यक्रम में मैथिली एवं हिंदी के 35 शिक्षक शामिल हुए एवं मैसूर, कर्नाटक से आए विषय विशेषज्ञों ने भाषा परीक्षण एवं मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला के समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए डायट बेगूसराय के प्राचार्य डाक्टर संजय चौधरी ने छात्रों के व्यक्तित्व के विकास में भाषा संबंधी कौशलों के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर के डाक्टर अमित कुमार झा ने कार्यशाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें डाक्टर वीरेश कुमार एवं डायट के वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री सुमित्रा मिश्रा, कनिष्ठ रिसोर्स पर्सन, भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर ने किया। प्रतिभागियों द्वारा इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं सामयिक बताया गया।

## हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुसरीघरारी चौराहे पर हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में बाइक पर सवार महिला को गंभीर चोटें आईं, जबकि बाइक चला रहे पुरुष के सुरक्षित होने की बात बताई जा रही है। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए मुसरीघरारी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए महिला को सदर अस्पताल, समस्तीपुर रेफर कर दिया।

## 2.5 हेक्टेयर में लगी फसलों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शिवाजीनगर।** शिवाजी नगर प्रखंड क्षेत्र में किसानों द्वारा की जा रही बागवानी एवं कृषि फसलों का प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान करीब 2.5 हेक्टेयर क्षेत्र में लगी केला, आम, खीरा, नींबू, मूली एवं शिमला मिर्च सहित विभिन्न फसलों का जायजा लिया गया निरीक्षण के दौरान पंचायत रहटौली के किसान निर्मल कुमार सिंह तथा मधुरापुर के किसान रोहित कुमार की खेती का अवलोकन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने खेतों में पहुंचकर फसलों की स्थिति, पौधों की वृद्धि एवं किसानों द्वारा अपनाई जा रही खेती की तकनीक की जानकारी ली खास बात यह रही कि जिन कृषि क्षेत्रों तक चार पहिया वाहन से पहुंचना संभव नहीं था, वहां प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य पदाधिकारी बाइक से पहुंचकर फसलों और पौधों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर खेती में आने वाली समस्याओं की भी जानकारी ली मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह के अलावा उद्यान पदाधिकारी सरोज कुमार, कृष्णा संतोष कुमार, शिक्षक संतोष कुमार, सोहन कुमार, अमित मिश्रा एवं कृषि विभाग से जुड़े अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासन-जनता के बीच सीधा संवाद सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे 50 से अधिक फरियादियों ने बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, आवास और राशन कार्ड समेत विभिन्न समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर त्वरित निष्पक्ष पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम



नागरिकों की समस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और प्रत्येक आवेदन का निर्धारित प्रक्रिया एवं समय-सीमा के भीतर निष्पादन होना चाहिए।तत्काल समाधान वाले मामलों पर विशेष जोर उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों का समाधान तत्काल स्तर पर संभव है उनका शीघ्र निष्पादन किया जाए। वहीं जांच या अन्य स्तरों की कार्रवाई वाले मामलों को भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा8 करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनावश्यक देरी के कारण आम नागरिकों को बार बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। आवेदनों की मॉनिटरिंग के निर्देश उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग करते हुए कार्रवाई की प्रगति से अवगत कराने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार केवल शिकायतें सुनने का मंच नहीं, बल्कि प्रशासन को आम नागरिकों की वास्तविक समस्याओं से सीधे जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। प्रशासन का प्रयास है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े और पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर मिले।मौके पर सहायक समाहर्ता यश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे पुल के पास गड्ढे से पांच किलो गांजा बरामद

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरारी थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब पांच किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अंचल पदाधिकारी मनीष कुमार के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी कर रेलवे फाटक संख्या 5-बी के भीतरगामी पुल के समीप एक गड्ढे से काले



रंग का बैग बरामद किया। बैग के अंदर पांच पैकेट में गांजा रखा हुआ था। हालांकि, मामले में किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।बरारी थाना के पुलिस पदाधिकारी पुअनि राजनेता कुमार एवं संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रेलवे फाटक संख्या 5-बी के भीतरगामी पुल के पास एक गड्ढे में काले रंग का बैग पड़ा है। बैग में मादक पदार्थ होने की जानकारी मिलने के बाद सूचना का सत्यापन किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने बरारी के अंचल पदाधिकारी मनीष कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर गड्ढे की तलाशी ली।तलाशी के दौरान पुलिस को काले रंग का बैग मिला। बैग खोलकर जांच करने पर उसमें पांच पैकेट में गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे का कुल वजन करीब पांच किलो है। पुलिस ने गांजा जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बैग को वहां किसने छिपाया था और इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। आसपास के क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े लोगों की गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। तस्करी से जुड़े लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पशुपालन विभाग के निदेशक ने किया गोशालाओं का निरीक्षण

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार के पशुपालन विभाग के निदेशक उज्ज्वल कुमार सिंह ने आज जिले के विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण किया और इसके बेहतर संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न गौशालाओं में पशुओं के रख-रखाव, चारा-पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं व्यवस्थाओं में कमी आने पर उसमें शीघ्र सुधार करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ((सदर) विकास कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने निदेशक श्री सिंह को गौशालाओं से संबंधित व्यवस्थाओं तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया। इसके साथ ही कई योजनाओं के क्रियान्वयन, पशुपालकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा गौशालाओं के संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी जानकारी साझा की गई। पशुपालन निदेशक ने गौशालाओं में पशुओं की समुचित देखभाल, स्वच्छता, चारा-पानी एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बेंगलुरु में ट्रक की चपेट में आने से बड़हरा के युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पूर्वी गुंडी गांव निवासी नागेंद्र गोंड के पुत्र किशन गोंड उर्फ राजा गोंड (22) की बेंगलुरु में सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि किशन गोंड रोजगार के सिलसिले में बेंगलुरु गया था। वहां उसने मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान खोल रखी थी। बुधवार को दुकान के लिए सामान खरीदने बाजार जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मी ने उसे तत्काल पास के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किशन चार भाई-बहनों में मझला था। उसके परिवार एक बडी बहन एवं दो छोटे भाई बहन है। उसके पिता नागेंद्र गोंड पिछले करीब चार वर्षों से लकवे से पीड़ित हैं। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी संभालने में किशन का अहम योगदान था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### जिला पदाधिकारी ने राजस्व शाखा के कार्यों की समीक्षा की

**भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आज राजस्व शाखा के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिमार्जन, राजस्व महाअभियान, लंबित मामलों के डिस्पोजल, दाखिल-खारिज सहित विभिन्न राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी महोदय ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों को मिशन मोड में संचालित करते हुए नियमित अनुश्रवण एवं प्रभावी समीक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि राजस्व सेवाएं सीधे आमजनों से जुड़ी हैं, इसलिए आवेदनों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने परिमार्जन, दाखिल-खारिज एवं सहित अन्य कार्यों में तेजी लाने तथा आमजनों को ससमय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता एवं प्रभारी पदाधिकारी, राजस्व शाखा उपस्थित रहे, जबकि सभी अंचल अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे।

## मधुबन में ग्रे वाटर और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर प्रशासन सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के मधुबन में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। मधुबन गेस्ट हाउस में अनुमंडल पदाधिकारी, डुमरी की अध्यक्षता में जैन धर्मशाला, ट्रस्ट और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर ग्रे वाटर मैनेजमेंट और सॉलिड वास्ते मैनेजमेंट की समीक्षा की गई बैठक में प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, धनबाद के क्षेत्र पदाधिकारी ने ग्रे वाटर के उचित प्रबंधन के साथ-साथ गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, संग्रहण एवं निस्तारण की जानकारी दी। संस्थाओं को पर्यावरणीय मानकों और सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया।प्रशासन



ने संस्थाओं से उनके परिसरों में कचरा प्रबंधन और जल निकासी की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी ली। बढ़ती श्रद्धालु एवं पर्यटकों की संख्या को देखते हुए वैज्ञानिक, प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया।संस्थाओं को गीले-सूखे कचरे को अलग रखने, ग्रे वाटर का उचित प्रबंधन करने तथा कचरे का निर्धारित तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में प्रशासन और संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण तैयार करने पर भी जोर दिया गया बैठक में एसडीओ डुमरी, बीडीओ पीरटांड़, सीओ पीरटांड़, प्रदूषण नियंत्रण पर्षद धनबाद के क्षेत्र पदाधिकारी सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अवैध पत्थरों से लदी बोलेरो जब्त, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गावां अवैध खनन और पत्थरों के परिवहन के खिलाफ गावां वन प्रक्षेत्र की टीम ने बुधवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए सफेद बैरल पत्थरों से लदी एक बोलेरो वाहन को जब्त किया है कार्रवाई सहायक वन संरक्षक गावां को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई वन पाल राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सूचना मिली थी कि डोडलखार जंगल के रास्ते अवैध रूप से सफेद बैरल पत्थर लोड कर जामडार की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर गावां-पटना मुख्य मार्ग पर भेलवा के समीप वाहन को पकड़ लिया वन विभाग की कार्रवाई के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर बोलेरो का चालक मौके से फरार हो गया टीम ने वाहन को जब्त कर गावां वन परिसर में लाया अब वन अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है वन विभाग के अनुसार बोलेरो के नंबर के आधार पर वाहन मालिक का पता लगाया जा रहा है साथ ही अवैध खनन और पत्थर परिवहन के इस कारोबार में शामिल अन्य लोगों की पहचान भी की जा रही है वन विभाग ने कहा है कि क्षेत्र में अवैध खनन एवं पत्थरों के अवैध परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी

## कहलगांव पुलिस ने भीषण चोरी कांड का किया उद्भेदन, दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कहलगांव (भागलपुर) ।** जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र के गंगा नगर गली में विगत दिनों एक सूने घर में हुई भीषण चोरी की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। और उनके पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण व नकदी बरामद की है। विगत छः अगस्त को गंगानगर इलाके के गली संख्या - तीन निवासी अनीता देवी (पति स्व. प्रयाग सरकार ) घर में भीषण चोरी की घटना हुई थी। इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के निर्देश और नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी में एक विशेष संयुक्त टीम का गठन किया गया था।

## कटिहार आयोजना क्षेत्र के जीआइएस आधारित मास्टर प्लान की समीक्षा

### नगर आयुक्त संतोष कुमार ने नोडल पदाधिकारी को दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम के कार्यालय कक्ष में नगर आयुक्त संतोष कुमार की अध्यक्षता में नोडल पदाधिकारियों एवं एजेंसी एक्सेल जियोमेटिक प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में कटिहार आयोजना क्षेत्र के जीआइएस आधारित मास्टर प्लान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान मास्टर प्लान से संबंधित विभिन्न प्रगति कार्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने पर जोर दिया गया। नगर आयुक्त श्री कुमार ने संबंधित नोडल पदाधिकारियों एवं एजेंसी के



प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी लाने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्यों को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में मास्टर प्लान से जुड़े कार्यों की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर भी आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर राहुल कुमार, नुर अली खान, इकरा सहित अन्य मौजूद रहे।

## मंडल के विकास को लेकर माहुरी वैश्य मंडल की आमसभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** माहुरी वैश्य मंडल गिरिडीह की ओर से गुरुवार को स्थानीय माहुरी छात्रावास में आमसभा का आयोजन किया गया सभा में समाज के उत्थान संगठन की मजबूती और गिरिडीह मंडल के सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न रचनात्मक प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई कार्यक्रम की शुरूआत जय माँ मथुरासिनी के जयघोष के साथ हुई संचालन राजकुमार चरणपहाड़ी ने किया जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने की सभा में माहुरी वैश्य महामंडल के पदाधिकारियों गिरिडीह मंडल के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे सचिव अजय गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आमसभा में समाज के




विकास को लेकर सदस्यों ने महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक सुझाव दिए हैं उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राप्त सुझावों पर कार्यकारिणी समिति गंभीरता से विचार करेगी और चरणबद्ध तरीके से उनके क्रियान्वयन की दिशा में पहल की जाएगी उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और सक्रिय सहभागिता से संगठन को और मजबूत बनाया जा सकता है कार्यक्रम के अंत में आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों एवं कार्यकताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया मौके पर उमाशंकर चरणपहाड़ी राजेन्द्र तर्वे अशोक गुप्ता प्रभात तर्वे आलोक कुमार मनीष गुप्ता नवीन सेठ नवीन गुप्ता अजीत गुप्ता राजकुमार गुप्ता कंचन एकघरा उदय गुप्ता दिनेश गुप्ता ब्रिजेश गुप्ता संजय भदानी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।



## बिहार सरकार

**निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,**
**–सह–पीठासीन पदाधिकारी, कोर्ट नं0–05,औरंगाबाद**

### अतिआवश्यक सूचना

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब क परिवहन के आरोप में आपके वाहन के जप्त कर अधिहरण हतु समर्पित प्रस्ताव के आलाक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है। वादी नाटिस प्राप्त करन के बावजुद उपस्थित नहीं हुए है जिसके कारण अत्पाद अधिहरण वाद में अग्रेत्तर कारवाई में विलम्ब हो रहा है साथ ही साथ सभी वाहन/भूमि मकान मालिकों को मधनिषेध अधिनियम 2022 की नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र 4 में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन का नवीनतम बीमाकृत मूल्य का 10 प्रतिशत या पाँच लाख के अन्दरपनाल्टी के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख)के तहत भू स्वामी स पपत्र 5 में आपेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भूगतान नर जप्त सिल परिसर को छाडने का प्रावधान है, जिसकी सुनवाई की तिथी 03.09.2026 म निर्धारित की गई है।

अधिहरण हेतु वाहन/भूमि मकान की सूची निम्न प्रकार है:–

| क्र0 स0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड सं0 उत्पाद संख्या | वहन स्वामी/भूमि स्वामी का पूर्ण पता | जब्त वाहन का निबंधन संख्या/भूमि का खाता, प्लौट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाद सं0–98/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 139/26 | सोनु कुमार, पिता–अकलेश राम, ग्राम–धनहारा, पा०–पवई, थाना–मुफ्फसिल, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | प्लसर माटरसाइकिल निबंधन सं0 BR26J-2953 |
| 2 | वाद सं0–58/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 483/25 | रमश चौधरी, पिता–स्व0 विजय चौधरी, ग्राम–गुलजारपुर, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | साईकिल |
| 3 | वाद सं0–110/26 | दाउदनगर थाना काण्ड सख्या 821/25 | धिरज कुमार, पिता–हरेन्द्र प्रसाद, ग्राम–अलहनपुरा, पो0–बिहटा, थाना–बिहटा, जिला–पटना (बिहार) | हिरो स्पलंडर प्लस मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR01FV-6558 |
| 4 | वाद सं0–76 26 | जम्होर सदर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 337/26 | ईश्वर राम, पिता–मुलन राम, ग्राम–पटना के फाटक, दाउदनगर, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | बजाज प्लैटिना मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26T-9278 |
| 5 | वाद सं0–90/26 | जम्होर थाना काण्ड सख्या 63/25 | रविशंकर कुमार, पिता– मदन सिंह, सा0–चईलहन बाबु टोला पो0–चईलहन, थाना–बंजरिया, जिला–पू0 चम्पारण (बिहार) | टी0भी0एस0 अपाची मोटरसाइकिल निबंधन सं0 BR05N-4174 |
| 6 | वाद सं0–108/26 | दाउदनगर थाना काण्ड सख्या 526/25 | सिटू कुमार, पिता–नेमी साव, सा0–नन्हुआ बिगहा ,पा०–शमशर नगर, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | हिरो स्पलेण्डर मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR02AX-2039 |
| 7 | वाद सं0–103/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 79/26 | चॉदनी कुमारी, पिता–कृष्णा यादव, सा0–खैरी, पो0+थाना–रफीगंज, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल निबंधन सं0 BR26U-1254 |
| 8 | वाद सं0–91/26 | मुफ्फसिल थाना काण्ड सख्या 110/26 | गुड्डु कुमार, पिता–जिम्मेदार यादव, ग्राम–कर्मा, पो0–जी खरमा, थाना–मुफ्फसिल, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | हिरो स्पेलेडर मोटरसाइकिल निबंधन सं0–JH03AQ-7112 |
| 9 | वाद सं0–70/26 | जम्होर थाना काण्ड सख्या 23/26 | जयप्रकाश सिंह, पिता–बुद्धनाथ सिंह, ग्राम+थाना–जम्होर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | बजाज प्लैटिना मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26S-6704 |
| 10 | वाद सं0–85/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 12/26 | उमा प्रसाद सानी, पिता–विश्वनाथ प्रसाद, ग्राम–शाहपुर पोखरापुर, थाना–नगर, जिला–औरंगाबाद(बिहार) | बजाज प्लैटिना मोटरसाइकिल निबंधन सं0–BR26S-8352 |
| 11 | वाद सं0–69/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 50 26 | राहुल कुमार, पिता–सत्यन्द सिंह, ग्राम–महदी, पो0–शामेखाप, थाना– ओबरा, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | टी0भी0एस0 अपाची मोटरसाईकिल निबंधन सं0 BR26X-6437 |
| 12 | वाद सं0–81 26 | जम्हार सदर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 1113/25 | अजय कुमार, पिता–शंकरदयाल यादव, ग्राम+पो0–उन्थु, थाना–फेसर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | हिरो स्पलण्डर माटरसाइकल निबंधन सं0–BR26F-4450 |
| 13 | वाद सं0–97 26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 1452/25 | दिनेष राम, पिता–रामचन्द्र राम, ग्राम–काला धनाव, पो0+थाना–नबीनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | टेम्पु निबंधन सं0–BR26PA-4424 |
| 14 | वाद सं0–61/26 | जम्होर सदर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 55/26 | आकाश कुमार, पिता–दिलीप सिंह, ग्राम–कौरिया, पो0–कुन्जवान थाना–बिहटा, जिला–पटना (बिहार) | हिरो स्पलेण्डर मोटरसाइकिल निबंधन सं0–BR01FG-6093 |
| 15 | वाद सं0–57/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 63/26 | प्रमाद कुमार, पिता–रामाशिष सिंह, ग्राम–भगवान बिगहा, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | स्कूटि निबंधन सं0 BR26Z-9358 |
| 16 | वाद सं0–65/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 77/26 | निरंजन कुमार पासवान, पिता–गणश पासवान, ग्राम+पो0–घटराईन, थाना–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | प्याजो टेम्पु निबंधन सं0–BR26A-3306 |
| 17 | वाद सं0–62/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 1372/25 | अनिल कुमार सिंह, पिता–लल्लु यादव, ग्राम–बासखाप, थाना–फेसर, जिला– औरंगाबाद (बिहार) | प्याजो APE टेम्पु निबंधन सं0–BR26H-5169 |
| 18 | वाद सं0–63/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 1336/25 | विकास कुमार, पिता– भोला प्रसाद, ग्राम–मंगल बाजार, थाना–नबीनगर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | अल्टो कार निबंधन सं0–BR01AZ-1053 |
| 19 | वाद सं0–95/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 1406/25 | उपन्द कुमार, पिता– कुश शर्मा, ग्राम–करमा धाव,पा0+थाना–चेरकी, जिला– गया जी (बिहार) | हिरो स्पलेण्डर मोटरसाइकिल निबंधन सं0–BR02AG-7974 |
| 20 | वाद सं0–100/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 79/26 | रणविजय शर्मा, पिता–आदित्य नारयण शर्मा, ग्राम–धनाही, पा0–मौलवीगंज, थाना–पौथु, जिला– औरंगाबाद (बिहार) | टैक्टर निबंधन सं0–BR25A-1563 |
| 21 | वाद सं0–60/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 67/26 | गुमनाम | पैषन प्लस मोटरसाइकिल निबंधन सं0–BR2B-2510 |
| 22 | वाद सं0–55/26 | दाउदनगर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 84/26 | गुमनाम | मारूती सुजूकी 800 कार निबंधन सं0–BR1R-5149 |
| 23 | वाद सं0–112/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 405/26 | गुमनाम | कार निबंधन सं0–BR1AK-5453 |
| 24 | वाद सं0–111/26 | मुफ्फसिल सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 353/26 | गुमनाम | टोटा चचिस निबंधन सं0–OY48GHD1100WTKM2301T3N2099 |
| 25 | वाद सं0–75/26 | फेसर थाना काण्ड संख्या 138/26 | लालजी कुमार, पिता–जितवहन राम, ग्राम–इब्राहिमपुर, एवं दधेष्वर सिंह, पिता– स्व0 सुधन सिंह, ग्रा– पोखराहा, दोनों थाना–फेसर, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | मौजा–इब्राहिमपुर, थाना नं0–601, खाता नं0– 77, प्लॉट नं0–603, रकबा– 55 डी0 एवं मौजा– पाखराहा, थाना नं0–482, खाता नं0– 57, प्लॉट नं0–613, रकबा– 05 डी0 |
| 26 | वाद सं0–107 26 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 24/22 | रवि कुमार पिता– विजेन्द्र यादव, एवं विजेन्द्र यादव, पिता– राम प्रसाद यादव, दोनो ग्राम–तरार, अंचल+थाना–दाउदनगर, जिला– औरंगाबाद (बिहार) | मौजा–तरार, थाना नं0–77, खाता नं0– 571, प्लॉट नं0–2850, रकबा– 38 डी0 भूमि |
| 27 | वाद सं0–106 26 | जम्होर थाना काण्ड संख्या 175/21 | पिन्टु प्रजापति , पिता–हजारी प्रजापति, ग्राम–चित्रगोपी (पछियारी बिगहा), थाना–जम्होर, जिला– औरंगाबाद (बिहार) | मौजा–चित्रगोपी, थाना नं0–275, खाता नं0– 80,प्लॉट नं0–586, रकबा– 02डी0 |
| 28 | वाद सं0–72/26 | मुफ्फसिल थाना काण्ड संख्या 204/24 | विनोद राम , पिता– किशुन राम, ग्राम–भरथौली शरीफ, पो0–दरियापुर, थाना–मुफ्फसिल, जिला–औरंगाबाद (बिहार) | मौजा–भरथौली, थाना नं0–272, खाता नं0–92, प्लॉट नं0–68, रकबा– 02 1/3 डी0 भूमि |
| 29 | वाद सं0–74/26 | फेसर थाना काण्ड संख्या 129/24 | सनोज पासवान , पिता–स्व0 युगल पासवान, ग्राम–महथा, थाना–फेसर, जिला– औरंगाबाद (बिहार) | मौजा–महथा, थाना नं0–505, खाता नं0– 43 ,प्लॉट नं0–148, रकबा– 14x10 वर्ग फिट घर |
| 30 | वाद सं0–73/26 | जम्हार थाना काण्ड संख्या 70/21 | महेन्द्र कुमार, पिता–स्व0 ललन गिरि, ग्राम–पटनवॉ, थाना– जम्होर, जिला–औरंगाबाद(बिहार) | मौजा–पटनवॉ, थाना नं0–274, खाता नं0– 56,प्लॉट नं0–142, रकबा– 01डी0 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपन अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा अपने उपस्थित नही हाने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जायेगा।

**निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण**
**–सह–**
**पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्या0 कोर्ट न0–05, औरंगाबाद**

PR. No. 010302 (Excise) 2026-27

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

# मेंह पुल से भारी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित, वैकल्पिक यातायात व्यवस्था लागू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारूण-नवीनगर पथ के 11वें किमी में ग्राम मेंह के पास सोन उच्चस्तरीय नहर पर स्थित क्षतिग्रस्त उच्चस्तरीय पुल से भारी वाहनों के परिचालन को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। पुल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके तथा आमजनों की सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल-01 द्वारा पुल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दिए जाने के बाद जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने तथा एनटीपीसी एवं बीआरबीसीएल, नवीनगर से निकलने वाले एवं जपला की ओर से आने वाले भारी वाहनों के सुगम एवं निर्बाध आवागमन हेतु निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का प्रभावी अनुपालन



सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार एनटीपीसी एवं बीआरबीसीएल, नवीनगर से निकलने वाले तथा जपला की ओर से आने वाले भारी वाहनों द्वारा नवीनगर-अम्बा-चतरा होते हुए एनएच-2 का उपयोग किया जाएगा। भारी वाहनों का परिचालन मुख्यतः रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक नियंत्रित रूप से कराया जाएगा, ताकि दिन के समय सामान्य यातायात पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और क्षतिग्रस्त मेंह पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः रोका जा सके। रात्रि काल में नवीनगर से औरंगाबाद तथा औरंगाबाद से नवीनगर की ओर आने-जाने वाले हल्के एवं छोटे वाहनों को चतरा मोड़-माली-जयहिन्द-तेंदुआ होते हुए नवीनगर जाने वाले मार्ग से परिचालित कराया जाएगा। बसन बिगहा मोड़ पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक आवश्यकता के अनुसार हल्के एवं छोटे वाहनों को नवीनगर-माली-चतरा मोड़ मार्ग से परिचालित कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा अम्बा चौक के समीप सड़क संकरी होने के कारण संभावित जाम की स्थिति को देखते हुए अंचल अधिकारी, कुटुम्बा एवं थानाध्यक्ष, अम्बा थाना को संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण कर अवैध/अनावश्यक अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा मेंह पुल से भारी वाहनों का परिचालन रोकने एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु बीआरबीसीएल परियोजना, नवीनगर के मुख्य द्वार, एनपीजीसीएल परियोजना, नवीनगर के मुख्य द्वार, मेंह पुल के उत्तरी एवं दक्षिणी छोर, एनटीपीसी खैरा बाजार, सुराए पुल, रेलवे फाटक के प्रथम एवं द्वितीय छोर, तेतरिया मोड़, बसन बिगहा मोड़ सहित कुल 17 प्रमुख स्थलों पर तीनों पालियों में रोस्टर के अनुसार दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि एनटीपीसी एवं बीआरबीसीएल के मुख्य द्वार पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि परियोजना से निकलने वाला कोई भी भारी वाहन प्रातः 07:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक अम्बा मुख्य मार्ग में प्रवेश न करे। इस अवधि में भारी वाहनों को परियोजना परिसर में ही नियंत्रित रखने अथवा निर्धारित वैकल्पिक मार्ग एवं समय के अनुसार परिचालित करने हेतु परियोजना प्रबंधन से समन्वय स्थापित किया जाएगा। नवीनगर रेलवे फाटक के समीप निर्माणाधीन पुल के कारण एक ओर ही सर्विस पुल का निर्माण हुआ है, जिस पर एक समय में केवल एक दिशा से वाहनों का परिचालन संभव है। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि दोनों दिशाओं से वाहनों को नियंत्रित एवं चरणबद्ध तरीके से परिचालित कराएं। एक समय में विपरीत दिशाओं से वाहनों के प्रवेश को रोका जाए तथा रेलवे फाटक के समीप अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। जिलाधिकारी द्वारा पुलिस उपाधीक्षक, यातायात को निर्देश दिया गया है कि नवीनगर की ओर से रात्रि में आने वाले भारी वाहनों के नियंत्रित प्रवेश हेतु अम्बा चौक से नवीनगर जाने वाले मार्ग में बतरे नदी के पास अस्थायी चेकपोस्ट स्थापित करना सुनिश्चित करें। चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल, अम्बा चौक पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भारी वाहनों को चरणबद्ध एवं नियंत्रित तरीके से आगे बढ़ाएंगे, ताकि एक साथ अधिक वाहनों के प्रवेश से जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी द्वारा मेंह पुल के उत्तरी एवं दक्षिणी छोर पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उक्त क्षतिग्रस्त पुल से भारी वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहे। अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर यातायात व्यवस्था की सतत निगरानी करेंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर आपस में समन्वय स्थापित कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करेंगे। जिलाधिकारी ने आमजनों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि क्षतिग्रस्त पुल की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें तथा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करें।

## इवीएम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : अभिलाषा शर्मा





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से प्रखण्ड परिसर अंतर्गत अवस्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखे गए ईवीएम एवं वीवीपैट के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा संधारित अभिलेखों की गहन जाँच की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मशीनों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जायेगी। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली एवं संबंधित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## समय पर सजा मिलने से कानून के प्रति विश्वास होगा मजबूत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के द्वारा लोक, विशेष, मुख्य, अपर मुख्य अभियोजकों एवं अभियोजन शाखा प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की गई, जिसमें साक्ष्य पूर्ण वाले मामलों के त्वरित निस्तारण और अपराधियों को शीघ्र दंड दिलाने हेतु पुलिस-अभियोजन समन्वय मजबूत करने तथा कानूनी बाधाओं को दूर करने का निर्देश दिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करना और पीड़ित पक्षों को समय पर न्याय दिलाना है। बैठक के दौरान विभिन्न कांडों की प्रगति, न्यायालय में चल रहे मामलों, साक्ष्यों की स्थिति तथा अभियोजन से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों को समय पर सजा मिलना कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ-साथ समाज में कानून के प्रति विश्वास मजबूत करने के लिए भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण से पीड़ित पक्षों को भी समय पर न्याय मिल सकेगा। एसपी ने सभी संबंधित अधिकारियों को गंभीरता और तत्परता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक का उद्देश्य लंबित आपराधिक मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के साथ अभियोजन की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाना रहा।

## अनुग्रह अनुदान की राशि का मिला चेक

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पानी डूबने से दो मृतकों के आश्रितों को डीएम अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार 24 घंटे के भीतर अनुग्रह अनुदान की राशि का चेक प्रदान किया गया। देव अंचल क्षेत्र अंतर्गत खड़िहा टोला गांव निवासी मनीष कुमार की 20 अगस्त को अदरी नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। मृतक के पिता युगल भुइयाँ को अंचलाधिकारी देव द्वारा अनुग्रह अनुदान की राशि का चेक प्रदान किया गया। वहीं रफीगंज अंचल के कस्मा थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर बिगहा निवासी पिंटू कुमार की 20 अगस्त को डूबने से मृत्यु हो गई थी। उनकी आश्रित माता रेशमी देवी को अंचलाधिकारी रफीगंज द्वारा नियमानुसार अनुग्रह अनुदान की राशि का चेक प्रदान किया गया।

## उद्यमिता केवल रोजगार का माध्यम नहीं बल्कि रोजगार सृजन का सशक्त उपकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, औरंगाबाद के स्टार्टअप सेल द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर स्केल-अप एवं मार्केट एक्सेस' विषय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं नवोदित उद्यमियों को उद्यमिता, नवाचार, बाजार तक पहुंच एवं स्टार्टअप विस्तार के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि, जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी), औरंगाबाद के महाप्रबंधक संजीव कुमार, स्टार्टअप सेल इंचार्ज प्रो. आनंद राज, कोऑर्डिनेटर आनंद कुमार





तथा विभिन्न सफल स्टार्टअप संस्थापकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने स्वागत संबोधन में प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने कहा कि आज के युग में उद्यमिता केवल रोजगार प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि रोजगार सृजन का सशक्त उपकरण बन चुकी है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार आधारित सोच विकसित करने तथा स्टार्टअप संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया। जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक संजीव कुमार ने बिहार सरकार एवं उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि युवाओं को सरकारी सहायता एवं प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने विचारों को सफल उद्यम में परिवर्तित करना चाहिए। स्टार्टअप सेल इन्चार्ज प्रो. आनंद राज ने अपने संबोधन में कॉलेज की स्टार्टअप गतिविधियों, उपलब्धियों एवं बिहार स्टार्टअप नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों को उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, औरंगाबाद का स्टार्टअप सेल निरंतर छात्रों को नवाचार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहा है और आने वाले समय में अधिक से अधिक स्टूडेंट स्टार्टअप्स को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखता है। कार्यक्रम का संचालन स्टार्टअप सेल की टीम द्वारा किया गया तथा इसमें महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों, स्टार्टअप उत्साही युवाओं एवं उद्यमिता में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

यह कार्यक्रम युवाओं में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने, उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच सेतु निर्माण करने तथा 'स्टार्ट लोकल, स्केल ग्लोबल' की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

## प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण हो निष्पादन

### डीएम का जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

## आरा जंक्शन से युवक गिरफ्तार, शादी का सपना दिखा युवती से धोखाधड़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शादी का सपना दिखाकर एक युवती से धोखाधड़ी करने वाले युवक को महिला थाना की पुलिस ने आरा जंक्शन से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर नाला रोड जेड चौक के रहने वाले राजवीर सिंह उर्फ सागर के रूप में की गई है। वहीं युवती औरंगाबाद शहर की रहने वाली है। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी करने का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए, लेकिन बाद में किसी और से शादी कर ली। घटना सामने आने के बाद युवती ने महिला थाना में 7 मई 2026 को शिकायत की और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता का कहना है कि जिस युवक पर उसने विश्वास किया और जिसके साथ अपने भविष्य के सपने देखे, उसी ने उसे बीच रास्ते में छोड़ दिया। इस घटना के बाद युवती मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगी और न्याय की उम्मीद लेकर पुलिस के पास पहुंची है। महिला थानाध्यक्ष अंजली कुमारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की, और त्वरित कार्रवाई करते हुए दिल्ली से आरा आने के क्रम में आरा जंक्शन से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शादी का सपना दिखाकर युवती से धोखाधड़ी और अवैध शारीरिक संबंध बनाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। यह काफी दिनों से फरार चल रहा था। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर कड़ी मशक्कत के बाद आरा जंक्शन से गिरफ्तार किया गया। युवती का आरोप है कि युवक ने उसके भरोसे का फायदा उठाया और उसे लगातार शादी का आश्वासन देता रहा। पीड़िता के अनुसार, युवक ने उसे झूठे वादों में उलझाए रखा और अंत में उसके साथ विश्वासघात किया।

### युवतियों को सतर्क रहने की जरूरत

इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा किया है कि किसी भी व्यक्ति पर विश्वास करने से पहले उसकी पूरी जानकारी जुटाना कितना जरूरी है। पीड़िता के लिए यह घटना केवल कानूनी मामला नहीं है, बल्कि भावनात्मक आघात भी है। किसी पर विश्वास करने के बाद जब वही व्यक्ति धोखा देता है तो इसका असर मानसिक स्थिति पर भी पड़ता है।

## पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में 37 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 22 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पोक्सो में एक, हत्या के प्रयास में छह, मद्य निषेध अधिनियम के तहत पांच तथा अन्य मामलों में 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। इस दौरान 246 लीटर देसी शराब एवं तीन बाइक बरामद किया गया है। वहीं वाहन जांच अभियान के तहत 630 वाहनों की जांच की गई जिसमें 50500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 16 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप 136496 रूपये रिकवरी किये गए है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक ने सुनी 27 लोगों की समस्याएं

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा द्वारा सबका सम्मान जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 27 आगंतुकों ने अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने जमीन विवाद, आपसी मारपीट, साइबर ठगी, पुलिस कार्रवाई में विलंब समेत कई प्रकार की समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने सभी आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और हर मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। मौके पर मौजूद संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे प्राप्त शिकायतों की जांच कर जल्द निबटारा करें।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbiharitime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## करंट से युवक की मौत

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत करंट से 42 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। घटना नवीनगर थाना क्षेत्र के चंद्रगढ़ गांव की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, धान की फसल पटवन के लिए, जयप्रकाश विद्युत मोटर स्टार्ट करने गए थे। इसी क्रम में वे विद्युत करंट की चपेट में आ गए और बुरी तरह झुलस गए। इसके बाद परिजन व स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में रेफरल अस्पताल नवीनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद जयप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक के दो छोटे बच्चे हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षिका की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओबरा।** बारुण प्रखंड के मध्य विद्यालय भूआपुर के सहायक शिक्षिका संध्या यादव की ओबरा थाने की खरांटी पुल पर अज्ञात वाहन से कुचल कर शुक्रवार की शाम मौत हो गई। बताया जाता है कि शिक्षिका उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थी। शिक्षिका यूपी वाराणसी चौबेपुर थाना की बताई गई है। शिक्षिका की मौत किस वाहन से हुई किसी को पता नहीं चल सका। परंतु धक्का लगने के समय उसे किसी ने नहीं देखा। जबकि टक्कर के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गई। ग्रामीणों ने सड़क पर गिरी शिक्षिका को देख पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों ने महिला को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना को लेकर मध्य विद्यालय भरूब के प्रधानाध्यापक नागेंद्र सिंह, शिक्षक नेता अजीत सिंह ने जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। स्थानीय लोगों की माने तो आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं से स्थानीय लोगों में चिंता का विषय बना हुआ है। लोग सड़क चौड़ीकरण की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार के अनसुने से यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि मृतक शिक्षिका ने एक साल पहले विद्यालय में योगदान दिया था और ओबरा में किराए के मकान में रहती थी। प्रतिदिन स्कूटी से विद्यालय आती जाती थी। थानाध्यक्ष नीतिश कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक शिक्षिका की मौत हुई है। आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से इकलौते बेटे की मौत

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 30 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरा जख्मी हो गया। घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के खड़वा मोड़ की है। मृतक की पहचान परोरा निवासी सुरेंद्र शर्मा के पुत्र राजू शर्मा के रूप में की गई है। वहीं जख्मी की पहचान धनंजय शर्मा के रूप में की गई है जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की देर शाम राजू शर्मा रफीगंज से मजदूरी कर घर लौट रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार राजू और धनंजय को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से राजू और धनंजय को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने राजू को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलते ही पिता सुरेंद्र शर्मा का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर अस्पताल पहुंचे जिला पार्षद शंकर यादव ने बताया कि मृतक राजू की मां का 10 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। पिता पूजा-पाठ में लगे रहते हैं और मौन धारण किये रहते है।

## झाड़ी से 240 लीटर स्पिरिट बरामद

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप सलैया थाना की पुलिस ने स्पिरिट धंधेबाजों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 240 लीटर स्पिरिट बरामद की है। जबकि कार्रवाई की भनक पाकर तस्कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने यह करवाई थाना क्षेत्र के बासा बिगहा से चेई जाने वाली सड़क के किनारे झाड़ियों में की गई जहां छह गैलन में करीब 240 लीटर स्पिरिट जब्त की। थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सड़क किनारे झाड़ियों में भारी मात्रा में स्पिरिट छिपाकर रखी गई है। इसका इस्तेमाल शराब निर्माण और तस्करी के लिए किए जाने की आशंका थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। तलाशी के दौरान झाड़ियों में छिपाकर रखे छह गैलन बरामद हुए, जिनमें स्पिरिट भरी थी। पुलिस ने सभी गैलनों को जब्त कर लिया।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** कन्या उच्च विद्यालय ओबरा में वाद विवाद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार सिन्हा एवं पूर्व समिति सदस्य रविंद्र नाथ टैगोर ने सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार सिन्हा ने कहा कि छात्रों को सम्मान देने से उनकी प्रतिभा निखरती है। साथ ही उसे कुछ करने की तमन्ना जागृत होती है। इस समारोह के मौके पर कलाकारों द्वारा गीत संगीत की भजन की प्रस्तुति देकर छात्रों को मनमोह लिया। विभिन्न प्रकार के गीत संगीत एवं मनमोहक झांकियां को देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। इस मौके पर शिक्षक शशि कुमार एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रही। साथ ही नशा मुक्ति अभियान पर भी चर्चा की गई और नशा मुक्ति एवम स्वच्छ समाज बनाने को संकल्प दिलाया गया।